नई दिल्ली
मंगलवार 02 सितंबर 2025
भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष
दशमी, वर्ष : 29, अंक : 139
पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00


मौसम
अधि. 32
न्यून. 27


# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




## पूर्वी अफगानिस्तान में रात 11:47 बजे 6.0 तीव्रता का भूकंप

# कई जिंदगियां मिट्टी में दफन

## गांव के गांव बर्बाद, कम से कम 800 लोगों की मौत, 2500 घायल

*भूकंप का केंद्र नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से 27 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व में था*

*यह महज आठ किलोमीटर की गहराई में था, कम तीव्रता वाले भूकंप ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं*

एजेंसी ▶▶ काबुल

पूर्वी अफगानिस्तान में आए एक शक्तिशाली भूकंप में लगभग 800 लोगों की मौत हो गई। अब तक 2,500 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। रविवार देर रात 6.0 तीव्रता का भूकंप नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर के पास कुनार प्रांत के कई कस्बों में आया, जिससे भारी नुकसान हुआ।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, रात 11:47 बजे आए भूकंप का केंद्र नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से 27 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व में था। इसकी गहराई महज 8 किलोमीटर थी। कम ▶▶ शेष पेज 5 पर



### पूरा गांव ही मलबे के नीचे दबा

कुनार के सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में से एक नूरगल जिले के एक निवासी ने बताया कि लगभग पूरा गांव ही तबाह हो गया है। बच्चे मलबे के नीचे हैं। बुजुर्ग मलबे के नीचे हैं। युवा मलबे के नीचे हैं। हमें मदद की जरूरत है। हमें लोगों की जरूरत है, जो यहां आकर हमारी मदद करें। कोई भी ऐसा नहीं है, जो आकर मलबे के नीचे से शवों को निकाल सके।

### अफगानिस्तान में भूकंप से हुए जानमाल के नुकसान पर पीएम ने जताया शोक

## भारत ने बढ़ाया मदद का हाथ भेजी 15 टन खाद्य सामग्री

- पीएम ने ये भी कहा कि हम प्रभावितों को हर संभव सहायता और राहत देने के लिए तत्पर हैं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अफगानिस्तान में आए 6.3 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप में कुल करीब 800 लोगों की मौत हो गई है। जबकि घायलों का आंकड़ा ढाई हजार के पार पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। भारत ने इस महा-प्राकृतिक आपदा के बीच अफगानिस्तान की तरफ मदद का हाथ बढ़ाया है। इन सबके बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट के जरिए अफगानिस्तान में आए भूकंप में हुए जानमाल के नुकसान को लेकर गहरा दुख जताते हुए शोक व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। हम घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। पीएम ने ये भी कहा कि हम भूकंप प्रभावित लोगों को हर संभव मानवीय सहायता और राहत प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।



### घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की

*विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने एक्स पोस्ट में बताया कि सोमवार को अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी से बात की है। जिसमें भूकंप में हुए जानमाल के नुकसान को लेकर अपनी संवेदना जताई। मैंने उनसे कहा कि इस मुश्किल वक्त में, मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। भारत, अफगानिस्तान के साथ खड़ा है। विदेश मंत्री ने ये भी कहा कि मुझे बताया गया कि भारत ने आज काबुल में 1 हजार टेंट पहुंचाए हैं। जबकि भारतीय मिशन द्वारा काबुल से कुनार तक 15 टन खाद्य सामग्री भी तुरंत पहुंचाई जा रही है। आज (मंगलवार) से भारत से और राहत सामग्री अफगानिस्तान भेजी जाएगी।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### टीसीए कल्याणी ने सीजीए का संभाला पद


**नई दिल्ली।** आईसीएएस अधिकारी टीसीए कल्याणी ने सोमवार को महालेखा नियंत्रक (सीजीए) का पदभार ग्रहण किया। वित्त मंत्रालय में इस पद को संभालने वाली वह 29वीं अधिकारी हैं।



वह रक्षा, दूरसंचार, वित्त, सामाजिक न्याय, गृह मंत्रालय सहित कई मंत्रालयों में काम किया। अपने पूरे कार्यकाल में कल्याणी ने कई प्रमुख मंत्रालयों में कार्य किया।

### सेमीकॉन इंडिया का उद्घाटन आज

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार को सुबह 10 बजे नई दिल्ली के यशोभूमि में 'सेमीकॉन इंडिया 2025 का उद्घाटन करेंगे। इसका उद्देश्य भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को उत्प्रेरित करना है। प्रधानमंत्री 3 सितंबर को सुबह लगभग 9:30 बजे से भी इस सीईओ गोलमेज सम्मेलन में भाग लेंगे।



### पहली बार यूपीआई लेनदेन 20 अरब के पार

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने यूपीआई को लेकर आंकड़ा जारी किया है। इसमें कहा कि यूपीआई ने अपने इतिहास में पहली बार 20 अरब लेनदेन का आकंड़ा पार किया है। यूपीआई ने अगस्त के दौरान 24.85 लाख करोड़ रुपए के लेनदेन दर्ज किए। जो पिछले वर्ष की तुलना में 24 प्रतिशत अधिक है।



### एससीओ देशों ने संयुक्त घोषणापत्र में की पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा

# आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता से लड़ाई के लिए एससीओ देशों ने जताई प्रतिबद्धता



- एससीओ की भावी अध्यक्षता के लिए किर्गिस्तान के राष्ट्रपति जपारोव को पीएम ने दी शुभकामनाएं
- संपन्न हुआ प्रधानमंत्री का चीन दौरा, स्वदेश लौटे


हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन में हुआ शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों का 25 वां शिखर सम्मेलन सोमवार को सफलता के साथ संपन्न हो गया है। लेकिन इसके परिणाम दस्तावेज यानी 'तियानजिन संयुक्त घोषणापत्र' को अगर भारत की बड़ी कूटनीतिक कामयाबी के रूप में परिभाषित किया जाए। तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि एससीओ के संयुक्त घोषणापत्र में न केवल 22 अप्रैल 2025 ▶▶ शेष पेज 5 पर

*भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत...*

पाकिस्तान को पीएम मोदी की खरी-खरी, आतंकवाद पर कुछ देशों का समर्थन कैसे स्वीकार्य हो? मामले पर कोई दोहरे मापदंड स्वीकार्य नहीं होंगे

प्रधानमंत्री ने की शहबाज शरीफ की सार्वजनिक अनदेखी, दोनों के बीच नहीं हुआ कोई संपर्क



### मोदी ने शहबाज को जमकर धोया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्मेलन में दिए अपने संबोधन में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की मौजूदगी में न केवल पूरी मजबूती के साथ आतंकवाद का मुद्दा उठाया। बल्कि शहबाज शरीफ को पहलगाम हमले को लेकर जमकर खरी-खोटी भी सुनाई। उन्होंने आतंकी हमले की इस घटना को आतंकवाद का सबसे घिनौना रूप करार दिया और दुख की इस घड़ी में भारत के साथ खड़े रहने वाले मित्र देशों के प्रति आभार जताया। साथ ही कहा, पहलगाम हमला भारत की अंतरात्मा पर ही आघात नहीं था। बल्कि ये मानवता में विश्वास रखने वाले प्रत्येक देश, व्यक्ति को खुली चुनौती के समान था। आतंकवाद किसी देश की सुरक्षा नहीं बल्कि पूरी मानवता के खिलाफ एक साझा चुनौती है। जिससे यह सवाल उठना लाजिमी है क्या कुछ देशों द्वारा खुलेआम आतंकवाद का समर्थन हमें स्वीकार हो सकता है? हमें स्पष्ट रूप से एक स्वर में यह कहना होगा कि आतंकवाद पर कोई दोहरे मापदंड स्वीकार्य नहीं होंगे। समूह देशों को हर रंग, रूप में आतंकवाद का विरोध करना होगा। यह मानवता के प्रति हमारा दायित्व है। प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी हालांकि पाकिस्तान का नाम लिए हुए बगैर की।

### पहलगाम हमले में मारे गए थे 26 लोग

गौरतलब है कि पूर्व में एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक के अंत में जारी किए जाने वाले दस्तावेज में पहलगाम हमले का जिक्र नहीं किया गया था। जिससे नाराज होकर भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया था। नई दिल्ली के इंकार के बाद यह दस्तावेज जारी नहीं किया जा सका। वहीं, पहलगाम हमले में आतंकियों ने कुल 26 निर्दोष लोगों की उनका धर्म पूछकर हत्या कर दी थी। जिसमें भारत के 25 और 1 नेपाल का रहने वाला नागरिक था। हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तैयबा के छद्म आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी। भारत ने पहलगाम का करारा जवाब ऑपरेशन सिंदूर के जरिए देते हुए पाकिस्तान और पीओके में मौजूद 100 से अधिक आतंकियों को मौत के घाट उतार कर दिया था। 10 मई से भारत-पाकिस्तान के बीच सीमा पर संघर्षविराम लागू है।

### कनेक्टिविटी, अवसर का महत्व

*उन्होंने कहा कि देश की सोच के दूसरे स्तंभ कनेक्टिविटी है। जिस पर हमारा मानना है कि मजबूत कनेक्टिविटी से केवल व्यापार ही नहीं बल्कि विश्वास, विकास के भी द्वार खुलते हैं। जिसके चलते हम चाबहार पोर्ट, आईएनएसटी गलियारे पर काम कर रहे हैं। यह अफगानिस्तान और मध्य एशिया के साथ संपर्क बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस स्तंभ के हर प्रयास में संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए। क्योंकि बिना विश्वास के साथ सार्थकता घटती है। एससीओ चार्टर के मूल सिद्धांत भी यही कहते हैं। अवसर का संबंध सहयोग-सुधार के अवसरों से है। 2023 में भारत की अध्यक्षता में स्टार्टअप, नवाचार जैसे कई नए विषयों में सहयोग जोड़ा गया था। भारत की कोशिश इसे एससीओ देशों की सरकारों के स्तर तक ले जाने की थी। लोगों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने के लिए मैं समूह के तहत सभ्यताकालीन संवाद फोरम के गठन का सुझाव देता हूं।*

### यूएन में करें सुधारों का आह्वान

*पीएम ने कहा कि भारत सुधार, प्रदर्शन और बदलाव के मूलमंत्र पर आगे बढ़ रहा है। समूह भी समय के हिसाब से तब्दील हो रहा है। संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी, साइबर सुरक्षा की समकालीन चुनौतियों से पार पाने के लिए 4 नए केंद्र बनाए जा रहे हैं। भारत सुधारों वाली इस सोच का स्वागत करता है। वैश्विक संस्थानों में सुधारों के लिए एससीओ सदस्य सहयोग मजबूत बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की 80 वीं वर्षगांठ के मौके पर एससीओ देश एकजुटता से यूएन में सुधार का आह्वान कर सकते हैं। भारत ने कोरोना, अंतरराष्ट्रीय आर्थिक अस्थिरता सहित हर चुनौती को अवसर में बदलने का प्रयास किया है। बड़े सुधारों पर हमारा ध्यान है। क्योंकि इसी से देश में विकास व अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए नए अवसर खुल रहे हैं। मैं भारत की विकास यात्रा में जुड़ने के लिए एससीओ को आमंत्रित करता हूं।*

### एससीओ सम्मेलन स्थल से एक कार में निकले दोनों नेता बिताए 45 मिनट, फिर होटल में घंटे भर तक चली वार्ता

## जब पुतिन ने जताई पीएम मोदी संग अलग जगह पर बैठक करने की इच्छा





- चीन से आई भारत-रूस के शीर्ष नेताओं की तस्वीरों ने ढाया सोशल मीडिया पर कहर, तेजी से हुईं वायरल
- बैठक में बोले मोदी, कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी भारत और रूस हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर चले हैं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मास्को से कच्चे तेल की खरीद पर नाराज अमेरिका द्वारा नई दिल्ली पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की चुनौती के बीच तियानजिन में सोमवार को संपन्न हुए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में आकर्षण का केंद्र बने समूह के तीन सदस्य देशों भारत, चीन और रूस के शीर्ष नेता। तीनों की एक साथ बेहद आत्मीयता और प्रसन्नता से बातचीत करती हुई तस्वीर भी सोशल मीडिया पर सामने आई। जिसमें मोदी, ▶▶ शेष पेज 5 पर

### तियानजिन में मोदी-जिनपिंग-पुतिन की दोस्ती देख तमतमाए ट्रंप बोले

## भारत और अमेरिका के बीच व्यापार 'एकतरफा'-'त्रासदी' है

- भारत ने हालांकि टैरिफ को शून्य करने की पेशकश की है। लेकिन अब बहुत देर हो चुकी है



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हुईं द्विपक्षीय बैठकों से ऐसा जान पड़ता है कि इन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति की रातों की ▶▶ शेष पेज 5 पर

### चांदी में भी रिकॉर्ड उछाल

## सोना पहली बार 1.05 लाख रु. के पार पहुंचा



**भू-राजनैतिक तनाव के चलते गोल्ड को सपोर्ट**

**सोना 1 लाख 8 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में सोने और चांदी की कीमतें रॉकेट की रफ्तार से बढ़ रही है। एमसीएक्स पर गोल्ड रेट ने अपने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए है। एक सितंबर को सोना और चांदी अपने आलटाइम हाई पर पहुंच गए है।

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोमवार को सोना 2,404 रुपए बढ़कर 1,04,792 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 1,02,388 रुपए पर था। वहीं चांदी की कीमत 5,678 रुपए बढ़कर 1,23,250 ▶▶ शेष पेज 5 पर

### अगस्त में जीएसटी कलेक्शन 6.5% बढ़ा

## सरकार को 1.86 लाख करोड़ रु. की हुई कमाई

**जीएसटी रिफंड 20% घटकर 19,359 करोड़ पर आ गया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े सोमवार को सामने आए हैं। पिछले साल अगस्त 2024 के जीएसटी कलेक्शन 1.75 लाख करोड़ रुपए था लेकिन अगस्त 2025 में यह आंकड़ा 1.86 लाख करोड़ रुपए रहा, जो लगभग 6.5% अधिक है। 1 सितंबर को जारी आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त 2025 में भारत का जीएसटी कलेक्शन 1,86,315 करोड़ रुपए रहा। यह जुलाई की तुलना में करीब 6.5% ज़्यादा है, जो टैक्स कलेक्शन में लगातार सुधार दिखाता है। वहीं जुलाई 2025 में जीएसटी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने कृषि क्षेत्र समीक्षा, राज्यों में हो रही बारिश की जानकारी

## पंजाब के किसान चिंता नहीं करें, केंद्र बाढ़ प्रभावित किसानों के साथः शिवराज

- शिवराज सिंह पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जल्द दौरा करेंगे
- किसानों के व्यापक हित में 'इंटीग्रेटेड फार्मिंग मॉडल' के लिए दिशा-निर्देश दिए



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को नई दिल्ली में बैठक कर कृषि क्षेत्र की देशभर की स्थिति की समीक्षा की। उच्चस्तरीय बैठक में शिवराज सिंह ने विभिन्न राज्यों में हो रही बारिश की जानकारी ली। उन्होंने पंजाब के कुछ इलाकों में आई बाढ़ व फसलों पर इसके असर के बारे विस्तारपूर्वक अधिकारियों से चर्चा भी की। उन्होंने कहा कि पंजाब के किसान भाई-बहन बिल्कुल चिंता नहीं करें, केंद्र सरकार प्राकृतिक आपदा की इस घड़ी में प्रभावित किसानों के साथ खड़ी हैं। चौहान ने कहा कि वे आगामी दिनों में पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लेंगे और मौके पर पीड़ित किसानों से भी मिलकर उनकी हरसंभव मदद की कोशिश करेंगे। बैठक में केंद्रीय कृषि सचिव डॉ. देवेश ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आईसीसी ने किया बड़ा ऐलान

## ओडीआई वर्ल्ड कप इनामी राशि में चार गुना वृद्धि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईसीसी ने एक दिवसीय क्रिकेट वर्ल्ड कप में एक बड़ा कदम उठाया है, जो पहले कभी देखने को नहीं मिला था। भारत में होने वाले महिला वर्ल्ड कप की इनामी राशि में भारी वृद्धि देखने को मिली है। करोड़ों की रकम में होने वाली इस इनामी राशि में बड़ा बदलाव किया गया है।साल 2022 में हुए महिला वर्ल्ड कप से यह रकम चार गुना ज्यादा है। कुल इनामी राशि 13.88 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 115 करोड़ रुपए) तय की गई है। आईसीसी का यह एक ऐतिहासिक कदम माना जा सकता है। साल 2023 में भारत में पुरुष वर्ल्ड कप हुआ था, उस समय की रकम भी कम थी। उस दौरान इनामी राशि 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर थी, अभी के हिसाब से ▶▶ शेष पेज 5 पर



### राहुल गांधी की पदयात्रा और जनसभा का हुआ समापन

## पदयात्रा के समापन पर पटना में हाइड्रोजन बम फोड़ गए राहुल, दिल्ली तक कयासों के बाजार गरम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' सोमवार को पटना में भव्य पदयात्रा और जनसभा के साथ समाप्त हुई। यह यात्रा 16 दिनों तक चली और इस दौरान राहुल गांधी ने बिहार के 22 जिलों, 110 विधानसभा क्षेत्रों को कवर करते हुए लगभग 1,300 किलोमीटर की दूरी तय की। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### राजनीतिक महत्व

*विश्लेषकों का मानना है कि इस यात्रा ने कांग्रेस की जमीनी उपस्थिति को मजबूत किया है। ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में पार्टी की सक्रियता ने महागठबंधन में कांग्रेस की बार्गेनिंग पावर बढ़ा दी है। माना जा रहा है कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में यह यात्रा कांग्रेस को अधिक राजनीतिक लाभ दिला सकती है। तेजी से बढ़ रहे प्रशांत किशोर के कदम को चेक एंड बैलेंस मिलेगा।*

### 16 दिन, 22 जिले, 110 विधानसभा क्षेत्र और 1300 किमी नापा

- *गांधी मैदान से डाकबंगला चौराहा तक हुआ पदयात्रा मार्च, प्रशासन ने आंबेडकर पार्क तक जाने की अनुमति नहीं दी।*
- *राहुल गांधी ने भाजपा और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा- "मतदाता अधिकार छीने जा रहे हैं।"*
- *तेजस्वी यादव ने कहा-"बिहार की जनता लोकतंत्र की हत्या करने वालों को करारा जवाब देगी।"*
- *कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चेताया-"मोदी-शाह आपको डुबा देंगे, सतर्क रहिए।"*
- *राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, इस यात्रा से कांग्रेस की जमीनी पकड़ और महागठबंधन में दवाब क्षमता बढ़ी।*

### राहुल के हाइड्रोजन बम पर, भाजपा ने एटम बम को बताया फुस्स

## राहुल गांधी को जब भी सुनता हूं, तो उनकी बात को समझने के लिए मुझे कई प्रकार के एंटीना को खोलना पड़ता हैः रविशंकर

*हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली। भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हाइड्रोजन बम वाले बयान पर कहा है कि कर्नाटक का एटम बम फुस्स हो गया, वह तो दिवाली का छोटा पटाखा भी नहीं निकला। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राहुल गांधी को जब भी सुनता हूं, तो उनकी बात को समझने के लिए मुझे कई प्रकार के एंटीना को खोलना पड़ता है। आज राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने एटम बम फोड़ा है, अब हाइड्रोजन बम फोड़ेंगे। राहुल गांधी जी इतना अपने आप को हल्का क्यों बना रहे हैं, आप विपक्ष के नेता के पद पर हैं, इसकी गरिमा होती है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी इस बात का जवाब दें कि वो एफेडेविट से क्यों भाग रहे हैं? राफेल, पेगासस से लेकर हर मामले में उन्होंने झूठ बोलने का काम किया। राहुल गांधी किसी भी संवैधानिक संस्था को बदनाम करने से बाज नहीं आए हैं। इनका काम है सिर्फ झूठ फैलाना। कांग्रेस के लोगों ने मोदी जी की स्वर्गवासी मां को अपशब्द कहे, लेकिन राहुल गांधी एक शब्द नहीं बोले। क्योंकि राहुल गांधी में अहंकार है और नफरत है कि मोदी जी जिस गद्दी पर बैठे हैं उस गद्दी को राहुल गांधी अपनी जागीर समझते हैं। तो राहुल गांधी सुन लें, अब जनता वोट से आशीर्वाद देती है। प्रसाद ने आगे कहा, कि याद है ना कि आप मोहब्बत की दुकान लेकर चले थे, जिसमें कितनी नफरत परोसी थी। गाड़ी में जब घूमते हैं तो राहुल आगे, तेजस्वी पीछे और अखिलेश भी पीछे थे। मीसा राहुल की यात्रा में दिखाई नहीं दी। तो क्या राहुल गांधी ने* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### हथिनीकुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण यमुना का जलस्तर पहुंचा 205 मीटर

# राजधानी में लगातार बढ़ रहा यमुना का जलस्तर निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और मंगलवार शाम तक इसके 206 मीटर के स्तर तक पहुंचने का अनुमान है, जिसके मद्देनजर प्राधिकारियों ने बाढ़ क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों की ओर जाने की सलाह दी है। हथिनीकुंड बैराज से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण सोमवार अपराह्न 12 बजे पुराने रेलवे पुल (ओआरबी) पर यमुना का जलस्तर 205 मीटर तक पहुंच गया। दिल्ली के लिए चेतावनी का निशान 204.50 मीटर और खतरे का निशान 205.33 मीटर है और जलस्तर 206 मीटर पहुंचने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना शुरू कर दिया जाता है। दिल्ली के छह जिलों के निचले इलाकों में लगभग 15,000 लोग रहते हैं, जबकि लगभग 5,000 लोग बाढ़ क्षेत्र में रहते हैं। पुराना रेलवे पुल नदी के प्रवाह और संभावित बाढ़ के खतरों पर नज़र रखने के लिए एक प्रमुख अवलोकन बिंदु के रूप में कार्य करता है। यहां जारी बाढ़ चेतावनी में कहा गया है कि चूंकि ओआरबी में जल स्तर खतरे के निशान को पार कर सकता है और 206.50 मीटर तक पहुंचने का अनुमान है, इसलिए सभी अधिकारियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी रखें और संवेदनशील स्थानों पर आवश्यक कार्रवाई करें। इसमें कहा गया है, नदी के तटबंधों के भीतर रहने वाले लोगों को आगाह किया जाना चाहिए और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। इसमें चेतावनी दी गई है कि हथिनीकुंड बैराज से छोड़े जा रहे पानी की मात्रा और ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में भारी वर्षा को देखते हुए यह सूचित किया जाता है कि दो सितंबर को शाम पांच से आठ बजे के बीच दिल्ली रेलवे ब्रिज पर जल स्तर 206 मीटर को पार कर सकता है। सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अनुसार, बाढ़ की चेतावनी जारी होने के समय हथिनीकुंड बैराज से सुबह नौ बजे 3,29,313 क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जबकि वजीराबाद बैराज से लगभग 38,900 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। दिल्ली के संभागीय आयुक्त नीरज सेमवाल ने कहा कि अगले कुछ दिनों में बैराजों से तीन लाख क्यूसेक से ज़्यादा पानी छोड़े जाने की उम्मीद है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि हमने संबंधित क्षेत्रों के जिलाधिकारियों को जरूरी तैयारियों के बारे में सूचित कर दिया है। हमने उन्हें भोजन, बिजली और राहत शिविरों से जुड़ी तैयारियों के बारे में सूचित कर दिया है। जिलाधिकारियों द्वारा स्थिति पर नज़र रखी जा रही है। सेमवाल ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि नदी का जलस्तर 206 मीटर को पार कर जाएगा तथा उसके बाद पानी कम होना शुरू होगा। उन्होंने कहा कि अगर जलस्तर और बढ़ता है तो हम तैयार हैं। हम ओखला बैराज से पानी के बहाव पर नज़र रख रहे हैं। अगर पानी बहता रहा, तो संतुलन बना रहेगा।

### कोई खतरा नहीं, बाढ़ सिर्फ डूब क्षेत्रों तक सीमित रहेगी : सीएम

नई दिल्ली। हथिनी कुंड बैराज से दो लाख 61 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद यमुना में बाढ़ के संभावित खतरे को देखते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार और बाढ़ से जुड़े संबंधित विभाग पूरी तरह मुस्तैद हैं। हर परिस्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस बार विभागों ने पहले से ही व्यापक तैयारी कर रखी है। पिछले छह महीनों में जिस तरह से यमुना और नालों की डी-सिल्टिंग का काम किया गया है, उसका बड़ा लाभ मिला है। बांधों के सभी गेट खुले हैं और कहीं भी पानी रुक नहीं रहा है। पानी का जितना तेज़ी से बहाव आ रहा है, उतना ही तेज़ी से आगे भी निकल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना फ्लड प्लेन में पानी पहुंचना स्वाभाविक है, क्योंकि वह नदी का प्राकृतिक हिस्सा है। इसके अलावा बाहरी इलाकों में पानी के फैलने की संभावना नहीं है। मुख्यमंत्री ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि सरकार उनकी सुरक्षा के लिए पूरी तरह तत्पर है और सभी अधिकारी लगातार हर घंटे की रिपोर्ट ले रहे हैं।

## झमाझम बारिश बढ़ा सकती है दिल्ली वालों की परेशानियां!



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की दहलीज पर उफन रही यमुना नदी के चलते राजधानी में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में लगातार हो रही बारिश ने राजधानी वासियों के माथे पर चिंता की लकीरे उकेरनी शुरू कर दी है। सोमवार दोपहर से शुरू हुई बारिश और मौसम विभाग की भविष्यवाणी अगर सच हुई तो फिर दिल्ली में बाढ़ की संभावना बहुत ज्यादा बढ़ जाएगी। ऐसे में यमुना किनारे निचले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए उफनती यमुना और झमाझम हो रही बारिश नई नई परेशानियों का सबब बनेगी। क्योंकि दिल्ली में जुलाई व अगस्त के महीनों में बारिश जमकर हुई, और अधिकांश समय राजधानी जलमग्न होती रही। अब यमुना अपनी सीमाएं तोड़कर दिल्ली में घुसती नजर आ रही है, और झमाझम बारिश का पानी दोनो मिलकर राजधानी में बाढ़ जैसे हालात बन रहे है। रेखा गुप्ता सरकार बेशक नाले नालियों को साफ करने से लेकर अन्य उपाय करने के दावे करती रहें लेकिन गत दो महीनों में अनेक ऐसे मौके आए जब दिल्ली बरसात के पानी में ही डूबती रही। जाहिर है एक तरफ यमुना पूरे उफान पर होने के चलते नाले नालियों व सीवर का पानी वापस बैक मारेगा जिससे दिल्ली में बाढ़ से हालात खराब होने से इंकार नहीं किया जा सकता। दूसरी तरफ प्रादेशिक मौसम विभाग की अगले तीन चार दिन दिल्ली में हल्की बारिश की संभावना ने चिंताएं बढ़ा दी है। सितंबर के पहले दिन यानी सोमवार को दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक सफदरजंग वेधशाला ने 18.6 मिमी बारिश दर्ज की। जबकि सबसे अधिक पानी नजफगढ़ में 49.5 मिमी बरसा। इसके बाद दूसरे नंबर पर आया नगर में 40 मिमी, बारिश दर्ज की गई।

### जिम मालिक पर हमला करने के बाद फरार फिटनेस ट्रेनर पुडुचेरी से पकड़ा

नई दिल्ली। दिल्ली में एक जिम के मालिक पर हमला करने और सीसीटीवी सबूत नष्ट करने के आरोप में 38 वर्षीय एक फिटनेस ट्रेनर को पुडुचेरी के एक होटल से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि राजेंद्र नगर पुलिस थाने में एक स्थानीय जिम मालिक ने 13 अगस्त को शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके ग्राहक विकास सोलंकी ने पांच अगस्त को उनके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस उपायुक्त (मध्य) निधिन वलसन ने कहा कि11 अगस्त को सोलंकी, राहुल उर्फ पंकज चौधरी और कई साथियों के साथ पिस्तौल, रिवॉल्वर, रॉड और डंडों से लैस होकर शिकायतकर्ता के जिम में घुस आया था, उसने उस पर हमला किया और डीवीआर चुराकर सीसीटीवी सबूत नष्ट करने का प्रयास किया। सोलंकी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था जबकि बाकी लोग छिपे हुए थे। पुलिस ने दिल्ली, बेंगलुरु और पुडुचेरी में व्यापक जांच की और दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में कई स्थानों पर छापेमारी की, लेकिन आरोपी लगातार ठिकाने बदलते रहे। पूछताछ से पता चला कि चौधरी बेंगलुरु भाग गया और फिर पुडुचेरी चला गया। खुफिया जानकारी के आधार पर एक टीम ने 29 अगस्त को पुडुचेरी के सेंट मार्टिन स्थित एक होटल पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि चौधरी का पुराना आपराधिक इतिहास है और उसके खिलाफ कम से कम पांच मामले दर्ज हैं, जिनमें 2012 में रंजीत नगर पुलिस थाने में दर्ज हत्या का मामला भी शामिल है।

### शिक्षा केवल ज्ञान देने का माध्यम नहीं, राष्ट्र निर्माण का साधन भी है : महासंघ

नई दिल्ली। शिक्षा केवल ज्ञान देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह चरित्र निर्माण, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का साधन भी है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (एबीआरएसएम) द्वारा सोमवार को पूरे देश में पांच लाख से अधिक स्कूलों में "हमारा विद्यालय -हमारा स्वाभिमान" अभियान के सफल आयोजन के दावे के बाद दिल्ली में आयोजित प्रेस वार्ता में शैक्षिक महासंघ की राष्ट्रीय महामंत्री गीता भट्ट ने मीडिया को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि "हमारा विद्यालय -हमारा स्वाभिमान" अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों में गर्व, जिम्मेदार और नैतिक मूल्यों की भावना को प्रोत्साहित करना है। इस कार्यक्रम में देशभर के लाखों छात्र और लाखों शिक्षक एक साथ पांच सूत्रीय संकल्प पढ़कर शिक्षा, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रनिर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### दिल्ली नगर निगम के 243 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के 243 कर्मचारी सेवानिवृत हुए। दिल्ली नगर निगम के सिविक सेंटर मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मियों को प्रशस्ति पत्र, पीपीओ शीट, लीव एनकैशमेंट के चेक दिये गए। सभी जोन में भी सेवानिवृत कार्यक्रम आयोजित किए गए। निगम प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में सेवानिवृत कर्मियों को दीर्घायु और स्वस्थ रहने की कामना की गई। सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाओं के साथ-साथ सुखमय जीवन की कामना करते हुए पौधे भी भेंट किये। इस अवसर पर निगम के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहें।

### एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया 'बदरिया' कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** वर्षों से दिल्ली बारिश के भय में जी रही थी लेकिन हमारी सरकार ने उस भय को ख़त्म करके एक बदरिया जैसे भाव को उत्पन्न किया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली के कन्वेंशन सेंटर में वर्षा ऋतु को विदाई के उपलक्ष्य में आयोजित 'बदरिया' कार्यक्रम के दौरान यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि पहले बारिश में घंटों जलभराव होते थे लेकिन आज मिंटो ब्रिज हो या आईटीओ का इलाका हो वह सब बारिश होते ही साफ़ हो जाता है। बता दें कि दिल्ली सरकार के मैथली भोजपुरी अकैडमी के सहयोग से माता चकेरी देवी फाउंडेशन की ओर से सोमवार को यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। खुले सेंट्रल पार्क में निश्चित बदरिया कार्यक्रम के आयोजन में सोमवार को बदरा बड़ी बाधा बने पर आयोजकों ने अंतिम पलों में कार्यक्रम को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में स्थान्तरित कर भव्यता से कार्यक्रम को सम्पन्न करवाया। संगीत, संस्कृति और सद्भाव से सजी इस भव्य शाम में वर्षा ऋतु की आखिरी फुहार का साक्षी बनी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके साथ दिल्ली सरकार में संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा, सांसद योगेंद्र चंदोलिया एवं बांसुरी स्वराज, एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत चहल, एनडीएमसी सदस्य सरिता तोमर, राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल, विधायक अभय वर्मा और अनिल शर्मा, भाजपा नेता राजीव बब्बर और पूर्व महापौर जयप्रकाश जेपी, पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष संतोष ओझा सहित अन्य पदाधिकारी और सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## फर्जी ऑनलाइन भुगतान के जरिए आभूषण विक्रेताओं को ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के रोहिणी में आभूषण खरीदार बनकर फर्जी तरीके से ऑनलाइन लेनदेन के 'स्क्रीनशॉट' के जरिए आभूषण विक्रेताओं को ठगने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यहां एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपियों की पहचान सुरेश (44), साहिल (20) और हर्ष दहिया (22) के रूप में हुई। पुलिस उपायुक्त (रोहिणी) राजीव रंजन ने बताया कि 22 अगस्त को यह मामला उस समय प्रकाश में आया जब तीन लोग कराला स्थित एलके ज्वैलर्स पहुंचे और दुकान मालिक को रुपये अंतरित की फर्जी ऑनलाइन रसीद दिखाकर आभूषण ले लिए। पुलिस ने बताया कि कंझावला थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) (धोखाधड़ी) और 3(5) (सभी आरोपी बराबर के जिम्मेदार) के तहत मामला दर्ज किया गया, जिसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, तकनीकी निगरानी और खुफिया जानकारी का इस्तेमाल कर आरोपियों की पहचान की गई तथा बाद में उनके ठिकानों पर छापेमारी के दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान तीनों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली और अपनी साजिशों के तरीकों का खुलासा किया - वे मोबाइल फोन का उपयोग कर अनजान जौहरियों को भुगतान करने वाले फर्जी रसीद दिखाते थे। पुलिस ने उनके पास से चांदी की दो जोड़ी पायल, चांदी की एक चेन, सोने की एक जोड़ी बालियां और चांदी के लगभग 100 ग्राम अन्य आभूषण बरामद किए। पुलिस ने बताया कि अपराध में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल और भुगतान के फर्जी स्क्रीनशॉट बनाने के लिए इस्तेमाल किए गए मोबाइल फोन भी जब्त कर लिए गए हैं।

## निगम विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं मिलना विद्यार्थियों का बुनियादी हक

### औचक निरीक्षण के बाद प्रशासन ने विद्यालयों को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण तथा सभी मूलभूत सुविधाएं मिलना उनकी बुनियादी हक़ है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम उन्हें सर्वोत्तम माहौल प्रदान करें। दिल्ली नगर निगम शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष अमित खरखड़ी ने सोमवार को नरेला ज़ोन और शाहदरा ज़ोन के विभिन्न नगर निगम विद्यालयों का औचक निरीक्षण के बाद मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमें जहां भी लापरवाही मिलेगी, वहां सख्त कार्रवाई की जाएगी। हम चाहते हैं कि निगम विद्यालय निजी विद्यालयों की तरह उत्कृष्टता का उदाहरण प्रस्तुत करें। वहीं, औचक निरीक्षण के बाद विद्यालय प्रमुखों/ प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस थमाया गया और निर्धारित अवधि में उसका जबाव देने को कहा गया है। वहीं, विद्यालय सूत्रों ने बताया कि जरूरी सुविधाओं को दुरूस्त करने के लिए फंड की कई बार मांग की गई है लेकिन फंड नहीं होने से सुविधाएं भी बदहाल है। निरीक्षण के दौरान कुछ विद्यालयों में शौचालयों की सफाई, पेयजल की व्यवस्था, कक्षाओं में बच्चों की बैठने की सुविधा तथा भवन रख-रखाव से संबंधित कमियां पाई गईं।

### दिल्ली में मंदिर के दानपात्र से नकदी चुराने के आरोप में दो लोग अरेस्ट

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के सत्य निकेतन स्थित एक मंदिर के दानपात्र से नकदी चुराने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान राजा कुमार (22) और कन्हैया केसरी (25) के रूप में हुई है। दोनों बिहार के रहने वाले हैं और राष्ट्रीय राजधानी में मजदूरी करते थे। पुलिस के अनुसार, मंदिर के महासचिव आर. ठाकुर ने 28 अगस्त को शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद चोरी का पता चला। अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि 27 और 28 अगस्त की रात को अज्ञात लोगों ने मंदिर के दानपात्र को तोड़ दिया और लगभग 12,000 से 15,000 रुपये नकद लेकर फरार हो गए।" पुलिस ने मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और दोनों आरोपियों की पहचान की। उन्हें सत्य निकेतन से गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया कि तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से चोरी की गई 5,000 रुपये नकदी और टूटा हुआ दानपात्र बरामद किया गया। उन्होंने बिहार में एक आपराधिक मामले में अपनी संलिप्तता का भी खुलासा किया, जिसकी पुष्टि की जा रही है।

### दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रा सम्मान समारोह 'स्वयंसिद्धा' संपन्न

## डीयू विद्यार्थियों को जल्द देंगे मेट्रो पास : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की ये सरकार दिल्ली और दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों के कल्याण के लिए हर संभव कार्य करेगी और जल्द ही विद्यार्थियों को दिल्ली मेट्रो का रियायती पास भी उपलब्ध करवाएगी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) समर्थित दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) द्वारा सोमवार को आयोजित

छात्रा सम्मान समारोह 'स्वयंसिद्धा' में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंच से विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए यह आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आज इस स्वयंसिद्धा के कार्यक्रम में उपस्थित होकर मुझे अपने कॉलेज के दिन याद आ रहे हैं, जहां से मैंने एक सामान्य छात्र की तरह अपने जीवन की शुरुआत की थी और यहां आज दिल्ली की मुख्यमंत्री तक पहुंची हूं। यह बहुत ही सहज लगता है, सामान्य लगता है, एबीवीपी की परवरिश लगती है। जो कठिन से कठिन रास्तों को सहज बनाती है। मैंने कहीं से कोई मैनेजमेंट कोर्स या कोई डिग्री नहीं ली मैंने जो कुछ भी किया वो इस विद्यार्थी परिषद की देन है। मुझे आज जो कुछ विजन मिला है वो एबीवीपी की देन है। वहीं, एबीवीपी की अखिल भारतीय छात्रा प्रमुख मन्नू कटारिया, राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खरवाल और डूसू की सचिव मित्रविंदा कर्णवाल ने भी संबोधित किया।

#### देशभक्ति की ज्वाला जलाने का काम भी एबीवीपी ने ही किया

मुख्यमंत्री रेखा ने कहा कि मेरे अंदर सर्वप्रथम देशभक्ति की ज्वाला जलाने का काम भी विद्यार्थी परिषद ने ही किया। मैं देश के लिए किस प्रकार योगदान दे सकूं यह भी सीख मुझे विद्यार्थी परिषद ने ही दिया। मैं एबीवीपी और एबीवीपी नेतृत्व वाले डूसू को बधाई देना चाहती हूं जिन्होंने यह' 'स्वयंसिद्धा' कार्यक्रम आयोजित किया और इतनी बड़ी संख्या में छात्राओं को सम्मानित किया, यह आंकड़े सिर्फ आंकड़े नहीं यह एक प्रेरणा है, जिससे हर एक छात्रा को प्रेरणा मिलेगी।

#### 500 छात्राओं को किया सम्मानित

बता दें कि सोमवार दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित इस समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि रेखा गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि एबीवीपी की अखिल भारतीय छात्रा प्रमुख मन्नू शर्मा कटारिया, राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खरवाल, डूसू के उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह एवं छात्रसंघ सचिव मित्रविंदा कर्णवाल ने साथ में दीप प्रज्वलन करके किया। इस अवसर पर खेल, अकादमिक आदि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 500 छात्राओं को दिल्ली की मुख्यमंत्री ने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 84 BNSS देखिए )

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोनू पुत्र राकेश निवासी 96, आनंदपुर धाम, कराला गांव, प्रेम नगर, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 16/2021 दिनांक 07.01.2021 अन्तर्गत धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना प्रेम नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोनू** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोनू** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 16/2021 दिनांक 07.01.2021 अन्तर्गत धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना प्रेम नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.01.2026** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**शगुन**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
कमरा नं. 109, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/11390/RD/2025**
**(Court Matter)**

**SAINIK FINANCE & INDUSTRIES LIMITED**

Regd. Office- 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi - 110035
Corporate Office: 7th Floor, Corporate Office Tower, Ambience Mall, N.H.48, Gurugram-122002
E-mail: info@sainik.org Website: www.sainikfinance.com
CIN: L26912DL1991PLC045449
Telephone No.- 011-28315036/0124-2719000 Fax No.- 011-28315044/ 0124-2719100

**NOTICE OF 33rd ANNUAL GENERAL MEETING AND E-VOTING INFORMATION**

Notice is hereby given that:

1. The **33rd Annual General Meeting** (AGM") of the Sainik Finance & Industries Limited (" the Company") will be held on **Wednesday, 24th September, 2025 at 11:30 a.m.** through Video Conferencing ("VC") / Other Audio Visual Means ("OAVM") Facility to transact the ordinary and special business, as set out in the Notice of the AGM, in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and Rules framed thereunder and SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with MCA General Circulars and SEBI Circulars issued by them in this regard, without the physical presence of the Members at a common venue. The Members can join and participate in the AGM through VC/OAVM facility only.
2. The Notice of the AGM, Annual Report for the financial year 2024-25 including Audited Annual Financial Statements for the financial year ended 31st March, 2025 ("Annual Report") has been sent by e-mail on **Monday, 1st September, 2025** to those Members whose email addresses were registered with the Company or with their respective Depository Participants ("Depository") and the Company's Registrar and Transfer Agent, Indus Shareshree Private Limited (erstwhile known as Indus Portfolio Private Limited) (ISPL), in accordance with MCA Circulars and SEBI Circulars. The requirements of sending physical copy of the Notice of the AGM and Annual Report to the Members have been dispensed with vide MCA Circulars and SEBI Circulars. On Monday, 1st September, 2025, the Company has also dispatched a letter containing web-link of Annual Report to those shareholder/ members who have not registered their email address with the Company/RTA.
3. The Notice of the AGM and the Annual Report are available on the website of the Company at http://www.sainikfinance.com/2025/SFIL_33rd_Annual_Report_2025.pdf and the website of BSE Limited at www.bseindia.com. The Notice of the AGM is also available on the website of NSDL at https://www.evoting.nsdl.com.
4. The instructions for joining the AGM and manner of participation in the remote electronic voting or casting vote through the e-voting system during the AGM are provided in the Notice of AGM. Members participating through VC/OAVM shall be counted for purpose of reckoning the quorum under section 103 of the Companies Act, 2013.
5. All members are also informed that:
   a) the remote e-Voting shall commence on Sunday, 21st September, 2025 at 9:00 a.m. IST.
   b) the remote e-Voting shall end on Tuesday, 23rd September, 2025 at 5:00 p.m. IST.
   The remote e-voting will not be allowed beyond the aforesaid date and time as the same shall be disabled by NSDL for voting thereafter
6. A Person whose name is recorded in the Register of Members or in Register of Beneficial Owners maintained by the Depositories as on cut-off date i.e. **Friday, 19th September, 2025** may cast their vote electronically on the ordinary and special business, as set out in the Notice of the AGM through electronic voting system ("remote e-Voting") of National Securities Depository Limited ("NSDL").
7. The facility for e-voting system shall also be available at the AGM. The members attending the AGM, who has not casted their votes through remote e-voting, shall be entitled to cast their vote through e-Voting system during the AGM. The Members who have cast their vote by remote e-Voting prior to the AGM may participate in the AGM through VC / OAVM Facility but shall not be entitled to cast their vote again through the e-Voting system during the AGM.
8. Any person, who becomes Member of the Company after sending the Notice of the AGM by e-mail and holding shares as on the Cut-off date i.e. **19th September, 2025**, may obtain the login ID and password by sending a request at evoting@nsdl.com. However, if he/she is already registered with NSDL for remote e-voting then he/she can use his/her existing User ID and password for casting the vote. If you forgot your password, you can reset your password by using "forgot user details/ password"
9. In case of any queries, you may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders and e-Voting user manual for Shareholders available at the download section of www.evoting.nsdl.com or call on 022-4886 7000 or send a request at evoting@nsdl.com or contact Ms. Pallavi Mhatre, Senior Manager, National Securities Depository Ltd., T301, 3rd Floor, Naman Chambers, G Block, Plot No- C-32,Bandra Kurla Complex, Bandra East, Mumbai- 400051. Members may also write to the Company Secretary at the Company's email address legal.secretarial@sainikmining.com.

**For Sainik Finance & Industries Limited**
**Sd/-**
**Piyush Garg**
**Company Secretary**

**Date: 1st September, 2025**
**Place: Gurugram**

## जिन किसानों को मुआवजा मिलेगा उनकी जमीन का मालिकाना हक भी उनके पास ही रहेगा

# किसानों की भूमि से गुजरेगी बिजली की लाइनें, मिलेगा उचित मुआवजा : रेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड राजस्थान से दिल्ली तक बिजली पहुंचाने के लिए अंतर-राज्यीय ट्रांसमिशन सिस्टम परियोजना के तहत गांवों से गुजरने वाली बिजली की लाइनों के लिए किसानों को उचित मुआवजा मिलेगा। इस बात की घोषणा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को की है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार के उपक्रम पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीजीसीआईएल) राजस्थान से दिल्ली तक बिजली पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण अंतर-राज्यीय ट्रांसमिशन सिस्टम (आईएसटीएस) परियोजना पर कार्य कर रहा है। यह परियोजना



उत्तर और उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के लगभग 20 गांवों से होकर गुजरती है, जिनमें औचंदी, हरेवली, मुंगेशपुर और कुतुबगढ़ गांव प्रमुख हैं। इस योजना के अंतर्गत नरेला में बिजली का एक सब-स्टेशन भी स्थापित किया जाना है, जिसके साथ ट्रांसमिशन लाइनों का जाल भी बिछाया जाएगा। इससे दिल्ली को बिजली की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित होगी, साथ ही राजधानी के बढ़ते बिजली उपभोग को स्थिरता के साथ पूरा किया जा सकेगा। इस योजना को लेकर केंद्र सरकार भी गंभीर है, क्योंकि यह प्रोजेक्ट कई राज्यों से जुड़ा है। जिन किसानों की भूमि से यह लाइनें गुजरेंगी, उन्हें नियमानुसार मुआवजा देने का निर्णय लिया गया है। वहीं जिन किसानों को भूमि का मुआवजा मिलेगा, उसका मालिकाना हक उनके पास ही रहेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अंतर-राज्यीय ट्रांसमिशन सिस्टम (आईएसटीएस) परियोजना दिल्ली को निर्बाध बिजली दिलाने में प्रभावी भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के निर्णय से जहां एक ओर किसानों को उनके अधिकारों के अनुरूप न्याय मिला है, वहीं इस परियोजना की प्रगति का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है। इस निर्णय से राजधानी की बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है कि लंबे समय से चला आ रहा यह गतिरोध इसलिए समाप्त हुआ है, क्योंकि दिल्ली सरकार राजधानी के विकास को लेकर गंभीर तो है, साथ ही वह किसानों और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस इच्छाशक्ति और संवेदनशील दृष्टिकोण भी अपना रही है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी सरकार का यह कदम न केवल ऊर्जा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक महत्व रखता है बल्कि किसानों के हितों की सुरक्षा भी करता है।

### दिल्ली सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसी भी परियोजना की सफलता तभी संभव है, जब उसमें स्थानीय समुदाय का विश्वास और न्यायसंगत भागीदारी हो। हमने यह सुनिश्चित किया है कि किसानों को उनकी भूमि के उपयोग के लिए उचित व न्यायसंगत मुआवजा मिले। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार मुख्यमंत्री की विकसित दिल्ली की सोच व किसान हितैषी विचारों के बाद गांवों के किसानों की जमीन के लिए भूमि मूल्यांकन व उचित मुआवजे पर सहमति बन गई है और अन्य में बनती दिखाई दे रही है। उल्लेखनीय है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्वयं पहल करते हुए हाल ही में एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई थी। इस बैठक में पीजीसीआईएल, दिल्ली सरकार के राजस्व व ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए थे। जिसमें इस मामले को हल किया गया।

---

## रीजनल मैनेजरों को दिए निर्देश

# यात्रियों के लिए डीटीसी बसें सड़कों पर दिन भर रहे मौजूद : डॉ. पंकज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली की सड़कों पर पीक आवर से लेकर पूरे दिन भर दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) बसों की किसी भी सूरत में कोई कमी नहीं होने पाए। यह निर्देश दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में डीटीसी बस डिपो के रीजनल मैनेजरों को एक बैठक में दिए। वहीं बैठक में मंत्री डॉ. पंकज ने सभी रिजनल मैनेजरों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी भी सूरत में दिल्ली की सड़कों पर एक ही रूट पर डीटीसी की बसें एक साथ और एक-दूसरे के आगे-पीछे नहीं चले, ताकि बस यात्रियों को समय-समय पर बसें उपलब्ध होने के टाइम गैप होने से डीटीसी की बसों की सीटें भी खाली नहीं रहेंगी। वहीं मंत्री ने कहा कि एक ही रूट पर चलने वाली डीटीसी बसों के बीच टाइम गैप होने के साथ डिपो से निकलने वाली सभी बसें अपनी फेरे पूरी करके ही डिपो में खड़ी हो। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की इस पहल से दिल्ली की सड़कों पर हर समय डीटीसी की बसें यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेंगी। साथ ही एक ही रूट पर चलने वाली बसों में टाइम गैप होने से बस यात्रियों को यात्रा करने में किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी। साथ ही दिल्ली की सड़कों पर लगने वाले जाम में कमी आने के साथ ही राजधानी दिल्ली को स्वच्छ, हरित और स्वस्थ दिल्ली बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

परिवहन मंत्री डॉ.पंकज ने कहा कि परिवहन विभाग सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के लिए रूट रेशनलाइजेशन की प्रक्रिया पर तेजी से काम कर रहा है। रूट रेशनलाइजेशन में जहां भी कोई कमी मिल रही है उसे दूर किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि दिल्ली के प्रत्येक नागरिक को सस्ती, सुगम सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध कराना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

---

# चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू से कई पक्षियों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू से कई पक्षियों की मौत हो जाने के बाद सोमवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है। स्वास्थ्य विभाग स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। विभाग घटनाक्रम पर कड़ी नजर रख रहा है और शहर के अस्पतालों एवं निगरानी टीम को अलर्ट पर रखा गया है। वहीं बाजारों और मुर्गा मंडी से मुर्गा और मुर्गियों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे जाएंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि 'एवियन इन्फ्लूएंजा' के कारण 12 पक्षियों की मौत के बाद राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में निगरानी और जैव-सुरक्षा उपाय बढ़ा दिये गये हैं। अधिकारियों के अनुसार, तीन 'पेंटेड स्टॉर्क (रंगीन सारस)' और काली गर्दन वाले एक 'आइबिस' (बुज्जा) को उपचार के लिए अलग कर दिया गया है और उन्हें निगरानी में रखा गया है। रविवार तक, छह 'पेंटेड स्टॉर्क' और काली गर्दन वाले दो 'आइबिस' जलीय पक्षीशाला में मर गए। चार प्रवासी 'पेंटेड स्टॉर्क' भी तालाबों में

- चिंता की कोई बात नहीं, स्वास्थ्य विभाग स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह है तैयार : डॉ. पंकज
- अगली सूचना तक आगंतुकों के लिए बंद रहेगा दिल्ली का चिड़ियाघर

मृत पाये गये। अधिकारियों ने बताया कि दो 'पेंटेड स्टॉर्क' और दो 'आइबिस' के नमूनों में एच5एन पाया गया। बयान के अनुसार, पिछले बृहस्पतिवार को काली गर्दन वाले दो 'आइबिस' की मौत हो गयी थी और उनके नमूने राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान (एनआईएचएसएडी), भोपाल भेजे गए। रिपोर्टों में एच5एन1 एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस की मौजूदगी की पुष्टि हुई। चिड़ियाघर अगली सूचना तक आगंतुकों के लिए बंद रहेगा।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज ने सोमवार को कहा कि सभी एहतियाती उपाय किये जा चुके हैं और चिंता की कोई बात नहीं है। फिर भी, आश्वस्त रहने के लिए, जो लोग अतिरिक्त सावधानी बरतना चाहते हैं, वे दो-तीन दिनों तक चिकन खाने से परहेज कर सकते हैं।

---

# मूर्ति विसर्जन के लिए दिल्ली में तैयार किए जा रहे 80 से अधिक कृत्रिम तालाब : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

गणेश चतुर्थी व आगामी दुर्गा पूजा विसर्जन के लिए दिल्ली में 80 से अधिक कृत्रिम तालाब बनाए गए हैं। इस बात की जानकारी दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोमवार को दिल्ली के सभी 11 जिलों के जिला मजिस्ट्रेटों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस कर गणेश चतुर्थी व आगामी दुर्गा पूजा विसर्जन की तैयारियों की समीक्षा बैठक करने के बाद दी। इस बैठक में अधिकारियों ने मंत्री सिरसा को बताया कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित व सहज विसर्जन स्थल उपलब्ध कराने हेतु पश्चिम दिल्ली में 20, पूर्व में 16, उत्तर-पश्चिम में 12, दक्षिण-पूर्व में 9, दक्षिण-पश्चिम में 7, शाहदरा, दक्षिण और उत्तर-पूर्व में 5-5, मध्य दिल्ली में 4 तथा उत्तर दिल्ली में 1 कृत्रिम तालाब तैयार किए जा रहे हैं। मंत्री सिरसा ने कहा है हमारा पहला कर्तव्य यमुना को



स्वच्छ रखना है, साथ ही हर भक्त को उत्सव मनाने का सही माहौल देना। नदी की बजाय विशेष तालाबों में विसर्जन करके हम परंपरा को जीवित रखते हुए पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का भी निर्वाह कर सकेंगे। मंत्री सिरसा को अवगत कराया गया कि तालाबों की संख्या व स्थान स्थानीय विधायकों व रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों से समन्वय कर तय किए गए हैं, ताकि हर मोहल्ले के निकट सुविधा हो। सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण विभाग तालाब खुदाई का कार्य कर रहा है, जबकि दिल्ली जल बोर्ड इन्हें स्वच्छ जल से भरेगा। सिरसा ने निर्देश दिया कि विसर्जन के बाद वही पानी सड़क धूल नियंत्रण व पार्क सिंचाई में दोबारा इस्तेमाल हो। वहीं हर स्थल पर मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी की निगरानी में इमरजेंसी चिकित्सा सुविधा व एम्बुलेंस तैनात रहेगी। उत्सव समितियों से कहा गया है कि वे अपने विसर्जन मार्ग दिल्ली पुलिस को दें, ताकि समय रहते ट्रैफिक डायवर्जन, सीसीटीवी व भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित हो सके।मंत्री ने कहा कि दिल्ली के लोगों को यहां त्योहार जोड़ते हैं इसलिए इन्हें मानने के लिए सही वातावरण प्रदान करना हमारी ज़िम्मेदारी है। हर भक्त को बिना असुविधा के मूर्ति विसर्जन का अधिकार है और हम इसके लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

---

## सीएम का व्यापारियों को 1600 करोड़ जीएसटी रिटर्न का बयान बन न जाए जुमला: देवेंद्र

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा दिवाली से पहले व्यापारियों को 1600 करोड़ का जीएसटी रिटर्न देने के बयान पर कहा कि अन्य वादों की तरह कहीं यह भी जुमला साबित न हो जाए। उन्होंने कहा कि सीएम बनने से लेकर आज तक मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का इतिहास बताता है कि उन्होंने एक भी वादा पूरा नहीं किया है। इसलिए मुझे आशंका है कि सीएम रेखा के गत वादों की तरह यह वादा भी पूरा नहीं होगा। यादव ने मांग की है कि 2019 से लंबित जीएसटी रिफंड को भाजपा सरकार ब्याज सहित व्यापारियों को जल्द से जल्द वापस करे। उन्होंने कहा कि आटा, चीनी, चाय पत्ती, पैक्ड मक्खन, दही, पेन, साबुन, टूथपेस्ट, रजिस्टर, नोटबुक, अकाउंट बुक, पेंसिल शार्पनर आदि पैक्ड रोजमर्रा की वस्तुओं को जीएसटी मुक्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं पूछना चाहता हु कि क्या मुख्यमंत्री रेखा, व्यापारियों को लाईसेंस देने की जटिल प्रकिया को आसान बनाने, व्यवसाय स्थापित कर संचालन में आने वाली प्रशासनिक अड़चनों और वैश्विक और स्थानीय आर्थिक उतार चढ़ाव में व्यापारियों की आर्थिक अनिश्चितता में सुधार करने के लिए कोई योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मांग करती है कि जीएसटी रिफंड जो कि 2019 से लंबित है उसको सरकार ब्याज सहित व्यापारियों को जल्द से जल्द वापस करे। दिल्ली सरकार को व्यापारियों के हितों के साथ महंगाई और बेरोजगारी की मार झेल रही दिल्ली की जनता को भी रोजमर्रा की खाद्य एवं अन्य इस्तेमाल की पैकिंग वस्तुओं पर 5 -18 प्रतिशत जीएसटी को खत्म करने का निर्णय लेना चाहिए। यह वही भाजपा है जिसने कांग्रेस की यूपीए सरकार द्वारा जीएसटी लागू करने का देश भर में विरोध किया था और सत्ता में आने के बाद रोजमर्रा की खाद्य वस्तुओं पर भी जीएसटी बढ़ाने का काम किया। जीएसटी वसूली में सुधार और जीएसटी रिटर्न पर दायर अपील पर सरकार तुरंत कार्यवाही करके राहत देने का निर्णय ले।

---

### दिल्ली में डेंगू-मलेरिया के मामले बढ़े

**नई दिल्ली।** राजधानी में मच्छरों के अनुकूल मौसम के बीच डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के मामलों में तेजी से इजाफा हुआ है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 30 अगस्त 2025 तक मलेरिया के 235 मामले सामने आए हैं, जबकि पिछले साल यह संख्या 210 दर्ज की गई थी। डेंगू के मामले इस वर्ष 499 तक पहुँच गए हैं, जो पिछले साल इसी अवधि में आए 481 मामलों से ज्यादा हैं। चिकनगुनिया के मामलों की बात करें तो इस साल 37 मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या सिर्फ 29 थी। इसे लेकर इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के नेता और वरिष्ठ निगम पार्षद मुकेश गोयल ने इस बढ़ोतरी के लिए एमसीडी अधिकारियों की लापरवाही को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने घर-घर सर्वेक्षण केवल कागजों में किया और वास्तव में समय रहते जल जनित बीमारियों के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाए।

---

# सुबह येलो, शाम को ब्लू लाइन मेट्रो में आई तकनीकी खराबी ने किया यात्रियों को परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सितंबर माह के पहले ही दिन दिल्ली मेट्रो की दो लाइनों येलो व ब्लू लाइन पर मेट्रो में आई तकनीकी खराबी ने यात्रियों को परेशान किया। जहां एक तरफ पहले येलो लाइन समयपुर बादली- मिलेनियम सिटी सेंटर पर सिग्नलिंग में तकनीकी खराबी ने यात्रियों को परेशान किया। वहीं दूसरी तरफ शाम के समय ब्लू लाइन द्वारका सेक्टर-21 से नोएडा के अंतर्गत बाराखंभा और इंद्रप्रस्थ स्टेशनों के बीच ओवर हेड वायरिंग (ओएचई) में तकनीकी खराबी से शाम को ड्यूटी ऑफ के समय यात्रियों का भारी दिक्कत झेलनी पड़ी। इस बारे में दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) कॉर्पोरेट संचार के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल का कहना है कि सोमवार शाम 7:30 बजे से 8:20 बजे तक ब्लू लाइन पर बाराखंबा और इंद्रप्रस्थ स्टेशनों के बीच ओएचई पर बाहरी पेड़ों की बारिश से गीली हुई पेड़ की एक छोटी टहनी गिर गई। बारिश के पानी में गीली लकड़ी के ओएचई के चार्ज वाले हिस्से के अर्थिंग वाले हिस्से पर गिरने के कारण ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से बाधित रहीं। दयाल ने बताया कि इस खराबी के कारण जबकि बाराखंबा और इंद्रप्रस्थ के बीच अप लाइन पर सिंगल लाइन ट्रेन सेवाएं चलाई गई। दयाल की मानें तो खराबी के बावजूद इस लाइन पर इंद्रप्रस्थ से वैशाली व नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी तक अप और डाउन दोनों दिशाओं में नियमित ट्रेन सेवाएँ जारी रहीं। इसी प्रकार बाराखंभा से द्वारका के बीच अप और डाउन दोनों दिशाओं में नियमित ट्रेन सेवाएँ जारी रहीं। वहीं येलो लाइन पर आई तकनीकी खराबी को लेकर दयाल ने बताया कि येलो लाइन पर मिलेनियम सिटी सेंटर, गुरुग्राम के टर्मिनल स्टेशन पर सिग्नल की समस्या के कारण, समयपुर बादली की ओर जाने वाली ट्रेनों को वापस मोड़ने में थोड़ा अतिरिक्त समय लगा। जिसके चलते सुल्तानपुर से मिलेनियम सिटी सेंटर तक के एक छोटे से हिस्से में ट्रेन सेवाएँ थोड़ी देरी से चली।

---

## पहले अध्यक्ष चरती लाल गोयल की 98वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि

# विधानसभाओं और संसद का सुचारू संचालन लोकतंत्र में जनता के विश्वास को करता है मजबूत : रिजिजू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा ने सोमवार को पहले अध्यक्ष स्वर्गीय चरती लाल गोयल की 98वीं जयंती पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने चरती लाल गोयल को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि विधानसभाओं और संसद का सुचारू संचालन लोकतंत्र में जनता के विश्वास को मजबूत करता है। लेकिन सदन में भाषण अक्सर सार्थक बहस की बजाय बाहरी राजनीतिक लाभ के लिए दिए जाते हैं, जिससे चर्चाओं की गुणवत्ता प्रभावित होती है। ऐसे समय में




चरती लाल गोयल द्वारा प्रदर्शित नैतिकता, ईमानदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रकाश सभी नेताओं के लिए मार्गदर्शक है। रिजिजू ने चरती लाल गोयल के जीवन की सादगी, ईमानदारी और चुनावी राजनीति से स्वेच्छा से दूर होने के दुर्लभ निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे उदाहरण आज की राजनीति में बहुत कम देखने को मिलते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे नेताओं को याद करना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि लोकसेवा, सामाजिक कल्याण और सहभागी शासन के प्रति अपने संकल्प को नवीनीकृत करने का अवसर है। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री (कॉरपोरेट कार्य) हर्ष मल्होत्रा, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता (विशिष्ट अतिथि), दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, दिल्ली के मेयर राजा इक़बाल सिंह,गांधी स्मृति के वाइस चेयरमैन एवं भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल, पूर्व राज्यपाल जगदीश मुखी आदि गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। सभी ने मिलकर दिल्ली विधानसभा की परंपराओं और मूल्यों को सुरक्षित रखने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष चरती लाल गोयल के जीवन-वृत्त पर आधारित एक विशेष स्मारिका का भी विमोचन किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने अपने संबोधन में चरती लाल गोयल के साथ बिताए पलों को याद करते हुए उन्हें दिल्ली की नब्ज़ समझने वाले, जनसुनवाई करने वाले एक अभिभावक समान नेता बताया। वहीं विजय गोयल ने अपने पिता की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि उनका जीवन सादगी, अनुशासन और निस्वार्थ सेवा का प्रतीक था। उन्होंने गोयल जी के चुनाव टिकट से जुड़े हास्यपूर्ण और भावनात्मक प्रसंग सुनाए और कहा कि यह कार्यक्रम हमें माता-पिता और उनके सिद्धांतों को कभी न भूलने की याद दिलाता है।

---

# मरीजों को बाजार से खरीदनी पड़ रही है जरूरी दवाएं

## बुराड़ी अस्पताल में बुनियादी दवाओं की भारी किल्लत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के दावों के विपरीत बुराड़ी अस्पताल की जमीनी हकीकत चौंकाने वाली है। यहां बुनियादी दवाइयों और ज़रूरी इंजेक्शनों की भारी कमी है। हालात इतने गंभीर हैं कि टिटनेस और रेबीज इंजेक्शन तक अस्पताल में उपलब्ध नहीं हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हिरणकी, बख्तावरपुर, भलस्वा और आसपास के इलाकों से रोज़ाना बड़ी संख्या में लोग आपात स्थिति में इलाज के लिए बुराड़ी अस्पताल पहुंचते हैं।

विशेषकर कुत्ते के काटने या गंभीर चोट लगने पर रेबीज और टिटनेस इंजेक्शन सबसे ज़रूरी होते हैं, लेकिन अस्पताल में यह दवाएं नदारद हैं। रोगियों को मजबूरी में अस्पताल परिसर के जनऔषधि केंद्र या निजी कैमिस्ट की दुकानों से इंजेक्शन खरीदने पड़ते हैं।

यह स्थिति आम जनता के लिए न केवल आर्थिक बोझ है, बल्कि दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मॉडल की पोल भी खोल रही है। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता महेश आर्य ने बताया कि इस समस्या को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर त्वरित संज्ञान लेने और दवाओं की सतत उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि यहां आने वाले मरीजों को उम्मीद है कि मुख्यमंत्री इस गंभीर समस्या पर तुरंत कदम उठाएंगी और बुराड़ी अस्पताल समेत पूरे दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में दवाओं की कमी को दूर करेंगी।

## खबर संक्षेप

### पलटी कार, एयरबैग खुलने से बची 2 की जान

**फरीदाबाद।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार शिफ्ट कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। इस हादसे में कार में सवार ड्राइवर और उसके साथी को चोट आई है। कार के एयरबैग खुलने के कारण दोनों के जान बच गई। घायलों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में ले जाया गया है। जानकारी के मुताबिक सुबह 5 बजे के करीब दिल्ली की तरफ से एक शिफ्ट कार आ रही थी। गांव साहूपुरा सेक्टर.65 के पास ड्राइवर का संतुलन बिगड़ गया।




### राहुल की छवि धूमिल कर रही भाजपा: जिला अध्यक्ष

**फरीदाबाद।** बिहार के दरभंगा की घटना को लेकर फरीदाबाद में भाजपा नेताओं द्वारा लोकसभा के नेता विपक्ष राहुल गांधी के पुतला फूंकने की घटना की जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कड़े शब्दों में निंदा की है। भाजपा झूठा भ्रम फैलाकर इस मामले को हवा दे रही है, राहुल गांधी की वोटर अधिकार रैली को जिस प्रकार से हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है, भाजपा बौखला गई है और हार से घबराते हुए झूठे हथकंडे अपनाकर राहुल गांधी की राजनैतिक छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रही है।



### यमुना में डूबने से दो दोस्तों की मौत

**फरदाबाद।** किड़ावली गांव में यमुना नदी किनारे जन्मदिन की पार्टी करने आए दो युवक डूब गए। उनके दोस्तों ने इसकी सूचना अपने परिजन व पुलिस को दी। एसडीआरएफ की टीम दोनों युवकों को नदी में तलाश कर रही है लेकिन कोई पता नहीं चल सका है। स्थानीय भूपानी पुलिस की टीम भी नदी किनारे मौजूद है। पुलिस के अनुसार दिल्ली के मीठापुर में रहने वाले आयुष का रविवार को जन्मदिन था। जन्मदिन मनाने के लिए वह अपने दोस्त धर्मेन्द्र और छह अन्य के साथ फरीदाबाद के किड़ावली गांव आया था।



# भाजपा महानगर अध्यक्ष ने मनाया जश्न तो तमतमाई महापौर ने कर दी चुनाव प्रक्रिया निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम कार्यकारिणी के छह सदस्यों का चुनाव की प्रक्रिया को महापौर सुनीता दयाल ने एकाएक निरस्त कर दिया। इस दौरान जमकर हंगामा भी हुआ। इस दौरान महापौर का उस समय पारा तेज हो गया, जब चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल पार्टी की तरफ से घोषित पांच उम्मीदवारों के साथ चुनाव स्थल पर माला पहनकर पहुंच गए। जिसके बाद महापौर ने पूरी प्रक्रिया को ही एक सिरे से निरस्त कर दी।

**खास बातें**

- महापौर ने अनुशासनहीनता करार दिया
- भाजपा महानगर अध्यक्ष की तरफ से 5 पार्षदों ने नामांकन भरा
- महापौर व भाजपा महानगर अध्यक्ष के बीच नोक-झोंक



**नगर निगम कार्यकारिणी के छह सदस्यों का चुनाव के दौरान हंगामा**

महापौर ने इसे सदन की अनुशासनहीनता करार दिया। नगर निगम के कविनगर स्थित जानकी भवन परिसर में कार्यकारिणी के छह सदस्यों के लिए चुनाव की प्रक्रिया रखी गई थीं। सुबह साढ़े 11 बजे से नामांकन प्राप्त किए जाने का कार्यक्रम रखा गया था। 12 बजे तक नामांकन किए जाने थे। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की तरफ से पार्टी की तरफ से पांच पार्षद गौरव सोलंकी, प्रवीण चौधरी, प्रमोश यादव, विनीत दत्त व देवनारायण शर्मा ने नामांकन भरा। इसके अलावा विपक्ष की ओर से अजय शर्मा व शशि सिंह ने भी नामांकन कर दिया। जिसके बाद कुल आठ लोग मैदान में आ गए। मदन राय को चुनाव न लड़ने के लिए मना लिया गया था। जबकि शशि को मनाया जा रहा था। तभी मयंक गोयल माला लेकर



सदन दूॅसरी साइड पहुंच गए। जश्न मनाने लगे। तभी महापौर भी वहां पहुंच गई। उन्होंने यह माहौल देखकर इसे अनुशासनहीनता बताते हुए पूरी चुनावी प्रक्रिया को ही निरस्त कर दिया। इस दौरान महापौर व भाजपा महानगर अध्यक्ष के बीच नोक-झोंक भी हुई। जिसके बाद महापौर का पारा हाई हो गया और उन्होंने पूरी चुनाव प्रक्रिया को निरस्त कर दिया।

## बारिश के अलर्ट के बीच 14 गांवों में बाढ़ का खतरा, प्रशासन ने की तैयारी तेज

# यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर से हाई अलर्ट पर फरीदाबाद : उपायुक्त सिंह

प्रशासन द्वारा सेफ हाउस और राहत केंद्रों की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि आने वाले 24 घंटे फरीदाबाद जिले के लिए बेहद संवेदनशील हैं। हथनी कुंड बैराज से लगातार छोड़े जा रहे पानी के कारण यमुना नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। मौसम विभाग द्वारा जारी भारी बारिश के अलर्ट ने स्थिति को और भी गंभीर बना दिया है। ऐसे हालात में जिला प्रशासन ने सभी विभागों को हाई अलर्ट मोड़ पर रखा है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में आई बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है जिसको देख प्रशासन पहले से ही तैयारियों में जुट गया है। जिला प्रशासन ने चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि बसंतपुर, किडावली, लालपुर,



महावतपुर, राजपुर कलां, तिलोरी खादर, अमीपुर, चिरसी, मंझावली, चांदपुर, मोठूका, अरुआ, छांयसा और मोहना आदि गांवों में बाढ़ का गंभीर खतरा बना हुआ है। प्रशासन ने संबंधित क्षेत्रों के सभी ग्रामीणों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और आज शाम तक अपने घरों को छोड़कर प्रशासन द्वारा निर्धारित चिन्हित सुरक्षित ठिकानों पर चले जाएं।

### जिला प्रशासन की अपील, अपनी और परिजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करें

जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि संभावित बारिश और बढ़ते जलभराव की स्थिति को देखते हुए निचले इलाकों में रहने वाले लोग आज शाम तक अपने घर छोड़कर चिन्हित सुरक्षित स्थलों पर चले जाएं। प्रशासन ने सलाह दी है कि लोग अपने साथ आवश्यक सामान, दवाइयां और महत्वपूर्ण दस्तावेज अवश्य लेकर जाएं तथा पशुओं को भी सुरक्षित स्थलों पर पहुंचाने की व्यवस्था करें। डीसी ने कहा कि बारिश या जलभराव के दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें और बिजली उपकरणों एवं खुले तारों से दूरी बनाए रखें। प्रशासन ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि इन सावधानियों का पालन कर अपनी तथा अपने परिजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर जिला प्रशासन ने आपात स्थिति में तुरंत मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर 0129.2227937 और 0129.2226262 जारी किए हैं। डीसी ने कहा कि इन नंबरों पर कॉल करने पर तुरंत कंट्रोल रूम से सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय है और हर समस्या पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। अफवाहों से बचें, आधिकारिक सूचना पर ही भरोसा करें डीसी ने दोहराया कि ऐसे समय में अफवाहें फैलना आम बात है।

### सड़कों के किनारे ग्रीन बेल्ट विकसित कर प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करें : उपायुक्त

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार चल रहे 11 सप्ताहीय हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान की गति और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को जिला उपायुक्त विक्रम सिंह ने विशेष बैठक का आयोजन किया। यह बैठक राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित प्रमुख उद्योगों के अधिकारियों के साथ आयोजित की गई, जिसमें जिले की स्वच्छता को लेकर महत्वपूर्ण रणनीतियों पर विचार-विमर्श हुआ। डीसी विक्रम सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में औद्योगिक इकाइयों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उद्योग न केवल रोजगार और आर्थिक विकास में योगदान देते हैं, बल्कि सामाजिक दायित्व के तहत स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में भी अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं। बैठक में उपायुक्त ने उद्योग प्रतिनिधियों को यह प्रेरित किया कि वे अपने-अपने उद्योग परिसरों को स्वच्छ बनाए रखने के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में भी सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करें। उन्होंने कहा कि यदि उद्योग अपने क्षेत्र के बाहर की सफाई पर भी ध्यान देंगे, तो इससे स्थानीय नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और पूरे जिले की छवि राज्य स्तर पर और बेहतर बनेगी। डीसी ने उद्योगपतियों और अधिकारियों से अपील की कि वे केवल मशीनरी और तकनीक से स्वच्छता पर ध्यान न दें, बल्कि अपने कर्मचारियों को भी समय-समय पर श्रमदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जब उद्योग कर्मी स्वयं सफाई के लिए आगे आएंगे तो इससे स्थानीय समाज में जागरूकता का स्तर भी बढ़ेगा और अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप मिलेगा।

**यात्री सुरक्षा की ओर एक और अहम कदम**

## साहिबाबाद और गाजियाबाद नमो भारत स्टेशनों के पास खुली पुलिस चौकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नमो भारत के यात्रियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर करने की दिशा में एनसीआरटीसी उत्तर प्रदेश पुलिस के सहयोग से प्रत्येक स्टेशन के करीब पुलिस चौकी का निर्माण किया है। सोमवार को साहिबाबाद और गाजियाबाद नमो भारत स्टेशनों के पास पुलिस चौकी का उद्घाटन कर इन्हे उत्तर प्रदेश पुलिस को सौंप गया। ऐसी पुलिस चौकी दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के प्रत्येक स्टेशन पर बनाई जाने की योजना है। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नमो भारत कॉरिडोर के लिए दो थाने भी नियत एक गए हैं। जिनमे से एक थाना गाजियाबाद कमिश्नरेट और दूसरा थाना मेरठ जनपद में होगा, जिनकी निर्माण प्रक्रिया जारी है। नमो भारत स्टेशनों पर बनने वाली पुलिस चौकी इन्हीं थानों के अंतर्गत कार्य करेंगी।



### स्टेशन से जुड़े मामलों की शिकायत दर्ज कराई जा सकेंगी

साहिबाबाद नमो भारत स्टेशन के गेट नंबर-2 के पास इस पुलिस चौकी का निर्माण किया गया है। इस चौकी में नमो भारत ट्रेन व स्टेशनों पर होने वाली घटनाओं से जुड़े मामलों की शिकायत दर्ज कराई जा सकेंगी। ये चौकी थाना लिंक रोड और ट्रांस हिडन जोन के अंतर्गत आती है। बाद में केवल नमो भारत स्टेशन व इससे जुड़े मामले और शिकायतों का ही इस चौकी में निवारण होगा और नियत थाना के अंतर्गत कार्य किया जाएगा।

**पुलिस ने मामला दर्ज किया**

## जेल हेड वार्डर और सहायक जेल अधीक्षक को गोली से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला जेल नीमका के हेड वार्डर और सहायक जेल अधीक्षक को एक बंदी ने गोली से उड़ाने की धमकी दी है और हेड वार्डर की ड्यूटी के दौरान वर्दी भी फाड़ दी।

जेल के हेड वार्डर देवी सिंह ने थाना सदर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास बंदियों को टेलीफोन से कॉल करके घर बात कराने वाले बूथ का इंचार्ज आया। उसने बताया कि पलवल जिला के थाना चांदहट क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मिल्क गानिकी गांव का रहने वाला जेल में बंद बंदी ललित उर्फ ललति फोन पर बात करने के लिए शोर-शराबा कर रहा है। बूथ इंचार्ज की बात सुनने के बाद उसने बंदी को अपने पास बुला लिया। वह उसे समझा रहा था कि तभी उसने उसकी वर्दी फाड़ दी और धक्का-मुक्की की। मौके पर शोर को सुनकर जेल के सहायक अधीक्षक उमेश कुमार आ गए। तभी गार्द कर्मियों के सामने ललित ने उसे और जेल के सहायक अधीक्षक उमेश कुमार को गोली से उड़ाने की धमकी दी है।

## इन्वेस्टमेंट ट्रैडिंग के नाम पर ठगी, खाताधारक सहित 5 आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल टीम ने एक ठगी के मामले में खाताधारक सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-78 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सैंट्रल में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि नवंबर 2024 में उसके व्हाट्सएप नबंर पर ट्रैडिंग बारे एक मैसेज आया, फिर ट्रैडिंग के लिए उसकी बात ठगों से होने लगी, ठगों ने उसें निवेश कर मोटा पैसा कमाने का लालच दिया।

शिकायतकर्ता ने लालच में आकर निवेश के लिए 34,43,000 रुपए ठगों के खाता में जमा करवा दिए। निवेश के कुछ समय बाद उसके निवेश खाता में लाभ के साथ 19464643 रुपए की राशि खाता में दिखने लगी। जब उसने पैसे निकालने चाहे तो ठगों ने कमीशन के नाम पर 5 लाख रुपए की मांग की, जिस पर शिकायतकर्ता ने लालच में आकर 5 लाख भी ठगों को दे दिए। इसके बाद उससे फिर रुपए की मांग की गई, जिस पर उसे साइबर फ्रॉड होने का शक हुआ। जिस पर साइबर थाना सैंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए अविनाश रमिश ताम्बेकर, रिंकु अन्थोनी जेमस, लक्की रविन्द्र च्वहाण, आयुष सुरेन्द्र खडसे व दिनेश देवी सिंह बम्होरे निवासी नागपुर महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि अविनाश खाताधारक है। जिसने अपना खाता आयुष, लक्की व रिंकू को दिया था।

# गुरुग्राम में इस्कॉन ने धूमधाम से मनाया राधाष्टमी महोत्सव

महोत्सव बड़े ही भक्ति भाव और उल्लास के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

इस्कॉन द्वारा राधाष्टमी महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सैंकड़ों श्रद्धालु एकत्रित हुए और कार्यक्रम की दिव्यता का अनुभव किया। इस्कॉन ग्रेटर नोएडा मंदिर में मंदिर के जनरल मैनेजर अतुल कृष्ण प्रभु की अध्यक्षता में श्री राधाष्टमी महोत्सव बड़े ही भक्ति भाव और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर के सहायक प्रबंधक गिरिराज प्रभु ने बताया कि महोत्सव में भक्तों के उत्साह और राधारानी की करुणा से मंदिर का वातावरण दिव्य हो उठा। 500 से अधिक भक्तों ने सम्मिलित होकर इस महोत्सव को सफल बनाया।



कार्यक्रम की शुरुआत दिव्य कीर्तन के साथ राधारानी के अभिषेक से हुई। जिसके पश्चात भक्तों ने मिलकर भगवान की महाआरती की। इस अवसर पर महामुनी प्रभु ने अपनी प्रेरणादायी वाणी से उपस्थित श्रद्धालुओं को राधा तत्त्व और उनकी लीलाओ का श्रवण कराया। मंदिर प्रशासन ने बताया कि महोत्सव पर 300 से अधिक व्यंजनों का भोग राधारानी को अर्पित किया गया और सभी भक्तों के लिए महाप्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई। इस अवसर पर सहायक प्रबंधक स्वरूप आनंद प्रभु ने कहा कि राधाष्टमी केवल एक उत्सव नहीं बल्कि राधारानी के दिव्य प्रेम और करुणा को हृदय में उतारने का अवसर है। मंदिर प्रबंधन ने बताया कि आगामी महीनों में भी विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें दैनिक भागवत कथा, संकीर्तन एवं कार्तिक मास उत्सव प्रमुख हैं।

**कार्यक्रम में करीब 400 से अधिक विद्यार्थियों एवं अध्यापकगणों ने लिया हिस्सा**

## नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत पुलिसिंग टीम द्वारा डीजीआईएम कॉलेज में जन जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस महानिदेशक हरियाणा एवं पुलिस महानिदेशक हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के आदेशानुसार तथा पुलिस आयुक्त फरीदाबाद के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में, सामुदायिक पुलिसिंग टीम द्वारा फरीदाबाद में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अंतर्गत डीजीआईएम कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य, सीनियर एडवोकेट केपी सिंह ने नशे को एक गंभीर बीमारी बताया जिसकी शुरूआत स्कूल और कॉलेज स्तर पर होती है। इस कार्यक्रम में सामुदायिक पुलिसिंग सेल तथा उनकी टीम द्वारा सभी कॉलेज विद्यार्थियों और अध्यापकगणों को साइबर सुरक्षा, नशे से दूर रहने बारे, क्राईम अगेंस्ट वूमेन तथा डायल 112 के बारे जागरूक किया। इस कार्यक्रम में करीब 400 विद्यार्थियों एवं अध्यापकगण ने हिस्सा लिया। सत्र के अंत में सामुदायिक पुलिसिंग सेल द्वारा नशा मुक्ति की सामूहिक शपथ दिलाई गई और उपस्थित विद्यार्थी एवं अध्यापकगणों को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया।

# चार पहिया वाहन चोर सलमानी गैंग के चार बदमाश गिरफ्तार, सात वाहन बरामद

ऑन डिमांड मारूति कंपनी की गाड़ियों की चोरी करता है गैंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

**गैंग का मुख्य सरगना फारूख सलमानी है, कारों को रिसीवरों को एक लाख में बेच देते थे**

क्राइम ब्रांच व लिंक रोड पुलिस ने सोमवार को चार पहिया वाहन चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय सलमानी गैंग के 4 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से चोरी के चार पहिया वाहन बरामद, वाहन चोरी करने मे प्रयुक्त इलैक्ट्रॉनिक उपकरण व अवैध शस्त्र बरामद हुए हैं। एडीसीपी पीयूष सिंह ने बताया कि आठ अगस्त को थाना लिंक रोड क्षेत्र से एक ब्रेजा कार चोरी होने की सूचना पंजीकृत किया गया था। थाना लिंक रोड पुलिस ने ब्रेजा कार को लावारिस में बरामद किया गया था व अज्ञात चोरों के विरूद्ध पतारसी-सुरागरसी की। इसके बाद सलमानी गैंग के सरगना फारूख सलमानी व उसके साथी शाहनवाज उर्फ गोलू को थाना लिंक रोड क्षेत्र से बाद पुलिस मुठभेड गिरफ्तार किया गया था जिनके कब्जे से दिल्ली से चोरी की 02 कार ब्रेजा व स्विफ्ट व नाजायज असलहे बरामद किए गए थे।



गिरफ्तार दोनो आरोपियों से पूछताछ के बाद सोमवार को सोमवार को स्वाट टीम कमिश्नरेट गाजियाबाद व थाना लिंक रोड पुलिस ने सलमानी गैंग के 04 शातिर बदमाशों को डाबर तिराहा पर चोरी के वाहनों के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों में चाँद, निवासी ग्राम सौंदा थाना निवाड़ी, सूफियान निवासी मौहल्ला मियां सराय माता का थान कस्बा व थाना संभल, उवैश निवासी जामा मस्जिद के पास ग्राम कनपुरा थाना डिडौली,ब्‌ रजमोहन उर्फ बीएम निवासी ग्राम लोहरा थाना जहाँगीराबाद बुलंद शहर हैं। उन्होंने बताया कि गैंग का मुख्य सरगना फारूख सलमानी है जो जनपद गाजियाबाद के ग्राम सौंदा थाना निवाड़ी का निवासी है तथा पूर्व में थाना मोदीनगर, निवाड़ी, मुरादनगर तथा कविनगर से शराब तस्करी में जेल गया था तथा वाहन चोरी मे विजय नगर, इंदिरापुरम गाजियाबाद, जनपद हापुड़ के कोतवाली हापुड़ देहात, नोएडा के थाना बिसरख, थाना कनखल व गमंगनहर हरिद्वार व हरियाणा के बहालगढ़ सोनीपत से व दिल्ली से जेल जा चुका है। फारूख सलमानी के विरूद्ध वाहन चोरी व शराब तस्करी के लगभग 02 दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं। सलमानी गैंग ऑन डिमांड अधिकतर मारूति कंपनी की गाड़ियों को चोरी करता है तथा दिल्ली एनसीआर, जनपद अलीगढ़ व आस-पास के अन्य राज्यों में वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। चाँद व शाहनवाज उर्फ गोलू गैंग के ड्राईवर है जो चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद चोरी की गाड़ियों को चलाकर लाते हैं।

अभियुक्त सूफियान, उवैश व बृजमोहन चोरी की गाड़ियों को फरूख सलमानी के इशारे पर चोरी करने के बाद चोरी की गाड़ियों को दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड, झारखंड व अन्य राज्यो के रिसीवरों से सम्पर्क कर चोरी की गाड़ियों को बेचने के काम करते हैं। पूछताछ मे पंजाब, दिल्ली, राजस्थान, झारखंड, हरियाणा व उत्तर प्रदेश के मेरठ के अन्य और चोरी की गाड़ी खरीदने वाले रिसीवर (चोरी की गाड़ियाँ खरीद-फरोक्त करने वाले) प्रकाश मे आए है जिनकी तलाश जारी है। पूछताछ में यह भी पता चला है कि ब्रेजा कार को 70 हजार, स्विफ्ट कार को 65 हजार, सियाज कार को 80 हजार, स्विफ्ट डिजायर को 75 हजार व क्रेटा कार को 01 लाख रुपए में रिसीवरों को बेच देते हैं।

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने शुरू की जीएसटी भुगतान की सुविधा

**गुरुग्राम।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने अपने ग्राहकों और गैर-ग्राहकों दोनों के लिए जीएसटी भुगतान की सुविधा शुरू की है। ग्राहक जीएसटी का भुगतान यूपीआई, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से कर सकते हैं। ग्राहक डीडी, चेक, कैश के माध्यम से देशभर की शाखाओं के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के हेड-रिटेल लाइबिलिटीज आशीष सिंह ने कहा कि बैंक का उद्देश्य अपने ग्राहकों को समग्र सेवाएं प्रदान करना है।

**शुद्धिपत्र**

मैसर्स **सैमटैक्स फेशंस लिमिटेड** के एजीएम के संबंध में, दिनांक 01.09.2025 को प्रकाशित विज्ञापन की कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी का नाम रिंकू रानी के स्थान पर कृपया रिंकी रानी पढ़ी जानी चाहिए। इस असुविधा के लिए हम खेद व्यक्त करते हैं।

**एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड**
CIN: L65100DL1993PLC053936
**पंजीकृत कार्यालय :** 908, 9वां तल, मर्केंटाइल हाउस, 15 के.जी. मार्ग, नई दिल्ली-110001
Tel No: 011-49954225, Website: www.fmecinternational.com
Email: fmecinternational@gmail.com

**32वीं वार्षिक सामान्य बैठक, बुक क्लोजर और दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु सूचना**

**(ए) वार्षिक सामान्य बैठक :-**
एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के सदस्यों की 32वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) उक्त एजीएम आयोजित करने की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार बिजनेस का निष्पादन करने के लिये वीडियो कांफ्रेंसिंग / अन्य ऑडियो वीडियो विजुअल साधनों के माध्यम से शुक्रवार, 26 सितम्बर 2025 को अप. 12.30 बजे आयोजित की जानी निर्धारित है।
एजीएम की सूचना और कम्पनी के 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु वार्षिक रिपोर्ट की इलैक्ट्रोनिक प्रतियां सभी सदस्यों को 02 सितम्बर 2025 को भेज दी गई है, जिनके ई-मेल आईडीज 29 अगस्त, 2025 के अनुसार कम्पनी/आरटीए/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट(एस) के पास पंजीकृत हैं। इलैक्ट्रोनिकली भेजी गयी वार्षिक रिपोर्ट और अन्य संचार कम्पनी की वेबसाइट http://fmecinternational.com/investor.html पर प्रदर्शित किए गए हैं।
इसके अतिरिक्त, सेबी (लिस्टिंग आब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 संशोधित अनुसार के नियमन (36)(1)(बी) के अनुरूप, सटीक पथ समेत वेब लिंक जहां वार्षिक रिपोर्ट उपलब्ध है, उन सदस्यों को पत्रों के माध्यम से भेजी जा रही है जो अपने ई-मेल आईडीज पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं।

**(बी) बुक क्लोजर :**
सेबी (लिस्टिंग ऑबलिगेशंस एंड डिस्कलोजर अपेक्षाएं) नियमनों 2015 के नियमन 42 और कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 के नियम 10 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 91 के तहत सूचना दी जाती है कि कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स शनिवार 20 सितम्बर 2025 से शुक्रवार, 26 सितम्बर 2025 तक (दोनों दिन मिलाकर) बंद रहेंगे।

**(सी) ई-वोटिंग :**
सेबी (लिस्टिंग ऑबलिगेशंस एंड घोषणा अपेक्षाएं) नियमनों 2015 के नियमन 44 और कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 संशोधित अनुसार के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 108 और सामान्य बैठकों पर सचिवालीय मानदंडों के प्रावधानों की अनुपालना में, कम्पनी सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार सभी प्रस्तावों हेतु एजीएम के स्थल के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान से इलैक्ट्रोनिकली अपना मत देने के लिये इसके शेयरधारकों हेतु दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा प्रदान कर रही है, जिसके लिये कम्पनी ने ई-वोटिंग एजेंसी के रूप में एनएसडीएल की सेवाएं ली हैं।
सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :-

1. इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा मतदान के लिये पात्रता सुनिश्चित करने हेतु कट ऑफ तिथि 19 सितम्बर 2025 है।
2. एजीएम की सूचना का प्रेषण पूर्ण करने की तिथि : 02 सितम्बर 2025
3. कोई व्यक्ति जो एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी के शेयर अर्जित करता है और सदस्य बनता है और कट ऑफ तिथि अर्थात् 19 सितम्बर 2025 के अनुसार शेयर धारण करता है, अपना फोलियो नं. / डीपी आईडी और क्लाइंट आईडी नं. वर्णित करते हुए fmecinternational@gmail.com और evoting@nsdl.co.in को एक ई-मेल भेजकर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं। यद्यपि, यदि ऐसे शेयरधारक दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु एनएसडीएल के पास पहले से ही पंजीकृत हैं तो अपना मत देने के लिये मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकते हैं।

| | |
|---|---|
| दूरस्थ ई-वोटिंग के प्रारम्भ होने की तिथि व समय | मंगलवार, 23 सितम्बर 2025, पूर्वा. 9:00 बजे (आईएसटी) |
| दूरस्थ ई-वोटिंग के समाप्त होने की तिथि व समय | बृहस्पतिवार, 25 सितम्बर, 2025 अप. 5.00 बजे (आईएसटी) |

4. इलैक्ट्रोनिक साधनों के माध्यम से दूरस्थ ई-वोटिंग की अनुमति बृहस्पतिवार, 25 सितम्बर 2025 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) के पश्चात नहीं दी जाएगी।
5. वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना कंपनी की वेबसाइट अर्थात http://fmecinternational.com / और एनएसडीएल की वेबसाइट अर्थात www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है।

सदस्य जो एजीएम से पूर्व दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मत दे चुके हैं, भी एजीएम में उपस्थित रह सकते हैं; यद्यपि उन सदस्यों को एजीएम के दौरान दोबारा ई-वोटिंग के माध्यम से अपने मत देने का अधिकार नहीं होगा।
ई-वोटिंग के संबंध में किसी शिकायत के मामले में सदस्य सहायता और बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यूस) और हैल्प सैक्शन के तहत ई-वोटिंग यूजर मैन्यूल www.evoting.nsdl.com देख सकते हैं अथवा evoting@nsdl.co.in पर एक ई-मेल लिख सकते हैं अथवा हैल्पडैस्क: 18001020990 पर कॉल करें अथवा www.fmecinternational.com पर ई-मेल करें अथवा 011-49954225 पर कॉल करें।
ई-वोटिंग का परिणाम कंपनी के एजीएम को अथवा इसके पश्चात घोषित किया जायेगा। संवीक्षाकर्ता की रिपोर्ट सहित घोषित परिणाम स्टॉक एक्सचेंजेज के पास संचारित किये जाने के साथ-साथ सदस्यों की जानकारी हेतु कंपनी की वेबसाईट और एनएसडीएल की वेबसाईट पर डाला जायेगा।
उपरोक्त के संदर्भ में विस्तृत निर्देश एजीएम की सूचना में उपलब्ध करवाए जाएंगे और शेयरधारकों से इस पर ध्यान देने का आग्रह किया जाता है।

कृते व बोर्ड की ओर से
एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
रोनिका ढल
एसीएस 39463
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

नई दिल्ली
02.09.2025

# मानसून का रौद्र रूप, यूपी के 25 जिलों में बहुत भारी बारिश, रहे सावधान

मानसून एक बार फिर तेजी से सक्रिय हो गया। प्रदेश के कई जिलों में सामान्य से अधिक बारिश रिकार्ड की गई है। मौसम विभाग ने अगले 12 घंटे में इन 25 जिलों में बहुत भारी बारिश के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। गोंडा- बहराइच लखनऊ, संभल,पीलीभीत समेत कई जिलों में सोमवार को जमकर बारिश हुई। जिससे लोगों को उमस और गर्मी से काफी राहत मिली है। मौसम विभाग ने सितंबर माह में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने अगले 12 घंटे में प्रदेश के 25 जिलों में बहुत भारी बारिश के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही अन्य कई जिलों में मेघगर्जन के साथ वज्रपात

**मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया**

## 30 जिलों में मेघ गर्जन के साथ वज्रपात



मौसम विभाग ने अगले 12 घंटे में प्रदेश के 25 जिलों में बहुत भारी बारिश के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। यानी 2 सितंबर को भी मूसलाधार बारिश होने की संभावना है। जबकि 30 जिलों में मेघ गर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है। पिछले 24 घंटे के आंकड़ों पर नजर डालें तो प्रदेश के कई जिलों में सामान्य से अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई है।

## संभल में खुले नाले में गिरने से सिपाही और मासूम की मौत

**खुले नाले में गिरी अर्चना**

संभल जिले में लगातार हो रही तेज बारिश में दो लोगों की जान चली गई। खुले नालों में गिरने से सिपाही और चार साल की मासूम बच्ची की जिंदगी छीन ली। दोनों हादसों ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। देर रात सामने से आ रही गाड़ी को साइड देने के दौरान बाइक पर सवार सिपाही का पैर फिसल गया और वह नाले में गिर पड़ा। तेज बहाव में वह बह गया। मौके पर मौजूद बच्चे ने बाइक स्टार्ट देख लोगों को जानकारी दी। करीब एक घंटे की तलाश के बाद सिपाही को नाले से बाहर निकाला गया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस हादसे से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

सोमवार सुबह रायसत्ती थाना क्षेत्र के मोहल्ला लोधी सराय बढ़ई वाली बस्ती निवासी ई-रिक्शा चालक राधेश्याम अपनी पत्नी दूली और बच्चों के साथ माता के थान पर जात लगाने आया था। इसी दौरान उसकी चार वर्षीय बेटी अर्चना खुले नाले में गिर गई। परिजनों और लोगों ने तलाश की तो बच्ची करीब 150 मीटर दूर नाले में दिखाई दी। उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### यूपी के इस जिले में तीन सितंबर तक स्कूल बंद

पीलीभीत जिले में सोमवार को बारिश का क्रम जारी रहा। इसके मद्देनजर डीएम ने स्कूलों में अवकाश बढ़ा दिया है। अब तीन सितंबर तक के स्कूल बंद रहेंगे। इससे पहले दो सितंबर तक 12वीं तक के स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया था।

**खबर संक्षेप**

### स्कूल में तिरंगा हटाकर इस्लामिक झंडा लगाया



लखीमपुर खीरी। थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के गांव लखहा अलीगंज में उच्च प्राथमिक विद्यालय की छत पर तिरंगा हटाकर इस्लामिक झंडा लगाए जाने का मामला सामने आया है। गांव के ही एक व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद सहित सात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। दो आरोपी हिरासत में लिए गए हैं।मामले के तूल पकड़ने पर प्रशासन भी जांच में जुट गया है।

### झारखंड में 9 उग्रवादियों ने किया सरेंडर



लातेहार। यहां 9 उग्रवादियों द्वारा पुलिस को सरेंडर करने की खबर सामने आई है। यहां पुलिस की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर लाखों के इनाम वाले उग्रवादियों ने सरेंडर किया है। सरेंडर किए गए उग्रवादियों में जोनल कमांडर, सब जोनल कमांडर समेत एरिया कमांडर शामिल हैं।झारखंड पुलिस द्वारा साझा की गई जानकारी के मुताबिक इनके पास बड़ी मात्रा में गोला बारूद बरामद हुआ है।

**बिहार में नया हवाई अड्डा उड़ान के लिए तैयार**

# जल्द शुरू होगी पहली फ्लाइट की बुकिंग




एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के चौथे एयरपोर्ट के रूप में पूर्णिया नजर आने लगा है। हालांकि अभी एयरपोर्ट का उद्घाटन नहीं हुआ है। लेकिन इंडिगो की साइट पर पूर्णिया एयरपोर्ट का कोड 'पीएक्सएन' नजर आने लगा है। वहीं कंपनी की तरफ से बताया जा रहा है कि अगले एक दो दिन में दिल्ली से पूर्णिया के बीच चलनेवाली फ्लाइट की बुकिंग भी शुरू हो जाएगी। पूर्णिया एयरपोर्ट का उद्घाटन आगामी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करने वाले हैं। इससे कोशी-सीमांचल के विकास को नया आयाम मिलेगा।

एयरपोर्ट अब उड़ान भरने के लिए लगभग तैयार हो गया है। टर्मिनल बिल्डिंग, सड़क सहित अन्य निर्माण कार्य 95 फीसद काम पूरा कर लिया गया है तथा इसे पांच सितंबर तक हैंडओवर करने की तैयारी की जा रही है।

### महिलाओं को 27000 करोड़ नकद बांटने को तैयार नीतीश सरकार

पटना। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत करके चुनाव से पहले महिलाओं के जरिए हर परिवार को मांगने पर 10 हजार रुपए कैश ट्रांसफर की तैयारी कर ली है। आरजेडी के सीएम कैंडिडेट तेजस्वी यादव ने पेंशन बढ़ाने, मुफ्त मर्दी परीक्षा के साथ आना-जाना फ्री, महिलाओं के लिए हर महीने 2500 रुपए नकद वाली माई बहिन मान योजना जैसे कई वादे किए हैं। तेजस्वी यादव के एक-एक वादे की काट निकाल रही नीतीश सरकार ने महिला रोजगार योजना चालू करके इरादा जताया है कि नकद देने या बढ़ाने के विपक्षी वादों से मुकाबले के लिए एनडीए सरकारी खजाना से नकद बहाने को तैयार है।

**योगी सरकार ने दोपहिया वाहनों के लिए लागू किया नया नियम**

# यूपी में हेलमेट नहीं लगाया तो पड़ेगा भारी

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने सड़क सुरक्षा के लिए नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान शुरू किया है। 1 सितंबर से शुरू होकर 30 सितंबर तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता से अपील की है कि वे पहले हेलमेट बाद में ईंधन के नियम का पालन करें।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में जीवन रक्षा, सबकी सुरक्षा के लिए बड़ी पहल की है। प्रदेशवासियों की सुरक्षा का संकल्प लेते हुए योगी सरकार पहली सितंबर से 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाएगी। पूरे प्रदेश में यह अभियान जिलाधिकारी के नेतृत्व में जिला सड़क सुरक्षा समिति (डीआरएससी) के समन्वय से चलाया जाएगा। 30 सितंबर तक चलने वाले अभियान में परिवहन, पुलिस, राजस्व/जिला प्रशासन के अधिकारी मिलकर मुख्य जिम्मेदारी निभाएंगे।

**खास बातें**

- जीवन रक्षा, सबकी सुरक्षा के लिए योगी सरकार की बड़ी पहल
- मुख्यमंत्री ने की आमजन से अपील- पहले हेलमेट, बाद में ईंधन
- कानून के अनुरूप व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना है

**योगी सरकार ने मांगा जनता का साथ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से अपील की-पहले हेलमेट, बाद में ईंधन। सीएम योगी ने कहा कि 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' का उद्देश्य दंडित करना नहीं, बल्कि हर नागरिक को कानून के अनुरूप सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना है। ईंधन तभी, जब हेलमेट सिर पर हो। सीएम ने अभियान की सफलता के लिए प्रदेशवासियों का साथ भी मांगा।

**पेट्रोल डीलर एसोसिएशन भी साथ**

परिवहन आयुक्त ने कहा कि अभियान पूरी तरह से जनता के हित में है। इससे दोपहिया वाहनस्वामी शीघ्र ही हेलमेट लगाने की आदत विकसित कर लेते हैं। उन्होंने तेल विपणन कंपनियों और सभी पेट्रोल पम्प संचालकों से भी सहयोग मांगा। खाद्य एवं रसद विभाग के माध्यम से पेट्रोल पम्प स्तर पर आवश्यक समन्वय/निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। नागरिक, उद्योग और प्रशासन मिलकर सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु एवं गंभीर चोटों को कम करने के राष्ट्रीय लक्ष्य की ओर ठोस कदम बढ़ाएंगे। सूचना व जनसंपर्क विभाग जन जागरूकता में सहयोग करेगा। सरकार के इस प्रयास में पेट्रोल डीलर एसोसिएशन ने भी सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

**सीएम योगी ने जारी किए निर्देश**

### जेल में गंभीर रोग से जूझ रहे बंदियों की रिहाई होगी आसान

लखनऊ। जेल में गंभीर रोग से जूझ रहे बंदियों की रिहाई अब और आसान होने वाली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक समीक्षा बैठक में गंभीर बीमारी से पीड़ित कैदियों की समयपूर्व रिहाई से संबंधित नियमों को और अधिक सरल, स्पष्ट एवं मानवीय दृष्टिकोण से परिभाषित करने की जरूरत पर जोर दिया है। मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट किया कि पात्र बंदियों की रिहाई स्वतः विचाराधीन होनी चाहिए और इसके लिए उन्हें अलग से आवेदन न करना पड़े। उन्होंने निर्देश दिए कि प्राणघातक रोग से पीड़ित होने की आशंका वाले सिद्ध दोषबंदी, जिसे मुक्त करने पर उसके स्वस्थ होने की उपयुक्त संभावना है, घातक बीमारी या किसी प्रकार की अशक्तता से पीड़ित सजायाफ्ता जिसकी मृत्यु निकट भविष्य में होने की आशंका हो, प्रदेश के सभी कारागारों में सर्वेक्षण कर उनकी वास्तविक संख्या का आकलन किया जाए। इनमें महिलाओं, बुजुर्गों को प्राथमिकता के आधार पर रिहा करने की व्यवस्था हो।

## पेज एक का शेष

### कई जिंदगियां मिट्टी....

तीव्रता वाले भूकंप ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। इसके बाद भी इलाके में कई झटके आए। सोशल मीडिया और समाचार चैनलों पर प्रसारित वीडियो फुटेज में बचावकर्मी घायल लोगों को ढही हुई इमारतों से स्ट्रेचर पर उठाकर हेलिकॉप्टरों में ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि कई लोग अपने हाथों से मलबा हटाने की कोशिश कर रहे हैं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ज्यादातर लोग कुनार प्रांत में हताहत हुए हैं।

### आतंकवाद के ...

को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमले का उल्लेख किया गया है। बल्कि समूह देशों ने एकजुटता के साथ इसकी कड़े शब्दों में निंदा करते हुए पीड़ितों के परिजनों और घायलों के प्रति गहरी संवेदनाएं भी प्रकट की हैं। घोषणापत्र के मुताबिक, ऐसे हमलों के अपराधियों, आयोजकों और प्रायोजकों को न्याय के कटघरे में खड़ा किया जाना चाहिए। समूह देशों ने एससीओ के मूल सिद्धांतों आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद के खिलाफ एकजुट अंदाज में लड़ने के लिए प्रतिबद्धता जताई। साथ ही आतंकवाद के सभी रूपों, अभिव्यक्तियों की आलोचना करते हुए इसके खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंडों को अस्वीकार्य बताया है। सदस्यों देशों ने वैश्विक समुदाय से आतंकवाद, सीमापार आतंकवादियों की गतिविधियों को लेकर संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में एकजुटता का आह्वान किया है। यूएनएससी के प्रस्तावों, वैश्विक आतंकवाद रोधी रणनीति के साथ ही अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर एक व्यापक संधि को एकजुटता से अपनाने की आवश्यकता पर भी एससीओ ने बल दिया है। इसके अलावा घोषणापत्र में पहलगाम के साथ ही पाकिस्तान में इसी साल 11 मार्च को हुए जफर एक्सप्रेस और 21 मई को खुजदार में हुए आतंकी हमलों का भी जिक्र किया गया है। कुल मिलाकर इस अहम दस्तावेज में आतंकवाद के खिलाफ सख्ती दिखाने के साथ ही यूएन सुधार, मानवाधिकार समेत भारत की कुछ जरूरी पहल जैसे वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर, 5 वें एससीओ स्टार्टअप फोरम के परिणाम व 20 समूह फोरम को शामिल किया गया है। बताते चलें कि प्रधानमंत्री मोदी बीते शनिवार को एससीओ सम्मेलन में भाग लेने के लिए जापान से तियानजिन पहुंचे थे। जहां 31 अगस्त को उनकी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई थी। इसके ठीक अगले दिन उन्होंने एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लिया, रूस के राष्ट्रपति से भी पीएम मिले। जिसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी का चीन दौरा समाप्त हो गया और वह भारत लौट गए हैं।

**यूं की पाक पीएम की अनदेखी** : सम्मेलन के दौरान या उससे इतर भारत-पाकिस्तान के प्रधानमंत्रियों के बीच किसी तरह का कोई शिष्टाचार अभिवादन या संवाद नहीं हुआ। सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो में पीएम मोदी, रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ बातचीत करते हुए आगे बढ़ते हुए नजर आ रहे हैं, जहां पर शरीफ की भी मौजूदगी है, वो पीएम की तरफ देख भी रहे हैं। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने उनकी तरफ देखा भी नहीं और साफ तौर पर पाक पीएम की अनदेखी की।

**भारत के लिए एससीओ के मायने** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एससीओ को लेकर भारत की सोच और नीति, सुरक्षा (एस), कनेक्टिविटी (सी) और अवसरों (ओ) जैसे तीन स्तंभों पर टिकी हुई है। पहले स्तंभ सुरक्षा में किसी भी देश के विकास का आधार सुरक्षा, शांति और स्थिरता ही हैं। लेकिन इस मार्ग में आतंकवाद, अलगाववाद और अतिवाद बड़ी चुनौतियां हैं। कोई देश, समाज या नागरिक अपने आपको इससे सुरक्षित नहीं समझ सकता है। जिसे देखते हुए भारत ने आतंकवाद से लड़ाई में एकजुटता पर जोर दिया है। एससीओ-रेट्स की अहम भूमिका के तहत 2025 में भारत ने संयुक्त सूचना अभियान का नेतृत्व करते हुए अलकायदा और उससे जुड़े आतंकी संगठन से लड़ने का कदम उठाया है। हमने कट्टरता के खिलाफ समन्वय बढ़ाने और साथ मिलकर कदम का भी प्रस्ताव रखा है। साथ ही आतंकी वित्तपोषण के विरूद्ध भी आवाज उठायी है। बीते 40 वर्षों से भारत निर्मम आतंकवाद का दंश झेल रहा है। जिसमें कई माताओं ने अपने बच्चे खोए, कितने बच्चे अनाथ हो गए।

**ग्लोबल साउथ की स्क्रीन बदलनी होगी** : वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं को एक पुराने तंत्र में कैद रखना भावी पीढ़ियों के लिए बहुत गलत है। नए जमाने की पीढ़ी के सपनों को हम पुराने जमाने की काली-सफेद स्क्रीन पर नहीं दिखा सकते हैं, हमें स्क्रीन बदलनी होगी। उन्होंने कहा कि एससीओ बहुपक्षवाद और समावेशी विश्व व्यवस्था का मार्गदर्शक बन सकता है। भारत ने हमेशा से ही समूह में एक रचनात्मक और सकारात्मक भूमिका निभाई है। बीते 24 वर्षों में पूरे यूरेशिया क्षेत्र को जोड़ने में एससीओ का अहम योगदान है। प्रधानमंत्री ने एससीओ के अगले अध्यक्ष के रूप में किर्गिस्तान के राष्ट्रपति जपारोव को शुभकामनाएं दी।

### जब पुतिन ने जताई पीएम...

जिनपिंग और पुतिन के बीच की केमिस्ट्री साफ नजर आ रही थी। इन सबके बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात का पूरा फंसाना भी एक्स पर तेजी से वायरल हुआ। जिसमें कभी दोनों नेता एससीओ सम्मेलन के आयोजन स्थल पर बेहद गर्मजोशी के साथ एक-दूसरे को गले लगाते हुए आपसी अभिवादन स्वीकार करते हुए नजर आए। तो कभी रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी के साथ समूह के आयोजन स्थल से इतर किसी अलग जगह पर जाकर द्विपक्षीय बैठक करने की इच्छा जताई, उन्होंने पीएम का 10 मिनट इंतजार भी किया। फिर दोनों की साथ में एससीओ बैठक स्थल से एक ही कार में बैठकर जाने की तस्वीरें भी सामने आई। जिसमें मोदी-पुतिन के बीच कुल करीब 45 मिनट तक बातचीत हुई। इसके बाद होटल पहुंचकर भारत और रूस के राष्ट्राध्यक्षों के बीच बैठक में द्विपक्षीय सहयोग पर करीब घंटे भर तक बातचीत हुई।

**यूक्रेन सहित क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों पर हुई चर्चा** : विदेश मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच हुई बैठक में आर्थिक, वित्तीय और ऊर्जा क्षेत्र के साथ द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों पर व्यापक रूप से चर्चा की गई। इसके अलावा यूक्रेन विवाद से जुड़े हालिया घटनाक्रमों और क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी दोनों नेताओं ने विचारों का आदान-प्रदान किया। पीएम मोदी ने संघर्ष के समाधान के लिए हाल के समय में की गई पहलों को लेकर अपने समर्थन को दोहराते हुए इसे जल्द ही समाप्त करने और एक स्थायी शांति समझौते की आवश्यकता पर बल दिया है। दोनों नेताओं ने आपसी सहयोग से जुड़े क्षेत्रों में घनिष्ठता पर संतोष जताया। साथ ही भारत-रूस के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए अपना समर्थन प्रदान किया। पीएम ने राष्ट्रपति पुतिन के समक्ष इस साल के अंत में भारत में आयोजित किए जाने वाले 23 वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में उनका स्वागत करने को लेकर कहा कि 140 करोड़ भारतीय आपका उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं।

**यूक्रेन में शांति की है पूरी मानवता की पुकार** : मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री ने इस बैठक में दिए अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा, यूक्रेन में जारी संघर्ष के मामले पर हम लगातार चर्चा करते रहे हैं। हालिया किए गए शांति के प्रयासों का हम स्वागत करते हैं और ये उम्मीद करते हैं कि सभी पक्ष रचनात्मक रूप से आगे बढ़ेंगे। इस संघर्ष को शीघ्र अति शीघ्र खत्म करने और स्थायी शांति स्थापित करने का रास्ता ढूंढना पड़ेगा। यही समूची मानवता की पुकार है। पीएम ने रूस के राष्ट्रपति के साथ बैठक को लेकर खुशी जाहिर की और कहा कि आपको मिलना मतलब एक यादगार मीटिंग भी होती है। बहुत सी चीजों की जानकारियों का आदान-प्रदान का अवसर मिलता है। हम लगातार संपर्क में रहे हैं और हमारे बीच कई उच्च स्तरीय बैठकें भी हुई हैं।

**कठिन समय में कंधे से कंधा मिलाकर चले** : पीएम ने कहा कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी भारत और रूस हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर चले हैं। हमारा करीबी सहयोग न केवल दोनों देशों के लिए बल्कि अंतरराष्ट्रीय शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए भी महत्वपूर्ण है। भारत-रूस की विशेष-विशिष्ट रणनीतिक साझेदारी हमारे संबंधों की गहराई और व्यापकता की परिचायक है।

### भारत और अमेरिका के ...

नींद उड़ा दी है। क्योंकि इनके तुरंत बाद ही डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'ट्रूथ सोशल' पर एक पोस्ट के जरिए भारत के खिलाफ अपनी पूरी भड़ास निकाली है। उन्होंने भारत और अमेरिका के बीच होने वाले व्यापार को पूरी तरह से 'एकतरफा-आपदा' करार दिया है। साथ ही भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के लिए भी उसे ही जिम्मेदार ठहराया और कहा कि व्यापार के मामले में भारत को अमेरिका से फायदा होता है, लेकिन हमें दशकों से उनके द्वारा अमेरिकी सामान पर लगाए गए ऊंचे टैक्स (टैरिफ) के चलते भारत से व्यापार में नुकसान उठाना पड़ रहा है। भारत ने हालांकि टैरिफ को शून्य करने की पेशकश की है। लेकिन अब इसे लेकर बहुत देर हो चुकी है। क्योंकि उन्हें सालों पहले ऐसा कर देना चाहिए था। वर्तमान में भारत-अमेरिका आर्थिक संबंधों यानी व्यापार पर नजर डालें तो ये पूरी तरह से एकतरफा है। यहां बता दें कि अमेरिका के राष्ट्रपति का भारत-अमेरिका व्यापार और टैरिफ के संबंध में यह बयान एक ऐसे समय में सामने आया है। जब खुद उनके ही देश में मामले को अमेरिकी अदालतों में चुनौती दी जा रही है।

**अमेरिकी व्यवसायी नहीं कर पाते व्यापार** : उन्होंने कहा कि यह नई दिल्ली की सरकार है, जिसने व्यापार समझौते को लेकर होने वाली बातचीत के संबंध में फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। ट्रंप ने ये दावा भी किया कि बहुत कम लोग जानते हैं कि हम भारत के साथ बहुत थोड़ा ही व्यापार करते हैं। लेकिन भारत हमारे साथ काफी व्यापार करता है। जिसके पीछे की बड़ी वजह नई दिल्ली द्वारा हमारे सामान पर लगाया जाने वाला ऊंचा टैरिफ जिम्मेदार है। इसी से हमारे व्यापारी भारत में अपना सामान नहीं बेच पाते हैं। जबकि अमेरिका भारत के साथ ऐसा नहीं करता है। भारत के लिए अमेरिका के साथ व्यापार फायदे का सौदा है। लेकिन हमारे लिए उनके साथ व्यापार करना घाटे का सौदा है।

**अमेरिका से होती मामूली हथियार खरीद** : डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनका ज्यादातर तेल और सैन्य हथियार, उत्पाद रूस से खरीदे गए हैं। इसमें अमेरिका की भागीदारी बहुत कम है। यही वजह है कि 25 फीसदी दंडात्मक टैरिफ के साथ भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगाया गया।

### सोना पहली बार...

रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,17,572 रुपए थी। सोमवार को सोना-चांदी की कीमतों में तेजी आने की वजह अमेरिकी डॉलर में कमजोरी, सितंबर में फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कटौती उम्मीदें और ट्रंप टैरिफ से जुड़ी अनिश्चितताएं रही हैं। जानकारों कहना है कि अमेरिका के टैरिफ के चलते भू-राजनैतिक तनाव के चलते गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है और इसकी डिमांड भी बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 8 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं, चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 28,630 रुपए बढ़कर 1,04,792 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 37,233 रुपए बढ़कर 1,23,250 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

### सरकार को 1.86....

कलेक्शन 1.96 लाख करोड़ था, जो अगस्त से ज्यादा है। अगस्त 2025 में भारत का नेट जीएसटी रेवन्यू 1.67 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की तुलना में 10.7% ज्यादा है। इस दौरान घरेलू राजस्व 9.6% बढ़कर 1.37 लाख करोड़ हुआ, जबकि आयात कर 1.2% घटकर 49,354 करोड़ रह गया। वहीं, जीएसटी रिफंड 20% घटकर 19,359 करोड़ पर आ गया। यह आंकड़े ऐसे समय में आए हैं जब दो दिन बाद जीएसटी काउंसिल की बैठक होने वाली है, जिसमें टैक्स रेट को आसान बनाने और स्लैब की संख्या कम करने पर चर्चा होगी।

### पंजाब के किसान चिंता नहीं ...

चतुर्वेदी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने देशभर में कृषि क्षेत्र की स्थिति को लेकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह को विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान बताया गया कि खरीफ बुवाई क्षेत्रफल में पिछले वर्ष के मुकाबले आशाजनक वृद्धि हुई है। खाद्यान्न फसलों के साथ ही बागवानी क्षेत्र की प्रगति के बारे में भी चौहान ने जानकारी ली। विशेषकर आलू, प्याज और टमाटर के उत्पादन की स्थिति और कीमतों के बारे में उन्होंने जानकारी हासिल की। बैठक में अधिकारियों ने विभिन्न राज्यों में हो रही बारिश और जलाशयों की स्थिति के बारे में भी बताया, जिसमें कहा गया कि कई राज्यों में इस वर्ष औसत से अधिक बारिश हुई, जो फसलों के लिए लाभदायक स्थिति है। अच्छी बारिश से जलाशय भरे हुए हैं। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए कि खाद्यान्न फसलों के साथ ही किसानों को बागवानी सहित इंटीग्रेटेड फार्मिंग के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि किसानों को अधिक लाभ हो सकें। उन्होंने कहा कि भविष्य की मांग के मद्देनजर हमें खेतों में अनाज के साथ अन्य वैकल्पिक उपायों से कृषि क्षेत्र का समग्र विकास करना होगा। बागवानी और 'इंटीग्रेटेड फार्मिंग" इस दिशा में कारगर उपाय है। उन्होंने 'इंटीग्रेटेड फार्मिंग मॉडल' के किसानों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए भी निर्देशित किया।

### ओडीआई वर्ल्ड कप...

करेंसी एक्सचेंज करके देखा जाए तो यह धन राशि 83 करोड़ से ज्यादा बैठती है लेकिन महिला वर्ल्ड कप की रकम इससे काफी ज्यादा है।

**हर विभाग में बढ़ी इनामी रकम**: हर विभाग में इनामी रकम बढ़ी है, अब विश्व कप विजेता टीम को 4.48 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग रु 37.3 करोड़) मिलेंगे। यह 2022 में ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को मिली राशि (1.32 मिलियन डॉलर) से कई गुना ज़्यादा है, और 2023 में भारत को हराकर पुरुष विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को मिली राशि (4 मिलियन डॉलर) से भी अधिक है। हर चरण की इनामी राशि और गारंटीडी राशि दोनों में वृद्धि देखने को मिली है।

**हारने वाली टीम भी मालामाल**: महिला क्रिकेट में यह एक बड़ा आर्थिक सुधार कहा जा सकता है। दूसरे स्थान पर आने वाली टीम को 2.24 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 18.6 करोड़) की इनामी राशि दी जाएगी, जो 2022 में इंग्लैंड को मिले 600,000 डॉलर की तुलना में काफी ज्यादा है। इस तरह हारने वाली टीम के लिए भी इनामी राशि काफी ज्यादा रखी गई है।

### पदयात्रा के समापन पर पटना...

पदयात्रा का पटना समापन : यात्रा का समापन गांधी मैदान से शुरू हुई पदयात्रा से हुआ, जो डाकबंगला चौराहा तक पहुंची। महागठबंधन की योजना इसे आंबेडकर पार्क तक ले जाने की थी, लेकिन प्रशासन ने अनुमति नहीं दी। बावजूद इसके, महागठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या सड़कों पर उमड़ी और माहौल चुनावी सभा में तब्दील हो गया।

**एटम बम के बाद हाइड्रोजन बम** : सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनावी प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगाया। उन्होंने कहा,"एटम बम से बड़ा हाइड्रोजन बम आने वाला है। वोट चोरी की सच्चाई पूरे देश के सामने आएगी।" उन्होंने महाराष्ट्र के लोकसभा चुनाव का उदाहरण देते हुए दावा किया कि बीजेपी गठबंधन को "लगभग एक करोड़ फर्जी वोट" मिले। राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग और सत्ता गठबंधन मताधिकार छीनने की साजिश में शामिल हैं।

**विपक्षी नेताओं की मौजूदगी** : इस मौके पर तेजस्वी यादव, हेमंत सोरेन समेत महागठबंधन के कई बड़े नेता मौजूद रहे। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार की जनता अब पूरी तरह जागरूक हो चुकी है और लोकतंत्र की हत्या करने वालों को करारा जवाब देगी। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी पटना की सभा से जनता को संबोधित किया। उन्होंने चेतावनी दी, "मोदी-शाह आपको डुबा देंगे, अगर आप सतर्क नहीं हुए।" उन्होंने चुनाव आयोग पर भी पक्षपात का आरोप लगाया और निष्पक्ष चुनाव की मांग की।

### राहुल गांधी को जब भी सुनता...

परिवार में मतभेद बढ़ा दिया है क्या? क्या तेजस्वी 2 नंबर खिलाड़ी हो गए हैं बिहार में? ये देखने वाली बात है। 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने एक प्रोपेगेंडा खड़ा किया कि भाजपा आएगी तो संविधान बदलेगी। इसका दो जगह यूपी और महाराष्ट्र में असर पड़ा, लेकिन हमने चुनाव आयोग पर कुछ नहीं कहा। उस समय चुनाव आयोग तो ठीक था। अब चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं। देश की जनता को पता चल गया कि कांग्रेस और विपक्ष ने उनके साथ छल किया। इसके बाद हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली हर जगह उन्हें हराने का काम किया अब बिहार भी हराएंगे। रविशंकर प्रसाद ने कहा, राहुल गांधी योजनाबद्ध तरीके से जनता के मताधिकार के उपयोग का अपमान कर रहे हैं। राहुल गांधी के इस अहंकार को तोड़ना जरूरी है। ईवीएम के बिना चुनाव होता था तो बिहार में बूथ लूट होती थी। चुनाव आयोग की बदौलत बूथ कैप्चरिंग खत्म हो गई है। अब जब अखिलेश यादव या तेजस्वी यादव जैसे नेता बैलेट पेपर पर वापसी की मांग करते हैं, तो यह उनकी हताशा ही दर्शाता है। वे ईवीएम और एसआईआर का विरोध इसलिए करते हैं, क्योंकि अब वे बूथ कैप्चरिंग नहीं कर सकते। वे चाहते हैं कि घुसपैठिए वोट डालें। भाजपा सांसद ने कहा, राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर कई सवाल उठाए हैं, लेकिन हलफनामे के मुद्दे पर वह चुप क्यों हैं? मैं तीन सवाल उठाना चाहता हूं, जिनका जवाब राहुल गांधी को देना चाहिए। 21 लाख लोग मर चुके हैं। क्या उन्हें अब भी मतदाता सूची में रहना चाहिए? 7 लाख लोगों का नाम 2 जगह है, क्या उन्हें होना चाहिए क्या? 35 लाख लोग अब अपने पंजीकृत पते पर नहीं रहते, क्या उनके नाम बने रहना चाहिए? चुनाव आयोग ने स्पष्ट रूप से कहा है कि आपत्तियां हलफनामों के माध्यम से दर्ज की जानी चाहिए। राहुल गांधी इससे क्यों भाग रहे हैं? क्योंकि उन्हें पता है कि हलफनामे में झूठ बोलने पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने कहा, यह पहली बार नहीं है। राफेल से लेकर प्रधानमंत्री को 'चौकीदार चोर' कहने तक, यहां तक कि हमारी सेना से सबूत मांगने तक, बेबुनियाद आरोप लगाना राहुल गांधी की आदत रही है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे सैनिकों की वीरता को न तो स्वीकार किया है और न ही उसकी प्रशंसा की है। इसके बजाय, वे हर बात पर सवाल उठाते हैं। कोई भी संवैधानिक संस्था उनके हमलों से बची नहीं है। उनका मानना है कि वे जो भी सोचते हैं, वह सही ही होना चाहिए, चाहे तथ्य कुछ भी हों। लेकिन उन्हें समझना होगा कि उनका समय बीत चुका है। बिहार उन्हें जवाब देगा।

हरिभूमि सहेली

विशेष
शिक्षक दिवस
5 सितंबर



# सबसे बड़ा शिक्षक है समय

समय अच्छा हो या बुरा, समयानुसार घर-परिवार का जीवन, प्रोफेशनल लाइफ के उतार-चढ़ाव, ये हमें ऐसे सबक सिखाते हैं कि शिक्षक भी क्या सिखाएंगे। हर समय-काल में हम जो भी करते हैं, देखते हैं, ये सब हमें व्यावहारिक जीवन का पाठ पढ़ाते हैं, जीवन जीने की कला सिखाते हैं। जीवन में इसकी सार्थकता, उपयोगिता को हर किसी को जरूर समझना चाहिए।

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

घड़ी की टिक-टिक के साथ जिंदगी में हर पल, हर दिन, सामने आने वाले उतार-चढ़ाव, सुख-दुःख और सफलता-असफलता से जुड़े कई बदलाव। यानी, साथ चलने वाला टाइम जो सिखाता है, वो कोई नहीं सिखा सकता। पीड़ा का दौर हो या सुख का समय, अनगिनत सबक अपने साथ लाता है। यह हमसे जुड़े हालातों की ही नहीं, खुद हमारी हिम्मत और सूझ-बूझ की हकीकत से रूबरू करवा देता है। वक्त वाकई एक शिक्षक की तरह ही है, जो जीवन से जुड़े कितने ही फ्रंट्स पर एक नया नजरिया देता है। सीख और समझ के नए पाठ पढ़ाता है। कभी सजगता तो कभी सकारात्मकता के सबक देता है। जिंदगी का ऐसा कोई पहलू नहीं, जिससे जुड़ी सीख शिक्षकों से नहीं मिलती। कुछ इसी तरह समय भी जीवन के हर पक्ष पर कोई ना कोई सबक देता ही है, जरूरत इस बात की होती है कि वक्त के हर पड़ाव पर मिलने वाले अच्छे-बुरे सबक हम याद रखें।

## सीखना एक सतत प्रक्रिया

'जब तक जीना तब तक सीखना, अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।' स्वामी विवेकानंद का यह कथन व्यावहारिक धरातल से जुड़ा सच है। सीखने की प्रक्रिया जीवन भर चलती है। समय की धारा में जीवन के पड़ाव बदलते रहते हैं। परिस्थितियों में उतार-चढाव आते रहते हैं, पर जिंदगी का हर लम्हा कुछ ना कुछ समझाकर जाता है, कभी दुःख में कोई सीख हमारे हिस्से आती है तो कभी सुख कोई पाठ पढ़ा जाता है। जीवन के कठिन दौर में इंसान धैर्य और ठहराव का सबक सीखता है। वहीं सहजता और खुशियों को जीते हुए सहृदय और विनम्र बनने की सीख मिलती है। समझने वाली बात यह है कि दोनों ही हर तरह की परिस्थितियों के, एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह जीवन में आती-जाती रहती हैं। कहते भी हैं कि समय एक जैसा कभी नहीं रहता, वक्त के साथ बहुत कुछ बदलता और नए रंग ढलता हुआ मानवीय जीवन का हिस्सा बना रहता है। जीवन की कक्षा में शिक्षक बन सबक सिखाने वाला समय कभी नहीं ठहरता, जिसके चलते जिंदगी में नए सबक पाने के मोर्चे पर भी कोई ठहराव आता है, यही बात जीवन को गतिशील बनाए रखती है।


## हर पीड़ा का मरहम

वक्त हर पीड़ा का मरहम होता है। समय ही यह सिखाता है कि जीवन का हर दौर गुजर जाता है, इसीलिए धैर्य और दृढ़ता का गुण हम टाइम टीचर से ही सीखते हैं। समय हमारे भीतर यह भरोसा जगाता है कि मन की टूटन हो, रिश्तों का अलगाव हो या कामकाजी जिंदगी के फ्रंट पर कोई उलझाव-बिखराव, एक दिन सब ठीक हो जाता है। बस खुद को थामे रहने की दरकार होती है। कोई नेगेटिव कदम उठाने से दूर, वक्त दुख-दर्द झेलते हुए धैर्य रखना सिखाता है। समय कभी बदलाव को स्वीकार आगे बढ़ना तो कभी हालातों का डटकर सामना करने का पाठ पढ़ाता है। कहते हैं कि समय के फेर के आगे इंसान कुछ नहीं कर सकता है। हां, इस फेर में 'टाइम टीचर' से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। सच तो यह है कि इंसान किसी पुस्तक में पढ़े पाठ को भूल सकता है पर समय के उतार-चढावों से मिले किसी भी सबक को भुला पाना मुश्किल होता है। लाजिमी भी है, क्योंकि समय ऐसे सबक कठिन परीक्षा लेकर देता है। अनमोल कहा जाने वाला समय, जीवन के बहुत से पहलुओं पर वाकई अमूल्य सीख दे जाता है।



### वास्तविकता से परिचय

जिंदगी के हर फ्रंट पर वक्त इंसान को हकीकत से रूबरू करवाता है। अपने-पराए का भेद समझने की बात हो या खुद अपने अहंकार के बदले कुछ खो देने की स्थिति, समय गुरु बन हर परिस्थिति को स्पष्टता से समझा देता है। समय के साथ बनने-बिगड़ने वाले हालात ही इंसान को जीवन के हर सच से मिलवाते हैं, कहा भी जाता है कि वक्त किसी के लिए नहीं रुकता। इसीलिए समय से मिलने वाली शिक्षाएं, जीवन में प्राथमिकताएं तय करने का भाव भी लाती हैं। बीते पल लौटकर नहीं आते, यह समझ जिंदगी को खुलकर जीने की सोच को बल देती है। समय-समय पर हुई गलतियां इंसान में गैर-जरूरी चीजों के पीछे भागते रहने के बजाय, सुकून के साथ जीने का जज्बा पैदा करती हैं। इतना ही नहीं, हकीकत के धरातल पर वक्त ही रिश्तों के कच्चे-पक्के रंगों से भी मिलवाता हैं। हकीकत का सामना करवाने वाला समय का फेर हमें जीवन के ही नहीं, मन के मोर्चे पर भी बदल देता है। समय इंसानी समझ के पहलू को संवारता है। तालमेल की सीख देता है। जैसे शिक्षकों की भूमिका सोच को दिशा देने में अहम होती ही है, व्यावहारिक समझ को बेहतर बनाने में भी उनका अमूल्य योगदान होता है, वैसे ही समय का पाठ समय ही पढ़ाता है।



# ऑफिस में ऐसे बनेगी अच्छी इमेज

हर वर्किंग वूमेन वर्क प्लेस पर अपनी अच्छी इमेज बनाए रखना चाहती है। यह प्रोफेशल प्रोग्रेस के लिए जरूरी भी है। अगर आप कुछ बातों का ध्यान रखेंगी तो आपकी वर्क प्लेस इमेज बहुत बेहतर रहेगी, कुलीग्स ही नहीं, बॉस भी आपको एप्रिसिएट करेंगे।




वर्किंग वूमेन
प्रतिभा अग्निहोत्री

अकसर देखा जाता है, एक ही ऑफिस में कुछ महिलाएं अपने वर्क प्लेस पर बहुत अच्छी इमेज बना लेती हैं, वहीं बाकी महिलाएं अधिक काम करके भी ऐसा नहीं कर पातीं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि कुछ महिलाएं सिर्फ काम करती हैं तो कुछ काम को स्मार्टली और बेहतर ढंग से अंजाम देती हैं। आप भी जरूर अपने वर्क प्लेस पर अपनी इमेज को अच्छा बनाना चाहेंगी, तो इन बातों को ध्यान में रखें-

**पंक्चुअल रहें:** अकसर महिलाओं को लगता है कि पांच-दस मिनट ऑफिस लेट आने से क्या फर्क पड़ता है या कौन सा बॉस देख रहा है? आपकी यह सोच आपकी प्रोफेशनल इमेज को खराब करती है। एक बार खराब इमेज बन जाने पर उसे सुधारना काफी मुश्किल होता है। टाइम से दस मिनट पहले ऑफिस पहुंचने का नियम बनाएं, इससे आपके सीनियर्स को लगता है कि आप अपने काम के प्रति काफी सीरियस हैं।

### विनम्र-व्यवहार कुशल बनें



**कोई भी** गलती हो जाने पर उसे विनम्रतापूर्वक स्वीकार करके सुधारने का प्रयास आपकी प्रोफेशनल लाइफ को बेहतर बनाएगा। अपने सहकर्मियों के साथ भी अपने व्यवहार को लचीला और सुमधुर रखें। इससे ऑफिस में आपकी छवि अच्छी रहेगी।

**कंफर्ट जोन से बाहर निकलें:** अकसर वर्किंग वूमेन, किसी भी नए काम को करने या एक्सपेरिमेंट करने से बचती हैं, वे बने-बनाए ढर्रे पर चलना पसंद करती हैं। ऐसा करने के बजाय आप अपनी तरफ से इनोवेटिव प्रयास करें, अपने काम में अपनी क्रिएटिविटी को जोड़ें। इस तरह काम करने से ऑफिस में आपकी एक अलग छवि बनेगी, जो आपकी प्रोफेशनल लाइफ की इमेज को बेहतर बनाएगी।

**वीकनेस पर वर्क करें:** अनामिका का अपने प्रोजेक्ट पर आइडिएशन बहुत अच्छा था, लेकिन उसका एग्जीक्यूशन उतना ही कमजोर था, जिससे अकसर उसका आइडिया भी फ्लॉप हो जाया करता था। ऐसा आपके साथ ना हो इसके लिए यह समझना होगा कि कमियां हर इंसान के काम में हो सकती हैं, लेकिन जरूरी है कि अपनी उन कमियों को पहचानें, उन्हें दूर करें। वर्कप्लेस में अपनी कमियों को पहचानकर उन्हें जल्दी से जल्दी दूर करने का प्रयास करें, इससे आपकी छवि बेहतर बनेगी।

**समय सीमा का ध्यान रखें:** हर काम की एक निश्चित समय सीमा होती है। बेहतर है कि आप अपने हर ऑफिसियल कार्य को समय सीमा में ही समाप्त करें, इससे आपका कार्य समय पर समाप्त होगा ही, साथ ही बॉस की नजरों में आपकी इमेज भी बहुत अच्छी रहेगी।

**व्यवस्थित रहें:** अपने काम पर हमेशा फोकस्ड रहें, साथ ही व्यवस्थित भी रहें। अपनी डेस्क, कबर्ड और फाइल्स को हमेशा व्यवस्थित रखें ताकि जरूरत पड़ने पर आप इन्हें जल्दी से निकाल सकें या फिर आपकी अनुपस्थिति में कोई दूसरा भी आवश्यकतानुसार इनका उपयोग कर सके।

# थायरॉइड जानें लक्षण-कराएं उपचार

हाल के वर्षों में बहुत सी महिलाएं थायरॉइड की समस्या से ग्रसित हो रही हैं। क्या हैं इस रोग के कारण, इसके लक्षणों को कैसे पहचानें, इससे बचाव और उपचार के बारे में डिटेल में जानिए।

मेडिकल एडवाइस
डॉ. धीरज कपूर
एचओडी-एंडोक्राइनोलॉजी
आर्टिमिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम



हमारे शरीर में थायरॉइड नामक एंडोक्राइन ग्लैंड, गले के निचले हिस्से में स्थित होता है। इस ग्लैंड से खास तरह के हार्मोन टी-3 और टी-4 का स्राव होता है, जो शरीर की अनेक कोशिकाओं को सही ढंग से काम करने में मदद करते हैं। मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया को नियंत्रित करने में भी इन दोनों हार्मोंस का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इनकी कमी या अधिकता से भूख, नींद, वजन, शारीरिक वृद्धि और मनोदशा प्रभावित होती है।

**रोग के कारण :** जब थायरॉइड ग्लैंड से निकलने वाले हार्मोन में असंतुलन हो जाता है तो व्यक्ति इससे संबंधित रोग से ग्रसित हो जाता है। इसके अलावा आनुवांशिकता, जन्मजात रूप से ग्लैंड की संरचना में कोई गड़बड़ी, एंटीबायोटिक्स या स्टेरॉयड दवाओं के साइड इफेक्ट से भी थायरॉइड ग्लैंड की कार्य क्षमता प्रभावित हो सकती है।

**रोग के प्रकार:** आमतौर पर इस समस्या के दो रूप देखने को मिलते हैं, पहले प्रकार की समस्या को हाइपोथायरॉइडिज्म कहा जाता है। इसमें थायरॉइड ग्लैंड धीमी गति से काम करता है। इसकी वजह से शरीर के लिए आवश्यक हार्मोन टी-3 और टी-4 बहुत सीमित मात्रा में यानी जरूरत से कम मात्रा में बनता है। इससे टीएसएच हॉर्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जो ग्लैंड को अधिक मात्रा में हार्मोन बनाने के लिए उत्प्रेरित करता है। दूसरी अवस्था को हाइपरथायरॉइडिज्म कहते हैं। इसमें टी-3 और टी-4 हार्मोंस अधिक मात्रा में बनने लगता है, इससे टीएसएच यानी थायरॉइड स्टिम्युलेटिंग हार्मोन का निर्माण सीमित मात्रा में होने लगता है। रिसर्च से यह तथ्य सामने आया है कि अधिकतर लोगों में हाइपो थायरॉइडिज्म यानी हार्मोन का स्तर घटने की समस्या देखने को मिलती है। हाइपरथायरॉइडिज्म यानी हार्मोन का स्तर बढ़ने की समस्या एक प्रतिशत लोगों में ही देखने को मिलती है।

**प्रमुख लक्षण :** इस रोग में अलग-अलग लक्षण दिख सकते हैं। हाइपोथायरॉइडिज्म में जहां वजन बढ़ना, कब्ज, बाल झड़ना, त्वचा में रूखापन, पीरियड्स में अनियमितता, थकान और सुस्ती जैसे लक्षण नजर आते हैं, वहीं हाइपरथायरॉइडिज्म में वजन घटना, लूज मोशन, बेचैनी, पीरियड्स में ज्यादा ब्लीडिंग, चिड़चिड़ापन और अनिद्रा जैसे लक्षण नजर आते हैं।

**रोग के साइड इफेक्ट्स :** थायरॉइड की समस्या के कई साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। कंसीव करने से पहले महिलाओं को थायरॉइड की जांच अवश्य करवा लेनी चाहिए। अगर कोई समस्या हो तो दवाओं के नियमित सेवन से उसे दूर करने के बाद ही पारिवारिक जीवन की शुरुआत करनी चाहिए। अन्यथा इसकी वजह से मिसकैरेज और शिशु में जन्मजात मानसिक दुर्बलता जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

प्रस्तुतिः विनीता

### बचाव और उपचार



**अगर थायरॉइड** रोग से संबंधित कोई भी लक्षण नजर आए तो इसकी जांच अवश्य कराएं। अगर हाइपोथायरॉइडिज्म समस्या हो तो रोजाना सुबह खाली पेट दवाओं का सेवन जरूर करें। अगर हाइपरथायरॉइडिज्म हो, तो खाली पेट दवा लेना जरूरी नहीं है, आप किसी भी वक्त दवा ले सकती हैं। हर छह महीने के अंतराल पर नियमित जांच जरूरी है। इससे बचाव के लिए अपनी डाइट में सोयाबीन, बंदगोभी और ब्रॉक्ली से परहेज करें। नियमित जांच और दवाओं का सेवन ही इसका एकमात्र उपचार है। गंभीर स्थिति में आयोडीन थेरेपी भी दी जाती है। यह जीवनशैली से जुड़ी समस्या है, स्वस्थ आदतें अपना कर और दवाओं के नियमित सेवन से इसे आसानी से मैनेज किया जा सकता है।

# ड्राय बालों की ऐसे करें केयर



हेयर केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

बहुत सी महिलाएं अपने रूखे और बेजान दिखने वाले बालों से परेशान रहती हैं। इनके उपचार के लिए सैलून जाती हैं या कॉस्मेटिक उत्पादों का सहारा लेती हैं, लेकिन इसके बावजूद अकसर समस्या का सही समाधान नहीं मिल पाता। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो कुछ बहुत ही आसान घरेलू तरीके से उपचार कर सकती हैं। कैसे, विस्तार से यहां बता रहे हैं आपको।



**तेल और दही :** आपकी रसोई में रखा सरसों का तेल और दही बालों के रूखेपन की समस्या को काफी हद तक दूर कर सकता है। इसके लिए कांच की कटोरी में दो चम्मच ताजा दही लें और उसमें एक चम्मच सरसों का तेल मिलाएं। दोनों को अच्छी तरह मिक्स करके एक चिकना पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट को अपने सिर की त्वचा और बालों की लंबाई पर अच्छी तरह लगाएं ताकि यह बालों में समा जाए और आधे घंटे बाद माइल्ड शैंपू से बाल धो डालें।



**एलोवेरा जैल :** ड्राय बालों को मॉयश्चराइज करने में एलोवेरा जैल मदद करता है। एलोवेरा जैल को सीधे बालों पर लगाएं और 30 मिनट बाद धो लें। एलोवेरा जैल को बालों पर सीधा लगाने के बजाय आप इसे दही के साथ मिक्स कर अपने बालों पर लगा सकती हैं। इसके लिए आप ताजे एलोवेरा जैल को एक कंटेनर में निकाल लें। फिर इसमें दो बड़े चम्मच दही मिक्स कर दें। अब इस मिश्रण को फेंट लें। इसे अपने बालों में 30 मिनट के लिए लगाकर रखें और बाद में बालों को माइल्ड शैंपू से धो डालें। इससे ड्राय बाल मॉयश्चराइज्ड हो जाएंगे।

**नीबू और दही :** बालों की रूसी से छुटकारा पाने के लिए दही और नीबू को साथ मिलाकर लगाया जा सकता है। आधा कप दही में कुछ बूंदें नीबू के रस की मिलाएं और बालों पर लगाकर आधे घंटे रखने के बाद धो लें। इससे सिर की खुजली भी कम हो जाती है।



**बाल बनेंगे मुलायम :** बालों को नम और मुलायम बनाने में नारियल तेल काफी फायदेमंद साबित होता है क्योंकि नारियल का तेल एक नेचुरल मॉयश्चराइजर है, जो बालों में प्रवेश करके उन्हें मुलायम बनाता है और बालों की जड़ों तक नमी पहुंचाता है। अच्छे परिणाम के लिए सप्ताह में एक बार गुनगुने नारियल तेल से बालों की जड़ों से लेकर सिरे तक मालिश करें और इसे आधे घंटे के लिए छोड़ दें ताकि नारियल तेल बालों में अच्छी तरह रच जाए, फिर माइल्ड शैंपू कर लें।

# बहुत जरूरी है सस्टेनेबल लाइफस्टाइल



पॉली बैग्स को कहिए 'ना'



ना होने दें पानी की बर्बादी



सोलर एनर्जी का करें यूज

अवेयरनेस
बुशरा फातमा

जिंदगी की भाग-दौड़ में हम अपनी सुविधाओं और लापरवाही के लिए प्रकृति पर लगातार बोझ डाल रहे हैं। आए दिन होने वाली प्राकृतिक आपदाएं हमें आगाह कर रही हैं कि अगर हमने समय रहते प्राकृतिक संसाधनों को नहीं सहेजा तो भविष्य में छोटी-छोटी चीजों के लिए हम तरसेंगे। इसलिए हमें अपनी जीवनशैली में कई तरह के बदलाव लाने की जरूरत है, जो सस्टेनेबल हों, जिससे हमारी जरूरत और प्रकृति के बीच संतुलन बना रहे।

**जरूरतों को नियंत्रित करें:** कई बार हम ऐसी चीजें भी खरीद लेते हैं, जिसकी जरूरत शायद ही कभी हमें पड़े। चूंकि वो चीज हमें पसंद आ गई तो हम उसे खरीद लेते हैं। सस्टेनेबिलिटी का पहला कदम ही यही है कि जब जरूरत हो तभी सामान खरीदें।

**प्लास्टिक का मिनिमम यूज करें:** अपने दैनिक इस्तेमाल में जितना हो सके प्लास्टिक की जगह कांच, स्टील आदि का इस्तेमाल करें। प्लास्टिक न सिर्फ पर्यावरण के लिए नुकसानदेह होता है बल्कि इससे हमारे स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। किचेन में इस्तेमाल होने वाले सामानों के लिए प्लास्टिक का चुनाव बिल्कुल ना करें। बच्चों के लिए फैंसी प्लास्टिक बॉटल्स और टिफिन की जगह स्टील के टिफिन खरीदें। जब हम बाहर जाते हैं तो पानी की बोतल खरीद लेते हैं या चाय कॉफी के लिए प्लास्टिक के डिस्पोजेबल कप का इस्तेमाल कर लेते हैं। लेकिन अगर हमें अपनी धरती को बचाना है और अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना है तो पानी बोतल हमेशा घर से लेकर जाएं। कपड़े का बैग हमेशा साथ लेकर मार्केट के लिए निकलें ताकि प्लास्टिक बैग में सामान लेने की जरूरत न पड़े।

**रोकें पानी की बर्बादी:** यह बात हम सब जानते हैं कि साफ-मीठे पानी के प्राकृतिक स्रोत अब कम हो गए हैं, फिर भी हम पानी के अनावश्यक इस्तेमाल से खुद को रोक नहीं पाते। वर्षा जल का संरक्षण भी जरूरी है। इसके लिए किचेन के वेस्ट वाटर को गार्डनिंग में इस्तेमाल कर सकते हैं। वॉश बेसिन में ब्रश करते समय, बाथरूम में नहाते समय पानी बर्बाद होने से रोकें।

**ऊर्जा की बचत है जरूरी:** घर में ऐसे लाइट्स लगवाएं, जिसमें ऊर्जा की कम खपत हो। संभव हो तो सोलर एनर्जी का यूज किया जा सकता है।

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

# मप्र के 20 लाख किसानों को देंगे सोलर पावर पंप

**नए महाविद्यालय भवन का भूमिपूजन, महाराजा मानसिंह तोमर के नाम से जाना जाएगा महाविद्यालय**

**मुख्यमंत्री ने 52 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन**

## मुख्यमंत्री ने ग्राम राजौधा में किया सांदीपनि विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी अन्नदाताओं (किसानों) को सम्मान और सुविधा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बहुत जल्द 20 लाख से अधिक किसानों को सोलर पावर पंप उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे उन्हें बिजली बिल की समस्या से हमेशा के लिए निजात मिल जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को मुरैना जिले के ग्राम राजौधा में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के किसानों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से भी 6-6 हजार रुपए, इस प्रकार कुल 12 हजार रुपए सम्मान निधि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार प्रदेश की सभी लाड़ली बहनों को दीपावली के बाद भाईदूज से हर माह 1500 की राशि दी जाएगी।



### ग्राम ओरेठी में आसमानी माता मंदिर में किया पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुरैना प्रवास के दौरान तहसील पोरसा के ग्राम ओरेठी स्थित प्रसिद्ध आसमानी माता मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। यह ग्राम विधानसभा अध्यक्ष तोमर का पैतृक निवास है। मुख्यमंत्री ने तोमर के कुलदेवी मंदिर में दर्शन कर मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं से आत्मीय संवाद भी किया।

### 52 करोड़ 59 रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने 52 करोड़ 59 रुपए से अधिक लागत के विकास कार्यों को लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसमें 38.67 करोड़ की लागत से नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण और 14.92 करोड़ की लागत के नए शासकीय महाविद्यालय भवन का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि यह नया महाविद्यालय भवन महाराजा मानसिंह तोमर के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस महाविद्यालय में सभी जरूरी पाठ्यक्रम एवं संकाय शुरू किए जाएंगे।

### गांव-गांव तक पहुंच रही विकास की गंगा

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री की विकास के प्रति ललक, समाज के हर वर्ग के लिए संवेदनशीलता और संकल्प से विकास की गंगा गांव-गांव तक पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने ही इस गांव में महाविद्यालय खोलने की घोषणा की थी। नए भवन में बीएससी और बीकॉम संकाय भी शुरू होंगे। सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने कहा कि चंबल की धरती पर महाराज लोचनदास, महाराज रामदास, बालकदास, माखनदासजी और ऋषिजी का जन्म हुआ है।

महिला नेत्रियों ने भोपाल में किया विरोध-प्रदर्शन

## प्रधानमंत्री की माताजी के साथ कांग्रेस ने देश की सभी माता-बहनों का किया अपमानः खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत माता को लेकर कांग्रेस नेताओं की ओर से अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने के खिलाफ भाजपा ने रविवार को प्रदेश के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन किया है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद के नेतृत्व में भोपाल में लिंक रोड नंबर-एक, छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा के समक्ष महिला मोर्चा की नेत्रियों के साथ कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सांकेतिक अर्थी निकाली और उनसे माफी की मांग की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की दिवंगत माता को लेकर कांग्रेस नेता ने आपत्तिजनक टिप्पणी की है। प्रधानमंत्री मोदी का पूरा विश्व सम्मान करता है, कांग्रेस नेता उनको भी अपशब्द कहते हैं।

## खबर संक्षेप



### मन की बात कार्यक्रम में खूबीलाल का स्वागत

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ भूपेंद्र नागर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को बूथ नंबर 86 नानाखेड़ी में सुना। इसके बाद वरिष्ठ कार्यकर्ता खूबीलाल परमार का पार्टी का गमछा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता दशरथ गुर्जर, माखन परमार, मंडल मंत्री कोमल सिंह चौहान, मीडिया प्रभारी राहुल नागर, युवा नेता दीपक परमार आदि उपस्थित रहे।

### नाबालिग का अपहरण कर किया दुष्कर्म

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित बाग उमराव दूल्हा इलाके से आठवीं कक्षा की छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की उम्र 14 साल है, जबकि आरोपी स्नातक का छात्र है। करीब ढाई माह पूर्व आरोपी ने इंस्टाग्राम पर पीड़ित छात्रा से दोस्ती की थी। छह दिन पूर्व वह अपनी बाइक से नाबालिग को अपने घर ले गया और जबरन संबंध बनाए। घटना के बाद से आरोपी फरार है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक ऐशबाग थाना क्षेत्र में रहने वाली 14 साल की नाबालिग आठवीं कक्षा की छात्रा है। करीब ढाई महीने पहले इंस्टाग्राम पर छात्रा की दोस्ती अरबाज पठान से हुई थी। अरबाज मूलरूप से शुजालपुर का रहने वाला है और भोपाल में स्नातक की पढ़ाई कर रहा है। विगत 26 अगस्त को आरोपी अरबाज ने छात्रा को मिलने बुलाया था। बाग उमराव दूल्हा क्षेत्र से वह छात्रा को बाइक पर बिठाकर करोंद स्थित अपने सूने घर ले गया और डरा-धमकाकर शारीरिक संबंध बनाए। बाद में वह छात्रा को उसके घर के पास छोडकर फरार हो गया। डरी-सहमी छात्रा ने दो दिन बाद अपनी मां को घटना की जानकारी दी।

### पर्यूषण के महापर्व के चौथे दिन उत्तम सोच धर्म पर हुई चर्चा

**तामोट।** 1008 श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर तमोट में पर्यूषण के महापर्व के चौथे दिन रविवार को उत्तम सोच धर्म पर चर्चा की। सुबह जलाभिषेक और शांति धारा की गई। उसके बाद 1008 श्री पुष्पदंत भगवान का मोक्ष कल्याणक बड़े धूमधाम से मनाया गया। भगवान को निर्माण लाडू समस्त समाज द्वारा चढ़ाया गया। इस दौरान मनोज जैन अध्यक्ष जैन समाज तामोट के परिवार द्वारा रविवार दोपहर श्री 1008 बड़े बाबा का विधान किया गया, जिसमें समाज के लोग शामिल हुए। फिर निर्वाण लड्डू चढ़ाई और शाम को मंगल आरती कर शास्त्र जी का वचन हुआ। मनोज जैन, रीना, मुनमुन, गुनगुन, अरुण कुमार जैन, सुमन जैन, पूर्वी जैन, मोहित जैन, अजीत जैन, प्रतिभा जैन, अरविंद जैन, पिंकी जैन, युवंशी, युगांशी जैन सहित समाज के अन्य लोग शामिल हुए।

**पुष्पदंत भगवान का मोक्ष कल्याणक मनाया**

धूमधाम से मनाई गई श्रीराधा अष्टमी, मंदिरों में हुए भजन-कीर्तन

# आंवला, चंदन, सुगंधित तेल, इत्र से स्नान कराकर प्रभुश्री-राधाजी का अद्भुत श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रविवार को श्री राधा अष्टमी जंयती पर विभिन्न श्रीकृष्ण मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। मारवाड़ी रोड स्थित राधा कृष्ण मंदिर में सुबह विशेष पूजा-पाठ की गई। इस मौके पर आवंला, चंदन, सुगंधित तेल, इत्र से स्नान कराया गया। इसके बाद प्रभुश्री और राधाजी का भव्य श्रृंगार किया गया।

इसी तरह लखेरापुरा मंदिर में विशेष पूजन-अनुष्ठान किया गया। ठाकुर जी और राधाजी को राजभोग लगाया गया। इस दौरान बधाई गीत गाए गए। इसी तरह राजधानी के आयोध्या के पंचमुखी हनुमान मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। महिलाएं राधा की मां कीर्ति का रूप रखकर कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस दौरान राधाजी को पालने में झुलाया और बधाई गीत गाए।



### धूमधाम से मनाया गया किशोरीजू का जन्मोत्सव

श्री राधावल्लभ मंदिर इब्राहिमपुरा में श्री राधा जन्माष्टमी महोत्सव के तहत किशोरीजू का प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया गया। सचिव मनोज गर्ग ने बताया सुबह 7 बजे मंगला आरती एवं दोपहर 12 बजे दिव्य श्रृंगार कर महाआरती की गई। अवसर पर बधाई गीत पद गायन एवं दधीकांदा उत्सव पर श्रद्धालुओं ने जम कर नृत्य किया। विशेष रूप से बनाई गई पंजीरी के प्रसाद के साथ उत्सव का समापन हुआ।

### इस्कॉन मंदिर में धूमधाम से मनाई राधाअष्टमी

राधारानी के प्राकट्य दिवस धूमधाम से मनाया गया। शास्त्रों की दृष्टि से राधारानी भगवान श्रीकृष्ण की अंतरंगी शक्ति हैं। वे भगवान कृष्ण की सभी भक्तों में सर्वश्रेष्ठ हैं। इस्कॉन मंदिर में धूमधाम से राधाअष्टमी मनाई गई। मंदिर में मंगल आरती की गई। पूरे मंदिर को रंग-बिरंगे सुगंधित फूलों से खूबसूरती से सजाया गया था। हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे।

### इसलिए मनाते हैं श्री राधाअष्टमी

मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि श्रीराधा अष्टमी जन्माष्टमी के पूरे 15 दिन बाद ब्रज के रावल गांव में राधा जी का जन्म हुआ। कहते हैं कि जो राधा अष्टमी का व्रत नहीं रखता, उसे जन्माष्टमी व्रत का फल नहीं मिलता।

### राधा अष्टमी पर दादाजी धाम मंदिर में भगवान श्री गणेश, राधाकृष्ण जी को लगाया छप्पन भोग

*राधा अष्टमी पर पटेल नगर स्थित दादाजी धाम मंदिर में भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा विशेष श्रृंगार किया गया। तो वहीं राधा जी के अवतरण दिवस पर राधा कृष्ण जी का विशेष श्रृंगार, ऋषि दधीचि के जन्मोत्सव पर सभी भगवान को पंडित जी ने सभी यजमानों एवं भक्तों से विधि विधान से अभिषेक, पूजन, हवन महाआरती के पश्चात भगवान श्री गणेश एवं राधा कृष्ण जी को छप्पन भोग। मोदक, बेसन के लड्डू शक्कर पारा, माखन-मिश्री, खीर, रसगुल्ला, जलेबी, रबड़ी, मालपुआ, मोहनभोग, मूंग दाल हलवा, पेड़ा, आदि चीजों का भोग लगाया गया।*



### शोभायात्रा आयोजित

राधा अष्टमी के अवसर पर गौतम नगर स्थित पीजबीटी कॉलेज के निकट से सत्य सनातन समिति के तत्वावधान में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। समिति के प्रवक्ता भगवानदास ढालिया ने बताया नन्हीं-नन्हीं बालिकाएं राधा रानी के स्वरूप में सजधज कर सम्मिलित हुईं, वहीं महिलाएं और युवाजन भजनों की मधुर धुनों पर नृत्य करते हुए नजर आए।





## 'भिवानी नवरत्न अवार्ड' में दिग्गज हस्तियों ने दिए सफलता के मंत्र

- पद्मश्री डॉ. सज्जन भजनका समेत नौ 'बिजनेस लीजेंड्स' सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कड़ी मेहनत, ईमानदारी, कुछ करके दिखाने का दृढ़ निश्चय, कर्मचारियों को साथ लेकर चलना, सपना देखने की हिम्मत रखना और उसे पूरा करने का जुनून, कस्टमर की शिकायत को अपार्च्युनिटी समझना, बड़ा लक्ष्य सोचना...। देश की प्रमुख सामाजिक संस्था भिवानी परिवार मैत्री संघ के 'भिवानी नवरत्न अवार्ड -2025' कार्यक्रम में देश की दिग्गज हस्तियों ने सफलता के ये टिप्स दिए। सभी ने कहा कि कामयाबी का कोई शार्टकट और मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता। भिवानी की माटी में शौर्य का तेज, पवित्रता का गंगा जल और भावनाओं, संस्कारों, परंपराओं का महासंगम है। इसी माटी के लाल सीमा पर सबसे अधिक संख्या में मुस्तैद रह कर 142 करोड़ लोगों के रक्षक बनते हैं। इसी छोटी काशी के व्यवसायी देश के अर्थतंत्र को आगे..और आगे बढ़ाने के मिशन में शामिल हैं। इन्हीं बिरले 'बिजनेस लीजेंड्स'' की झलक रोहिणी स्थित क्राउन प्लाजा होटल में देखने को मिली। भिवानी परिवार मैत्री संघ ने इन सभी को 'भिवानी नवरत्न अवार्ड-2025' के लिए इन्हें चुना और एक गरिमापूर्ण और गौरवशाली कार्यक्रम में इन नौ हस्तियों सम्मानित किया गया।

**इन्हें मिला सम्मान**

- पद्मश्री डा. सज्जन भजनका (बवानीखेड़ा-कोलकाता), चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, सेंचुरी प्लाईवुड इंडिया लिमिटेड।
- मीना गुप्ता (सिवानी-दिल्ली), भारत पेट लिमिटेड।
- प्रमोद चौधरी (बहल-सूरत), मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रतिभा ग्रुप।
- प्रमोद अग्रवाल (भिवानी-गुरुग्राम), मैनेजिंग डायरेक्टर, तिरपाल उद्योग ट्रेड यूएनओ।
- अनिल कुमार सांगवान (कालुवाला-दिल्ली), फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर कालुवाला कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड।
- राजेश कुमार अग्रवाल (खरक-दिल्ली), चेयरमैन कस्तूरी राम कालेज।
- सीए (डॉ) के एल गर्ग ढिगावा मंडी- दिल्ली, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर केआईजी इंफ्राटेक प्रा. लि.
- चिराग गुप्ता (भिवानी-दिल्ली), चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, परम ऊर्जा प्राइवेट लिमिटेड।
- राजेश खेतान (लोहारू-दिल्ली), डायरेक्टर राज क्लीनवेल एक्सिम प्राइवेट लिमिटेड।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**रायगढ़।** जिले में सोमवार की दोपहर पुल से टकराने पर बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अस्पताल भेजते हुए परिजनों को घटना से अवगत करा दिया है। चक्रधर नगर थाना क्षेत्र में रायगढ़-एकताल मार्ग पर सोमवार की दोपहर 3 बजे के आसपास ओडिशा के झारसुगड़ा जिला के डेहरीडीपा गांव निवासी बलराम डहरिया 18 साल, रायगढ़ की तरफ से वापस अपने गांव लौट रहा था। बताया जा रहा है कि बाइक सवार युवक बंजारी मंदिर के आगे पहुंचा ही था कि वह अपनी बाइक पर नियंत्रण खो बैठा और पुल से टकराया गया।

अवैध प्रेम प्रसंग बना हत्या का कारण

## पुजारी के कत्ल का 12 घंटों में खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



जिले के तखतपुर क्षेत्र में हुए अंधे कत्ल का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। अवैध संबध ही हत्या का कारण बना। फिलहाल, पुलिस जांच कार्रवाई में जुटी है। दरअसल, रविवार तड़के मंदिर में पूजा करने वाले पुजारी की हत्या से क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। पुलिस सभी एंगल से जांच में जुटी और इस दौरान पता चला कि मृतक जागेश्वर पाठक, पाठ बाबा मंदिर का पुजारी था। मंदिर के सामने खेत में अधिया खेती के दौरान आरोपी सुरेश धुरी की पत्नी के साथ उसका प्रेम संबंध हो गया था, जिससे आरोपी और एवं उसकी पत्नी का 6 महीने पहले सामाजिक तलाक भी हो गया था। आरोपी मृतक से इसी अवैध संबंध के कारण बैर रखता था और शनिवार रात में सही समय देखकर अपने दोस्तों आरोपी हेमकुमार धुरी पिता हरिराम धुरी उम्र 26 वर्ष साकिन डढहा वार्ड 10 बोदरी थाना चकरभाटा,आरोपी धनराज बंदे पिता जवाहर लाल बंदे उम्र 21 वर्ष बनाक चौक माता चौरा के पास सिरगिट्टी,आरोपी मुकेश धुरी पिता चंद्रप्रकाश धुरी उम्र 23 वर्ष निवासी अमौरा थाना जरहा गांव जिला मुंगेली के साथ मोटरसाइकिल की पूजा करने के बहाने उसे बाहर बुलाया और ईट और वाहन के सस्पेंशन पाइप से वार कर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देकर सभी वहां से फरार हो गए। बिलासपुर एसएसपी रजनेश सिंह, एएसपी ग्रामीण अर्चना झा और एसडी ओपी कोटा और थाना प्रभारी तखतपुर साथ ही अउउव की टीम हत्या की गुत्थी सुलझाने जुटी हुई थी।

छीरपानी गांव के स्कूल में हैड मास्टर था मृतक पुत्र

## शराब पीकर सोए पिता-पुत्र की संदिग्ध मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में पिता और पुत्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों ने देसी शराब के सेवन से दोनों की मौत होने की आशंका जताई है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजते हुए पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। खरसिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भालूचुंआ निवासी तिलक राम पटेल (65 साल) एवं उसके बेटे बोधराम पटेल (40 साल) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि बोधराम पटेल छीरपानी गांव के स्कूल में हेड मास्टर के रूप में पदस्थ थे। रविवार होने के चलते वह घर में थे और शाम के समय कहीं से दो क्वाटर देसी शराब लेकर घर पहुंचे थे। जिसे वह और उसका पिता दोनों पीकर सो गए थे।

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, बैकुण्ठपुर, जिला- कोरिया (छ. ग.)**

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-
ePprocurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(द्वितीय आमंत्रण)

**सिस्टम निविदा क्रमांक 174218/ निविदा सूचना क्रमांक 08/वलेलि/2025-26, दिनांक 01.09.2025**

निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक 18.09.2025 (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नाम :** गेज मध्यम परियोजना के एल. बी. सी. मुख्य नहर के आर.डी. 6945 मी. से 14700 मी. तक लाईनिंग कार्य ।

**अनुमानित लागत : रूपये 497.06 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 08.09.2025 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोटः- 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.08.2010 (संशोधित 01.08.2022)

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार,
जल संसाधन विभाग, अंबिकापुर (छ.ग.)

G-252603183/4

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गांव गढ़ी बाजिदपुर में परमिट लाइन के साथ-साथ साइड ड्रेन का बकाया कार्य। | बंद होने की तिथि 05.09.2025 | 10.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में नारनौंद में 50 बिस्तर वाले से 100 बिस्तर वाले हस्पताल का निर्माण (विद्युत सब स्टेशन का प्रावधान बकाया कार्य केवल) + 1 कार्य। | 29.08.2025 08.09.2025 | 78.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | सेक्टर-9, फतेहाबाद में 200 बिस्तर वाले हस्पताल का निर्माण (एमजीपी और ओटी लाइटनिंग सहित सम्बद्ध कार्य का प्रावधान) + 1 कार्य। | 29.08.2025 11.09.2025 | 593.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में गुरूग्राम फरीदाबाद रोड (एमडीआर-137) से गांव कादरपुर वाया बहरामपुर कि.मी. 0.00 से 7.55 तक रोड के मजबूतीकरण का प्रावधान (रोड आईडी 10218, 10219 और 3044) (कार्य कार्यक्रम 2025-26)। | बंद होने की तिथि 06.09.2025 | 119.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में लोनिवि कॉलोनी में नवनिर्मित 1300 वर्ग फुट और 1900 वर्गफुट मकानों में किचन और वार्डरोब का प्रावधान व फिक्सिंग। | बंद होने की तिथि 06.09.2025 | 186.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | स्वर्ण जयंती राज्य लोनिवि विश्राम गृह, गुरूग्राम में हाउसकीपिंग सेवाओं, सुविधा प्रबंधन सेवाओं का प्रावधान यथा फ्रंट ऑफिस का मैकेनाइज्ड हाउसकीपिंग मैनेजमेंट, रिसेप्शन, ऑल सुइट्स और फ्लोर तथा कैमप्स एरिया। | बंद होने की तिथि 06.09.2025 | 365.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज करनाल | चुरनी जागिर - गांव चुरनी जागिर, ब्लॉक करनाल में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर भवन का निर्माण, स्कीम डी-प्लान (एससीएसपी) + 2 कार्य। | 28.08.2025 04.09.2025 | 36.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज अम्बाला | एमपीएलएडी - गांव चापरा, ब्लॉक अम्बाला-1 में सामान्य चौपाल का निर्माण + 2 कार्य। | 29.08.2025 04.09.2025 | 20.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज भिवानी | गांव खरखड़ी मखवान ब्लॉक तोशाम में फिरनी को पूरा करना, एचआरडीएफ + 2 कार्य। | 29.08.2025 03.09.2025 | 100.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज झज्जर | 36.82 - गांव शिदिपुर ब्लॉक बहादुरगढ़, जिला झज्जर में नाला वाला तालाब के आदर्श तालाब का निर्माण (एनजीटी स्कीम के तहत) + 3 कार्य। | 28.08.2025 03.09.2025 | 136.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज झज्जर | 55.50 - गांव बिठला, ब्लॉक साल्हावास, जिला झज्जर में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 12 कार्य। | 28.08.2025 03.09.2025 | 620.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज झज्जर | 55.50 - गांव अकेहड़ी मदनपुर, ब्लॉक मातनहेल, जिला झज्जर में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 30.08.2025 05.09.2025 | 46.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 13 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- 3 वर्ष की अवधि के लिए सुपर सक्कर मशीन पूर्ण सैट का प्रचालन व रखरखाव और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 30.08.2025 10.09.2025 | 139.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 14 | नागरिक उड्डयन विभाग हरियाणा | स्टेट एयरक्राफ्ट्स वीटी एचसीए फिक्सड विंग, वीटी एचआरवाई, और वीटी एचवाईआर रोटरी विंग के फ्लाइट प्रचालनों के लिए फ्लाइट प्लानिंग, फ्लाइट डिस्पेच, फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिट (एफडीडीएल), और सम्बन्धित सेवाओं के लिए सेवाएं। | 28.08.2025 11.09.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 1722709386 cavation@hry.nic.in |
| 15 | बागवानी, आलु प्रौद्योगिकी केन्द्र, शामगढ़, करनाल | 15 अदद नेट हाउसेज में प्लास्टिक ट्रप्स और वीड मैट की आपूर्ति एवं स्थापना। | 04.09.2025 12.09.2025 | 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168696730 ptcshamgarh@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/300/38277/I/88/7 दि. 01.09.25

चिंतन

# एससीओ में भारत ने एक तीर से लगाए दो निशाने

एससीओ समिट के दूसरे दिन भारत को बड़ी सफलता मिली है। समिट के दौरान भारत के प्रस्ताव को मंजूर करते हुए, पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ की मौजूदगी में पहलगाम हमले की निंदा की गई। घोषणा पत्र में कहा गया कि इस हमले के अपराधियों, आयोजकों और उन्हें समर्थन देने वालों को सजा दिलाना जरूरी है। इस साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। याद रहे, इससे पहले जून में हुई रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान एससीओ के घोषणापत्र में पहलगाम हमले का जिक्र भी नहीं था। इसे लेकर भारत ने नाराजगी जताई थी और इस पर साइन करने से इनकार कर दिया था। अब भारत की कुटनीति रंग लाई है। न केवल भारत के प्रस्ताव पर मुहर लगी बल्कि आतंकवाद के पोषक पाकिस्तान को करारा झटका भी लगा है। एससीओ यानि शंघाई सहयोग संगठन एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतरराष्ट्रीय संगठन है। समिट का मतलब है संगठन के सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों की सालाना बैठक, जिसमें देश आपस में राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य सदस्य देशों के बीच आपसी विश्वास, सहयोग और अच्छे संबंध स्थापित करना है। यह संगठन मध्य एशिया में क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को बनाए रखने पर जोर देता है। आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ से मिलकर लड़ना इसका एक प्रमुख मकसद है। इसका मकसद सदस्य देशों के बीच आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। यह शिखर सम्मेलन सदस्य देशों के नेताओं को एक मंच पर लाता है, जिससे वे द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर चर्चा कर सकें और आपसी समझ को मजबूत कर सकें। यह एससीओ सदस्य देशों के बीच सांस्कृतिक और मानवीय संबंधों को भी बढ़ावा देता है। संगठन में भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और ईरान सदस्य देश हैं। अब संगठन का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है कि पहले चीन और अब भारत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निशाने पर हैं, लेकिन अब सम्मेलन के दौरान नरेन्द्र मोदी, शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन की गर्मजोशी देखकर पहली बार अमेरिका की घबराहट सामने आई है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो को अब बयान जारी करना पड़ा है, जिससे साफ जाहिर हो रहा है कि अमेरिका पहली बार प्रेशर में है और भारत जिस रणनीति पर काम कर रहा है, वो कामयाब दिख रहा है। अमेरिका के विदेश सचिव मार्को रूबियो ने एक बयान जारी करते हुए कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच की साझेदारी लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है, जो 21वीं सदी का निर्णायक रिश्ता है। कल तक भारत को गरियाने वाला अमेरिका अब रिश्तों की दुहाई दे रहा है। उनके इस बयान से साफ है कि भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने वाला अमेरिका भारत, चीन, रूस गठजोड़ से खास परेशान है। तस्वीर साफ है कि भारत ने एक तीर से दो निशाने लगा दिए हैं। एक तरफ तो समिट में पहलगांव हमले की निंदा होने और आतंकवाद को कुचलने के प्रस्ताव से पाकिस्तान को झटका लगा है, वहीं समिट की गर्मजोशी से अमेरिका सोचने को मजबूर है। इसका असर आने वाले कुछ दिनों में दिखाई देगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि एससीओ के बाद एक भारत के खिलाफ फैसले लेने वाले ट्रंप अब क्या करते हैं।

# विरोध तो हुआ फिर भी मानसून सत्र बहुत कुछ दे गया



विचार
बृजमोहन अग्रवाल

वसंसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होकर 21 अगस्त तक चला। इस दौरान 32 दिनों में कुल 21 बैठकें हुईं। सत्र में 14 विधेयक लोकसभा में पेश किए गए, एक विधेयक वापस लिया गया और 15 विधेयक लोकसभा और राज्यसभा दोनों से पारित हुए। बार-बार के व्यवधानों के चलते संसद की कार्यवाही बराबर प्रभावित होती रही। लेकिन बावजूद इसके सत्र में कुछ अहम विधेयक पेश और पारित किए गए। समूचे सत्र के दौरान लोकसभा में लगभग 31 प्रतिशत कार्य हुआ, जिसमें 120 घंटे के कुल समय में से केवल 37 घंटे की ही कार्यवाही हो पाई। जबकि राज्यसभा में लगभग 39 प्रतिशत कार्य हो सका, जिसमें कुल 41 घंटे 15 मिनट तक ही कार्यवाही हुई। दोनों सदनों में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर पर विस्तृत बहस शामिल रही। लोकसभा में इस मुद्दे पर 18 घंटे 41 मिनट तक चर्चा हुई, जिसमें 73 सांसदों ने भाग लिया और प्रधानमंत्री ने जवाब दिया, जबकि राज्यसभा में इसी मसले में 16 घंटे 25 मिनट की चर्चा के दौरान 65 सांसदों ने हिस्सा लिया और गृहमंत्री ने जवाब दिया। विपक्ष के तमाम विरोध के बाद भी यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की जन कल्याणकारी सरकार द्वारा सत्र में कई अहम विधेयक पारित किए गए, जिनमें आयकर (संशोधन) विधेयक 2025, राष्ट्रीय खेल संचालन विधेयक 2025, ऑनलाइन गेमिंग (प्रोत्साहन और विनियमन) विधेयक 2025, पोर्ट्स और शिपिंग से जुड़े पांच विधेयक, भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक 2025 और खनन एवं खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक 2025 शामिल हैं। दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक 2025 और जन विश्वास (संशोधन) विधेयक 2025 को चयन समिति के पास भेजा गया, जबकि संविधान (130वां संशोधन) विधेयक 2025, केंद्रशासित प्रदेश शासन (संशोधन) विधेयक 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025 को संयुक्त समिति को सौंपा गया।

इसके अलावा मणिपुर में राष्ट्रपति शासन को 13 अगस्त 2025 से अगले छह महीने के लिए बढ़ाने की मंजूरी दी गई और राज्य का बजट एवं विनियोग विधेयक भी पारित किया गया। भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर पहुंचने और 'विकसित भारत 2047' में अंतरिक्ष कार्यक्रम की भूमिका पर भी चर्चा शुरू हुई, लेकिन बार-बार के व्यवधान के कारण यह पूरी नहीं हो सकी। आयकर (संशोधन) विधेयक 2025 12 अगस्त को संसद में पारित किया गया। नया अधिनियम कोई नई कर दर लागू नहीं करता है और केवल भाषा को सरल बनाता है, जो जटिल आयकर कानूनों को समझने के लिए आवश्यक था।

राष्ट्रीय खेल संचालन विधेयक 2025 में राष्ट्रीय खेल निकायों की स्थापना का प्रावधान है राष्ट्रीय ओलंपिक समिति, राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति जैसे निकायों को राज्य और जिला स्तर पर सहयोगी इकाइयां स्थापित करनी होंगी। इन निकायों को नैतिकता संहिता बनानी होगी, साथ ही शिकायतों का निपटारा करने के लिए भी एक समिति का गठन करना होगा। राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम में राष्ट्रीय खेल बोर्ड की स्थापना का भी प्रावधान है। ये खेल बोर्ड राष्ट्रीय खेल सोसिएशंस को मान्यता देने और उनके संचालन पर निगरानी रखेगा।ऑनलाइन गेमिंग (प्रोत्साहन और विनियमन) विधेयक 2025 संसद द्वारा 21 अगस्त 2025 को पारित किया गया। यह विधेयक नागरिकों को ऑनलाइन मनी गेम्स के खतरे से बचाने के साथ-साथ अन्य प्रकार के ऑनलाइन गेम्स को बढ़ावा देने और विनियमित करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। यह कानून त्वरित धन कमाने के भ्रामक वादों पर फलने-फूलने वाले शिकारी गेमिंग प्लेटफॉर्म्स की लत, वित्तीय बर्बादी और सामाजिक संकट को रोकने के लिए बनाया गया है। पोर्ट्स और शिपिंग से जुड़े पांच बड़े समुद्री विधेयक भी पारित हुए हैं, जिन्हें भारत की समुद्री अर्थव्यवस्था और व्यापार जगत के लिए ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। इन नए कानूनों का उद्देश्य औपनिवेशिक युग के पुराने समुद्री कानूनों की जगह आधुनिक और वैश्विक मानकों के अनुरूप नियम लागू करना है, जिससे न केवल व्यापार आसान होगा बल्कि लागत में भी कमी आएगी। इसके अलावा भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक 2025 18 अगस्त, 2025 को लोकसभा में पेश किया गया। यह विधेयक भारतीय प्रबंधन संस्थान अधिनियम, 2017 में संशोधन का प्रयास करता है। यह अधिनियम भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आईआईएम) को राष्ट्रीय महत्व के



संस्थान घोषित करता है और उनके कामकाज को विनियमित करता है। खनन एवं खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक 2025 का उद्देश्य महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों पर विशेष ध्यान देते हुए भारत के खनिज क्षेत्र को और अधिक उदार और आधुनिक बनाना है। विधेयक के जरिये मूल खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 में संशोधन किया गया है। संशोधन विधेयक में खनन ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए हैं, जिसमें खनन पट्टाधारक अब अतिरिक्त रायल्टी का भुगतान किए बिना अपने मौजूदा परिचालन में नए खनिजों, विशेष रूप से लिथियम, कोबाल्ट और निकल जैसे महत्वपूर्ण खनिजों को शामिल कर सकते हैं। यह विधेयक गहरे खनिजों के लिए खनन क्षेत्रों के एकमुश्त विस्तार की अनुमति देता है और कैप्टिव खदानों से खनिजों की बिक्री पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाता है। राज्यों को खनिज भंडारों की बिक्री की अनुमति देने का भी अधिकार देता है। दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक 2025 का उद्देश्य लगातार आ रही बाधाओं को दूर करना, प्रक्रियात्मक दक्षता बढ़ाना, लेनदारों को सशक्त बनाना और भारतीय दिवाला पारिस्थितिकी तंत्र को सर्वोत्तम वैश्विक प्रथाओं के अनुरूप बनाना है। जन विश्वास (संशोधन) विधेयक 2025 का उद्देश्य 16 केंद्रीय अधिनियमों के 355 प्रावधानों में संशोधन करके उनकी उपयोगिता को आसान बनाना है। इनमें से 288 प्रावधानों को गैर-अपराधीकरण करने और 67 प्रावधानों में 'जीवन की सुगमता' को सुगम बनाने के लिए संशोधन का प्रस्ताव है। सरकार ने सदन के अध्यक्ष से इस विधेयक को समीक्षा के लिए प्रवर समिति को भेजने का अनुरोध किया है।

संविधान (130वां संशोधन) विधेयक 2025 दोषसिद्धि से पहले 'सत्ता के नैतिक मानदंड' की रक्षा करता है। ठीक उसी तरह जैसे सिविल सेवाओं में 48 घंटे से अधिक की हिरासत पर 'डीम्ड सस्पेंशन' लागू हो जाता है। वस्तुतः इस विधेयक में कहा गया है कि कोई भी मंत्री जो किसी गंभीर अपराध के लिए 30 दिनों तक जेल में रहेगा,वह अपना पद खो देगा। कोई मंत्री, जो इस पद पर रहते हुए लगातार तीस दिनों की किसी अवधि के दौरान, किसी भी समय कानून के तहत कोई अपराध करने के आरोप पर गिरफ्तार किया जाता है और हिरासत में रखा जाता है, जो पांच वर्ष या उससे अधिक की अवधि के कारावास से दंडनीय है, उसे ऐसी हिरासत में लिए जाने के बाद, इकतीसवें दिन मुख्यमंत्री की सलाह पर उसे राष्ट्रपति द्वारा उसके पद से हटा दिया जाएगा। विधेयक में कहा गया है कि यदि ऐसे मंत्री को हटाने के लिए मुख्यमंत्री की सलाह इकतीसवें दिन तक राष्ट्रपति को नहीं दी जाती है, तो वह उसके बाद आने वाले दिन से मंत्री नहीं रह जाएगा।

जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025 के तहत यदि जम्मू-कश्मीर में किसी मंत्री को पांच वर्ष या उससे अधिक कारावास की सजा वाले अपराध के आरोप में गिरफ्तार किया जाता है और लगातार 30 दिनों तक हिरासत में रखा जाता है, तो उसे पद से हटा दिया जाएगा। उपराज्यपाल (एलजी) मुख्यमंत्री की सलाह पर मंत्री को हटाएंगे। यदि मुख्यमंत्री कार्रवाई करने में विफल रहते हैं, तो मंत्री 31वें दिन से स्वतः ही पद पर नहीं रहेंगे। यदि मुख्यमंत्री को इसी तरह के आरोपों में गिरफ्तार कर 30 दिनों के लिए हिरासत में रखा जाता है तो उन्हें 31वें दिन तक इस्तीफा देना होगा। यदि इस्तीफा नहीं दिया जाता है तो अगले दिन से मुख्यमंत्री स्वतः ही पद खो देंगे।

*-सांसद रायपुर लोकसभा, पूर्व कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ सरकार*

नारियल दिवस
श्वेता गोयल



# प्राकृतिक ऊर्जा का अमृत व जीवन का वृक्ष है नारियल

हर वर्ष 2 सितम्बर को विश्व नारियल दिवस मनाया जाता है। यह अवसर न केवल नारियल जैसे बहुमूल्य फल और उसके वृक्ष के महत्व को समझाने के लिए हैं बल्कि यह दिन दुनियाभर के लोगों को इसके पोषण मूल्य, आर्थिक महत्व, खेती, प्रसंस्करण, उपयोगिता और वैश्विक स्वास्थ्य तथा कृषि में इसकी भूमिका को याद दिलाने का भी माध्यम है। यह दिवस दुनियाभर में लोगों को नारियल के फायदे समझाने, नारियल के पोषण मूल्य और आर्थिक महत्व के बारे में बताने, नारियल की खेती, प्रोसेसिंग और इसके कई उपयोगों के बारे में लोगों को शिक्षित करने, वैश्विक स्वास्थ्य और कृषि में नारियल की अहमियत समझने, नारियल से जुड़े नए तकनीकी तरीकों को अपनाने, नारियल से जुड़े उद्योगों में मौजूदा चुनौतियों को दूर करने इत्यादि अनेक उद्देश्यों के साथ 'एशियाई प्रशांत नारियल समुदाय' (एपीसीसी) के गठन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस संगठन का उद्देश्य नारियल से जुड़ी हर गतिविधि को बढ़ावा देना, नारियल किसानों की स्थिति में सुधार करना और नारियल उद्योग की मजबूती के लिए प्रयास करना है।


नारियल शब्द की उत्पत्ति पुर्तगाली भाषा से मानी जाती है। 'कोको' और 'अखरोट' शब्दों के मेल से बना यह नाम आज पूरी दुनिया में इस अद्भुत फल की पहचान है। दुनियाभर के लगभग 80 देशों में नारियल की लगभग 150 किस्में पाई जाती हैं। उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में इसकी खेती सबसे अधिक होती है और लाखों किसानों की आजीविका इसी पर आधारित है। नारियल को यूं ही जीवन का वृक्ष नहीं कहा जाता। इस वृक्ष का हर हिस्सा किसी न किसी तरह से मनुष्य के लिए उपयोगी है। फल भोजन और पेय का साधन है, पत्तियां छत और बुनाई के काम आती हैं, इसका खोल और भूसी शिल्पकला, ईंधन और घरेलू जरूरतों के लिए काम आते हैं और रस से चीनी, सिरका तथा अन्य उत्पाद बनाए जाते हैं। यही वजह है कि नारियल न केवल भोजन का स्रोत है बल्कि इसे समृद्धि और पोषण का प्रतीक माना जाता है।

नारियल दिवस पर्यावरणीय दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। यह अवसर हमें याद दिलाता है कि नारियल का वृक्ष किस प्रकार पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में सहायक है। इसके पेड़ मृदा को कटाव से बचाते हैं और टिकाऊ कृषि को प्रोत्साहित करते हैं। विशेष बात यह है कि इसके हर हिस्से का इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे अपव्यय की गुंजाइश न के बराबर रहती है। कोको वंश की एकमात्र शेष प्रजाति नारियल का वृक्ष है, जो ताड़ वर्ग के एरेकेसी परिवार से संबंधित है। यह वृक्ष 60 से 100 फुट तक ऊंचा होता है और लगभग 80 वर्षों तक जीवित रह सकता है। हालांकि इसके फल प्रायः 15 वर्ष की आयु के बाद ही लगना शुरू होते हैं। भारत में यह वृक्ष प्रमुख रूप से तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में अधिक पाया जाता है। नारियल की फसल भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 3.88 बिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान देती है। यही नहीं, यह फसल देश के 1.2 करोड़ से भी अधिक लोगों को खाद्य सुरक्षा और आजीविका उपलब्ध कराती है तथा करीब 6 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार देती है।

नारियल का महत्व केवल खेती और अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से भी अत्यंत लाभकारी है। यह फल पाचन क्रिया को बेहतर बनाने और मोटापा नियंत्रित करने में प्रभावशाली माना जाता है। पोषण के स्तर पर नारियल बेहद समृद्ध फल है। इसमें 38.67 प्रतिशत कॉपर, 52.17 प्रतिशत मैग्नीज, 24.2 प्रतिशत आयरन, 18.8 प्रतिशत फाइबर, 8 प्रतिशत जिंक, 7.6 प्रतिशत वेलिन और 9.37 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट पाए जाते हैं। यह सभी पोषक तत्व शरीर को तंदुरुस्त बनाए रखने, चेहरे की चमक बढ़ाने और प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में सहायक होते हैं। नारियल का उपयोग भोजन, सौंदर्य प्रसाधनों और सजावट की वस्तुओं तक में होता है। नारियल तेल को खाने में प्रयोग करने के साथ-साथ बालों और त्वचा के लिए भी अत्यंत लाभकारी माना जाता है। नारियल के आर्थिक महत्व की बात करें तो यह किसानों के लिए आय का प्रमुख स्रोत है। इसके अलावा नारियल से जुड़े प्रसंस्करण उद्योगों में भी रोजगार के व्यापक अवसर मौजूद हैं। नारियल तेल, नारियल दूध, नारियल पाउडर, कोयर उद्योग, हस्तशिल्प, बायोफ्यूल और सौंदर्य उत्पाद जैसे उद्योग नारियल पर निर्भर हैं। एपीसीसी जैसे संगठन नारियल के उत्पादन और प्रसंस्करण से जुड़ी तकनीकों के विकास और प्रसार के लिए लगातार प्रयास करते हैं। इस क्षेत्र में नई तकनीकें न केवल उत्पादकता को बढ़ाती हैं बल्कि पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने में मदद करती हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

## जीवन में सफलता पाने क्यो मन पर अंकुश लगाना जरूरी



संकलित
दर्शन

मन अधिक चंचल है, क्योंकि वह माया में रमा हुआ है। उसे जीवन सफलता के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए बड़े अंकुश की आवश्यकता होती है। परमात्मा के भय से बड़ा कोई नियंत्रक नहीं है। वह दृष्टिगोचर नहीं है। फिर भी सर्वव्यापी है। उसके कोई अधिकारी नहीं हैं। फिर भी उसका राज्य अनंत एवं व्यवस्था अति सुचारु है। उसने कोई संविधान नहीं बनाया। फिर भी वह गुण-दोष परखकर फल देता जा रहा है। परमात्मा अंतर्यामी है। कुछ भी उसकी दृष्टि से ओझल नहीं है। उसका न्याय होकर रहता है। सांसारिक विधानों से बचा जा सकता है, किंतु परमात्मा की परम शक्ति से नहीं। परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर उसके अनुसार जीवन व्यतीत करना ही दंड से बचने का एकमेव उपाय है। परमात्मा निराकार है, किंतु उसका कौतुक जीवन को प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है। परमात्मा का सबसे बड़ा प्रभाव मनुष्य का तन है, जो पांच तत्वों जल, वायु, अग्नि, धरती और आकाश के संयोग से बना है। ये पांचों तत्व परस्पर विपरीत प्रकृति के हैं। वे एक साथ नहीं रह सकते। परमात्मा की ही महिमा है कि एक साथ जीव के तन में बस रहे हैं। इससे बड़ा चमत्कार कोई और नहीं हो सकता। परमात्मा ने अगण्य जीव रचे हैं और नित्य रचता जा रहा है। वह जीवों को रचता ही नहीं, उनका प्रतिपालन भी करता है। उसकी कृपा एवं उसका दंड पल-पल संसार में प्रकट होते हैं। वह राजा से रंक, रंक से राजा, ज्ञानी से अज्ञानी एवं अज्ञानी से ज्ञानी बना रहा है। उसकी लीला वही जानता है।


## समर्पित भक्त का वास वैकुन्ठ में



संकलित
प्रेरणा

एक ब्राह्मण था तथा महान भक्त था, वह मंदिर की पूजा में बहुत शानदार सेवा पेश करना चाहता था, लेकिन उसके पास धन नहीं था। एक दिन की बात है वह एक भागवत पाठ में बैठा हुआ था और उसने सुना कि नारायण मन में भी पूजे जा सकते हैं। उसने इस अवसर का लाभ उठाया क्योंकि वह एक लंबे समय से सोच रहा था कि कैसे बहुत शान से नारायण की पूजा करूं, लेकिन उसके पास धन नहीं था। जब वह यह समझ गया, कि मन के भीतर नारायण की पूजा कर सकते हैं। एक दिन वह गोदावरी नदी में स्नान करने के बाद एक पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। अपने मन के भीतर वह बहुत खूबसूरत सिंहासन का निर्माण कर रहा था, गहनों के साथ लदी और सिंहासन पर भगवान की मूर्ति को रखते हुए, वह भगवान का गंगा, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी नदी के जल के साथ अभिषेक कर रहा था। फिर बहुत ही उत्तम तरह से भगवान का श्रृंगार कर और फूल, माला के साथ पूजा करते हुए, वह मीठे चावल बहुत अच्छी तरह से भोजन के रूप में पका रहा था। वह परखना चाहता था कि भोजन भोग के लिए कहीं गरम तो नहीं हैं। तो ऐसा जानने के लिए उसने भोजन में अपनी उंगली डाली तो उसकी उँगली जल गई। तब उसका ध्यान टूटा क्योंकि वहाँ कुछ भी नहीं था। केवल अपने मन के भीतर वह सब कुछ कर रहा था। लेकिन उसने अपनी उंगली जली हुइ देखी। तो वह चकित रह गया। इस तरह, वैकुन्ठ से नारायण, मुस्कुरा रहे थे। देवी लक्ष्मीजी ने पूछाः आप क्यों मुस्कुरा रहे हैं ? भगवान बोलेः मेरा एक भक्त अतिप्रभावी मानस पूजन कर रहा है। मेरे अन्य धनिक भक्त सब उच्च साधनो एवं सामग्रियों से मेरी अर्चना करते हैं, परन्तु उनका मन भटकता ही रहता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### नेताओं को एक से अधिक पेंशन क्यों

आम तौर से सुनने में आता है कि अगर एक व्यक्ति एमएलए, एमपी, राज्यमंत्री, केबिनेट मंत्री, मुख्यमंत्री आदि पदों पर रहता है तो उसे हरेक पद के अनुरूप सभी पेंशन मिलेंगी। ऐसा विश्वास तो नहीं होता, मगर ऐसा है तो यह एक वीभत्स रंग का चुटकुला है। तर्कसंगत तो यह लगता है कि उस व्यक्ति को उच्चतम पद के अनुरूप एक पेंशन मिलनी चाहिए। यह भी सुनने में आता है कि राजनेताओं को ओल्ड पेंशन स्कीम के अंतर्गत ही पेंशन दी जा रही है। यह सारा विषय विचारशील सोच मांगता है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने नेताओं को एक ही पेंशन का प्रावधान कर दिया है। अन्य राज्यों में भी इस तरह की व्यवस्था होनी चाहिए और राजकोष को नेताओं पर लुटाने से बचाया जाना चाहिए। - **संतोष पटेल**, राजनांदगांव

### ट्रेंड

#### शानदार बातचीत



एससीओ शिखर सम्मेलन स्थल पर कार्यवाही के बाद, रुस के राष्ट्रपति पुतिन और मैं द्विपक्षीय बैठक स्थल पर साथ-साथ गए। उनके साथ बातचीत हमेशा ज्ञानवर्धक होती है। इस सफर के दौरान अनेक और बहुत शानदार चर्चा भी हुई।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

#### जरूरी सहायता




आज जम्मू में तवी पुल और बाढ़ से हुए नुकसान का निरीक्षण किया। मोदी सरकार प्रभावित लोगों के साथ पूरी तरह खड़ी है और उनकी मदद के लिए हर संभव प्रयास करेगी। सरकार हर संभव प्रयास कर रही है कि प्रभावितों को समय पर जरूरी सहायता उपलब्ध हो।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

#### संविधान की रक्षा



बिहार वोटर अधिकार यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, दीपांकर भट्टाचार्य, मुकेश सहनी, बिहार कांग्रेस के बब्बर शेरों, प्रदेश के युवाओं का धन्यवाद। संकल्प लेते हैं, बिहार में एक भी वोट चोरी नहीं होगा।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

#### दया भावना



आज लालबाग के राजा के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। बिना किसी वीआईपी इंतज़ाम के गया था। तो कुछ और अच्छा लगा। वो बात अलग है भक्तों का प्यार और ऑर्गनाइजर्स की दया भावना बनी रही।
**- अनुपम खेर, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# किम जोंग छह साल बाद पहली बार चीन जाएगे



उत्तर कोरिया ने कहा कि उसके नेता किम जोंग उन ने सप्ताहांत में एक नए हथियार कारखाने का निरीक्षण किया, और इसके बाद छह साल बाद वे चीन की यात्रा करेंगे। कारखाने का यह निरीक्षण मिसाइलों के बड़े पैमाने पर उत्पादन की उनकी योजना को तेज करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह दौरा चीन में एक बड़ी सैन्य परेड में शामिल होने से पहले किया है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने यह नहीं बताया कि किम ने रविवार को जिस कारखाने का निरीक्षण किया, वह कहां स्थित है लेकिन ऐसा अनुमान है कि यह जांगांग प्रांत में हो सकता है, जो चीन से सटा हुआ देश का प्रमुख शस्त्र उद्योग केंद्र है। चीन और उत्तर कोरिया दोनों ने पिछले सप्ताह पुष्टि की थी कि किम छह साल बाद पहली बार चीन जाएंगे और बुधवार को बीजिंग में आयोजित होने वाली सैन्य परेड में शामिल होंगे। यह परेड द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति और जापानी आक्रामकता के विरुद्ध चीन के प्रतिरोध की 80वीं वर्षगांठ पर हो रही है। इस परेड में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा आमंत्रित 26 विदेशी नेताओं में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हैं। पुतिन को यूक्रेन पर हमले में किम का बड़ा समर्थन मिला है।

## ऑफ बीट

# एआई चैटबॉट्स को गुमराह कर फर्जी जानकारियां तैयार



जब आप चैटजीपीटी या अन्य एआई सहायक से गलत जानकारी बनाने को कहते हैं, तो वे आमतौर पर मना कर देते हैं और जवाब देते हैं कि "मैं झूठी जानकारी बनाने में सहायता नहीं कर सकता।" लेकिन हमारे परीक्षणों में पाया गया कि ये सुरक्षा उपाय केवल सतही हैं और इन्हें बेहद आसानी से दरकिनार किया जा सकता है। हमने यह जांच की कि एआई भाषा मॉडल को कैसे गुमराह कर उसका सोशल मीडिया पर समन्वित दुष्प्रचार अभियान चलाने के लिए उपयोग किया जा सकता है। जो परिणाम सामने आए, वे ऑनलाइन जानकारी की विश्वसनीयता को लेकर चिंतित किसी भी व्यक्ति के लिए परेशान करने वाले हैं। सतही सुरक्षा की समस्या प्रिंसटन और गूगल के शोधकर्ताओं के हालिया अध्ययन से प्रेरित होकर हमने परीक्षण किए। उन्होंने बताया कि वर्तमान एआई सुरक्षा उपाय मुख्यतः उत्तर की शुरुआती कुछ पंक्तियों पर आधारित होते हैं। उदाहरणस्वरूप, यदि मॉडल जवाब की शुरुआत "मैं नहीं कर सकता" या "मुझे खेद है" से करता है, तो आमतौर पर पूरा उत्तर निषेधात्मक ही रहता है। हमारे अप्रकाशित प्रयोगों में भी यही पुष्टि हुई। जब हमने सीधे एक व्यावसायिक भाषा मॉडल से ऑस्ट्रेलियाई राजनीतिक दलों पर गलत सूचना बनाने को कहा, तो उसने स्पष्ट रूप से मना कर दिया।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने सुनाए 2 अहम फैसले

# 20 प्रतिशत इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल के खिलाफ याचिका खारिज, तर्कों को नकारा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक जनहित याचिका खारिज कर दी, जिसमें देश भर में 20 प्रतिशत इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी-20) की शुरुआत को चुनौती दी थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि लाखों वाहन चालकों को एथेनॉल मिश्रित ईंधन के इस्तेमाल के लिए मजबूर किया जा रहा है, जबकि उनके वाहन इसके लिए डिजाइन नहीं हैं। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने अधिवक्ता अक्षय मल्होत्रा द्वारा दायर याचिका में उठाए गए तर्कों को खारिज कर दिया। याचिका में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय को सभी पेट्रोल पंपों पर इथेनॉल-मुक्त पेट्रोल की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के निर्देश देने की मांग की गई थी।

**पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण रोकने से भी इनकार**

### तर्क : वाहन चालक पेट्रोल पंपों पर असहाय महसूस कर रहे

*वकील अक्षय ने दी थी इस संबंध में याचिका*



याचिका में कहा गया है कि अधिकारियों को गैर-अनुपालन वाले वाहनों में 20 प्रतिशत उपयोग की सीमा तक इथेनॉल मिश्रित ईंधन के कारण यांत्रिक क्षरण और दक्षता हानि पर एक राष्ट्रव्यापी प्रभाव अध्ययन करने का निर्देश दिया गया था। याचिका में कहा गया है कि लाखों वाहन चालक पेट्रोल पंपों पर असहाय महसूस कर रहे हैं। उन्हें ऐसा ईंधन खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है जो उनके कई वाहनों के अनुकूल नहीं है। याचिका में दावा किया गया है कि 2023 से पहले निर्मित कारें और दोपहिया वाहन, और यहां तक कि कुछ नए बीएस-6 मॉडल भी, इतने उच्च इथेनॉल मिश्रण के अनुकूल नहीं हैं।

**दावे को नकारा... वाहन संभाल नहीं पा रहे दबाव**

याचिका में दावा किया गया है कि लाखों वाहन चालकों को ऐसा ईंधन खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है जिसे उनके वाहन संभाल नहीं सकते। याचिका में दावा किया गया है कि 2023 से पहले निर्मित कारें और दोपहिया वाहन, और यहां तक कि कुछ नए बीएस-5 मॉडल भी, उच्च इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के लिए अनुकूल नहीं हैं। केंद्र ने याचिका का विरोध किया और दावा किया कि इथेनॉल मिश्रित ईंधन गन्ना किसानों के लिए फायदेमंद है।

### केंद्र ने याचिका का किया विरोध

याचिका में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को सभी ईंधन स्टेशनों या पेट्रोल पंप पर इथेनॉल-मुक्त पेट्रोल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देने की मांग की गई थी। केंद्र ने याचिका का विरोध किया। दावा किया कि ई20 ईंधन गन्ना किसानों के लिए फायदेमंद है। याचिका में अधिकारियों को सभी पेट्रोल पंपों और वितरण इकाइयों पर इथेनॉल की मात्रा का लेबल अनिवार्य रूप से लगाने का निर्देश देने की भी मांग की गई थी।

**दो सप्ताह के लिए बढ़ाई समय-सीमा**

## संभल मस्जिद विवाद में यथास्थिति बनाए रखें

सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के संभल मस्जिद विवाद में यथास्थिति बनाए रखने के अपने आदेश को दो हफ्ते के लिए बढ़ा दिया। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक राधे की पीठ ने कहा कि इस मामले में जामी मस्जिद संभल की प्रबंधन समिति की ओर से दो अपीलें दायर की गई थीं, जिनका प्रतिनिधित्व इसके सचिव (पहली याचिका) और उपाध्यक्ष (दूसरी याचिका) कर रहे थे। इसके बाद शीर्ष अदालत ने अपनी रजिस्ट्री को मामले की जांच करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। हिंदू पक्षकारों की ओर से पेश हुए अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने यथास्थिति बढ़ाने का विरोध किया। हालांकि, मस्जिद प्रबंधन का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने रिपोर्ट प्रस्तुत होने तक अवधि बढ़ाने की मांग की।



**सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला**

उच्च न्यायालय ने शाही जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद में संभल की एक अदालत की ओर से दिए गए सर्वेक्षण के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका को खारिज कर दिया था और सर्वेक्षण के लिए सिविल अदालत के निर्देश को बरकरार रखा था।

---

**खबर संक्षेप**

### आरपीएससी सदस्य शर्मा ने दिया इस्तीफा



**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) एक बार फिर सुर्खियों में है। आयोग की सदस्य मंजू शर्मा ने अपने पद से त्यागपत्र देकर सभी को चौंका दिया है। उन्होंने राज्यपाल को भेजे गए इस्तीफे में लिखा कि उनके खिलाफ किसी भी प्रकार का कोई प्रकरण लंबित नहीं है। वे सदैव ईमानदारी और पारदर्शिता चाहती रही हैं।

### 7वीं की छात्रा को थमाया लव लेटर, गिरफ्तार



**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में एक सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल पर 7वीं में पढ़ने वाली 11 वर्षीय छात्रा ने गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि प्रिंसिपल ने छात्रा को लव लेटर लिखकर परेशान किया और शादी का दबाव बनाया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि यह घटना जवां ब्लॉक की है।

### प्रतिमा विसर्जन में 1 की मौत, 14 घायल



**भुवनेश्वर।** ओडिशा में गणेश प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान झड़प घटनाओं में 1 व्यक्ति की मौत हो गई। 14 घायल हो गए। डीजे वाहन पर चढ़ते समय करंटसे 3अन्य युवक घायल हुए, जबकि प्रतिमा विसर्जन बाद नदी में नहाते समय महिला बह गई। संगीत बजाने को झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई। 10 घायल हो गए।

### हाथरस में नोटों से भरे दो बैग मिले,2 गिरफ्तार



**हाथरस।** जयपुर में एटीएम काटकर 20 लाख रुपए चोरी करने के दो आरोपितों और उनकी महिला मित्र को गिरफ्तार किया है। तीनों को जयपुर पुलिस ने दो मकानों से से पकड़ा। इनसे नकदी भी बरामद की गई है। जयपुर पुलिस ने श्रीनगर मोहल्ले में दबिश देकर केपी सिंह, उसके साथी व युवती को पकड़ा।

---

## बिहार एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

# यह भ्रम भरोसे का मुद्दा, राजनीतिक दल खुद लोगों की करें मदद व रिपोर्ट पेश करें

### दावे, आपत्तियां और सुधार 1 सितंबर के बाद भी दायर करने की दी छूट



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने भारत के चुनाव आयोग के इस कथन पर संज्ञान लिया कि बिहार ड्राफ्ट रोल में मतदाता पंजीकरण के लिए दावे और आपत्तियों पर 1 सितंबर की समय सीमा के बाद भी विचार किया जाएगा। कोर्ट ने आयोग के कथन पर संज्ञान लेते हुए 1 सितंबर की समय सीमा बढ़ाने का कोई आदेश पारित नहीं किया। कोर्ट ने बिहार विधिक सेवा प्राधिकरण को सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को निर्देश जारी करने का आदेश दिया कि वे मतदाताओं या राजनीतिक दलों को दावे, आपत्तियां, सुधार ऑनलाइन जमा करने में सहायता के लिए अर्ध-विधिक स्वयंसेवकों की नियुक्ति करें या उन्हें अधिसूचित करें। शीर्ष अदालत ने कहा कि इसके बाद प्रत्येक स्वयंसेवक को जिला एवं सत्र न्यायाधीश (डीएसएलए के अध्यक्ष) को एक गोपनीय रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। स्वयंसेवकों से प्राप्त जानकारी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों के स्तर पर एकत्र की जा सकती है।

**आयोग ने पहले ही दी थी सुविधा**

**ईसी के कथन पर संज्ञान**



**अर्ध-कानूनी स्वयंसेवकों को तैनात करें**

शीर्ष अदालत ने बिहार एसआईआर को लेकर फैले भ्रम को काफी हद तक विश्वास का मामला बताते हुए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देश दिया कि वह 1 अगस्त को प्रकाशित मसौदा सूची पर दावे और आपत्तियां दर्ज कराने में व्यक्तिगत मतदाताओं और राजनीतिक दलों की सहायता के लिए अर्ध-कानूनी स्वयंसेवकों को तैनात करे। कोर्ट ने राजनीतिक दलों से भी खुद को 'सक्रिय' करने को कहा।

### नामांकन की अंतिम तिथि तक दायर कर सकेंगे दावा-आपत्तियां



निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि तैयार मतदाता सूची के मसौदे में दावे, आपत्तियां और सुधार 1 सितंबर के बाद भी दायर किए जा सकते हैं, लेकिन सूची के अंतिम रूप देने के बाद ही इन पर विचार होगा। जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह फैसला दिया।

**राजद ने केवल 10 दावे दाखिल किए**

निर्वाचन आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि समय सीमा में किसी भी तरह का विस्तार पूरी प्रक्रिया और सूची को अंतिम रूप देने में बाधा उत्पन्न करेगा। मसौदा मतदाता सूची में शामिल 2.74 करोड़ लोगों में से 99.5 फीसदी ने पात्रता संबंधी दस्तावेज दिए हैं। राजद के दावों (जिसमें 36 दावे दाखिल करने की बात कही गई थी) का खंडन करते हुए कहा कि पार्टी ने केवल 10 दावे दाखिल किए हैं।

#### अधूरे दस्तावेज के लिए 7 दिन के भीतर नोटिस दें

द्विवेदी ने कहा कि राजद पार्टी की ओर से अपनी याचिका में उल्लिखित 36 दावों को भी विधिवत स्वीकार कर लिया गया है। चुनाव आयोग ने कहा कि वह उन मतदाताओं को 7 दिन के भीतर नोटिस जारी करेगा।

#### राजद और एआईएमआईएम ने की समयसीमा बढ़ाने की मांग

राजद और एआईएमआईएम ने चुनावी राज्य बिहार में चुनाव पुनरीक्षण प्रक्रिया में दावे और आपत्तियां दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाने की मांग की है। दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अंतिम तिथि 1 सितंबर थी।

#### डेड लाइन बढ़ाने का आदेश नहीं दिया

सुप्रीम कोर्ट ने इस बयान को रिकॉर्ड किया और स्पष्ट किया कि वह फिलहाल 1 सितंबर की डेडलाइन बढ़ाने का कोई आदेश पारित नहीं करेगा। सुनवाई जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने की, जो राजनीतिक दलों की ओर से डेडलाइन बढ़ाने की मांग वाली याचिकाओं पर विचार कर रही थी।

#### फैसले की 5 बड़ी बातें

1. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बिहार लीगल सर्विसेज अथॉरिटीकी चेयरपर्सन सभी जिलों में पैरा लीगल वॉलंटियर्स को सक्रिय करें। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार लीगल सर्विसेज अथॉरिटी को आदेश दिया कि वह राज्य की सभी जिला कानूनी सेवा प्राधिकरणों को निर्देश जारी करे। पैरा लीगल वॉलंटियर्स को नियुक्त या अधिसूचित किया जाएगा ताकि वे मतदाताओं और राजनीतिक दलों को ऑनलाइन माध्यम से दावे, आपत्तियां और सुधार दर्ज कराने में मदद कर सकें।
2. ये मतदाताओं और राजनीतिक दलों को ऑनलाइन क्लेम, ऑब्जेक्शन और करेक्शन दाखिल करने में मदद करें।
3. चुनाव आयोग ने अदालत को बताया कि 1 सितंबर की डेडलाइन के बाद भी दाखिल क्लेम और ऑब्जेक्शन स्वीकार किए जाएंगे और इन्हें फाइनल वोटर लिस्ट में शामिल कर लिया जाएगा।
4. अदालत ने कहा कि हर वॉलंटियर एक गोपनीय रिपोर्ट तैयार करेगा और उसे संबंधित जिले के जिला एवं सत्र न्यायाधीश को सौंपेगा। इन रिपोर्टों से मिली जानकारी को राज्य स्तर पर स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी द्वारा संकलित किया जाएगा।
5. बेंच ने चुनाव आयोग की इस बात को दर्ज किया कि 1 सितंबर के बाद भी क्लेम/ऑब्जेक्शन दाखिल किए जा सकते हैं। यह प्रक्रिया मतदाता सूची फाइनल होने के बाद भी जारी रहेगी।

---

## राधाकृष्णन को दिया सुदर्शन ने डिबेट का चैलेंज



**नई दिल्ली।** इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति कैंडिडेट रेड्डी ने सत्ता पक्ष के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन पर तंज कसा है। उन्होंने सोमवार को कहा कि मेरे प्रतिद्वंद्वी तो बोलते ही नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यदि दोनों कैंडिडेट बोलें तो एक डिबेट हो सकती है। इस तरह हैदराबाद पहुंचे रेड्डी ने राधाकृष्णन को अपने साथ डिबेट करने का चैलेंज दे दिया। रेड्डी ने कहा कि मैं भले ही विपक्षी दलों का कैंडिडेट हूं, लेकिन मुझे इंडी ब्लॉक के बाहर के दलों जैसे आम आदमी पार्टी का भी समर्थन हासिल है। रेड्डी ने कहा कि मेरी लड़ाई संविधान को बचाने के लिए है और मैं शुरुआती दिनों से ही इसके लिए संघर्ष करता रहा हूं।


intec CAPITAL LIMITED
Sapne Aapke, Bharosa Apno Ka

**इंटेक कैपिटल लिमिटेड**
CIN: L74899DL1994PLC057410
पंजी. कार्यालय : 708, मंजूषा बिल्डिंग, 57 नेहरु प्लेस, नई दिल्ली-110019
T.: +91-11-4652200/300; F.: +91-1146522333
Website: www.inteccapital.com, Email ID: complianceofficer@inteccapital.com

**31वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना और दूरस्थ ई-वोटिंग जानकारी**

एमसीए सामान्य सरकुलर नं. 14 और 17/2020 दिनांक 8 अप्रैल 2020 और 13 अप्रैल 2020 क्रमशः तथा एमसीए सामान्य सरकुलर नं. 09/2024 दिनांक 19 सितम्बर 2024 के साथ पठित कम्पनी मामलों का मंत्रालय (''एमसीए'') द्वारा जारी सामान्य सरकुलर नं. 20/2020 दिनांक 05 मई 2020 के अनुपालन के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 ('एक्ट') और उनके तहत बनाये गये नियमों, भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड ('सेबी') (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के लागू प्रावधानों के अनुपालन में, एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि इंटेक कैपिटल लिमिटेड ('कम्पनी') के सदस्यों की इकत्तीसवीं (31वीं) वार्षिक सामान्य बैठक ('एजीएम') 31वीं एजीएम आयोजित करने की सूचना ('एजीएम सूचना') में विनिर्दिष्ट बिजनेसेज का सम्पादन करने के लिये एजीएम में सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना वीडियो कांफ्रेंसिंग / अन्य ऑडियो-विजुअल साधनों ('वीसी/ ओएवीएम') के माध्यम से शुक्रवार, 26 सितम्बर 2025 को अप. 12.00 बजे (आईएसटी) आयोजित की जाएगी। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होने वाले सदस्यों को अधिनियम की धारा 103 के तहत कोरम के प्रयोजन हेतु गिना जाएगा।

सरकुलर्स के अनुपालन में, एजीएम की सूचना सहित वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट ('एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट') केवल इलैक्ट्रोनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों को भेज दी गई है जिनके ई-मेल आईडीज कम्पनी/रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट ('आरटीए') / डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट ('डीपी') के पास पंजीकृत हैं। सभी सदस्यों को एजीएम सूचना की ई-मेलिंग 01 सितम्बर 2025 को पूर्ण कर ली गई है। उपरोक्त दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट पर www.inteccapital.com और स्टाक एक्सचेंजेज अर्थात बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट अर्थात www.bseindia.com और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ('सीडीएसएल') की वेबसाइट पर https://www.evotingindia.com/ पर भी उपलब्ध हैं। सदस्य जिनके ई-मेल आईडीज पहले ही कम्पनी / आरटीए / डीपी के पास पंजीकृत हैं, एजीएम सूचना में प्रदान किये अनुसार एजीएम में ई-वोटिंग के साथ-साथ दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु निर्देशों का पालन कर सकते हैं।

सदस्य, जो अपने ई-मेल आईडीज पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं, से आग्रह किया जाता है कि नीचे वर्णित प्रक्रिया के अनुरूप इलैक्ट्रोनिकली कम्पनी से एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट, सूचनाएं इत्यादि समेत सभी संचार प्राप्त करने के लिये इनको पंजीकृत करवाएं :-

1) डिमैट रूप में कम्पनी के इक्विटी शेयर धारण करने वाले सदस्यों से आग्रह किया जाता है कि उनके सम्बन्धित डीपी से सम्पर्क करें और डीपी द्वारा परामर्श दी गई प्रक्रिया का पालन करें।
2) भौतिक रूप में कम्पनी के इक्विटी शेयर धारण करने वाले सदस्य निर्धारित प्रपत्र आईएसआर-1 और कम्पनी के आरटीए के पास अन्य सम्बन्धित प्रपत्रों में विवरण, लिंक मै. बीटल फाइनैंशियल एंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा. लि. beetalrta@gmail.com पर रजिस्टर/अपडेट करवा सकते हैं, सदस्य https://www.inteccapital.com/investors/ investor-information/ investorrequest-forms/ पर कम्पनी की वेबसाइट से निर्धारित प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 के नियम 20 के साथ पठित अधिनियम की धारा 108, इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवालयी मानकों और एमसीए सरकुलर्स के साथ पठित सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 (''लिस्टिंग नियमनों'') के नियमन 44, संशोधित अनुसार के प्रावधानों के अनुपालन में सदस्यों को एजीएम सूचना में विनिर्दिष्ट सभी प्रस्तावों पर दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा (एजीएम से पूर्व) और ई-वोटिंग सुविधा (एजीएम के दौरान) के माध्यम से इलैक्ट्रोनिकली अपना मतदान करने के लिए सुविधा प्रदान की जाएगी। मतदान करने की सुविधा सीडीएसएल द्वारा प्रदान की जाएगी। एजीएम में ई-वोटिंग सुविधा उन सदस्यों को उपलब्ध करवाई जाएगी जो वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हैं और दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना मत नहीं दे चुके हैं। सदस्य जो दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान कर चुके हैं, एजीएम में उपस्थित होने के लिये पात्र होंगे। यद्यपि, वे एजीएम में मतदान करने के लिये पात्र नहीं होंगे। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :-

ए) एजीएम सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार बिजनेस ई-वोटिंग के रूप में इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा मतदान के माध्यम से सम्पादित किया जाएगा।
बी) सदस्य(ों) के मतदान अधिकार कट ऑफ तिथि अर्थात शुक्रवार, 19 सितम्बर 2025 के अनुसार कम्पनी की भुगतान की गई इक्विटी शेयर कैपिटल में उनके शेयरों के अनुपात में होंगे। कोई व्यक्ति जो कट ऑफ तिथि के अनुसार कम्पनी का सदस्य है, एजीएम सूचना में विनिर्दिष्ट सभी प्रस्तावों पर एजीएम में ई-वोटिंग अथवा दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से इलैक्ट्रोनिकली मतदान करने के लिये पात्र है।
सी) कोई व्यक्ति, जो कम्पनी के शेयर अर्जन करता है और कम्पनी द्वारा एजीएम सूचना भेजने के पश्चात कम्पनी का सदस्य बनता है तथा कट ऑफ तिथि अर्थात शुक्रवार, 19 सितम्बर 2025 के अनुसार शेयरधारण करता है, अपना मतदान करने के लिये अपने फोलियो नं. / डीपी आईडी और क्लाइंट आईडी वर्णित करते हुये helpdesk.evoting@cdslindia.com को एक ई-मेल भेजकर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यद्यपि, यदि कोई व्यक्ति दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु पहले ही सीडीएसएल के पास पंजीकृत है तो मतदान करने के लिये मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग किया जा सकता है।
डी) दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा निम्नलिखित अवधि के दौरान उपलब्ध होगी :-

| | |
|---|---|
| दूरस्थ ई-वोटिंग का प्रारम्भ | मंगलवार, 23 सितम्बर 2025 (पूर्वा. 9.00 बजे आई.एस.टी.) |
| दूरस्थ ई-वोटिंग का समापन | बृहस्पतिवार, 25 सितम्बर 2025 (अप. 5.00 बजे आई.एस.टी.) |

इसके पश्चात मतदान हेतु दूरस्थ ई-वोटिंग मॉड्यूल सीडीएसएल द्वारा अयोग्य कर दिया जाएगा। किसी प्रस्ताव पर एक बार सदस्य द्वारा मतदान कर दिया जाता है तो सदस्य को तदोपरांत इसको परिवर्तित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

ई) इस अवधि के दौरान, या तो भौतिक रूप में अथवा डिमैटीरियलाइज्ड रूप में शेयरधारण करने वाले सदस्य एजीएम से पूर्व दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मतदान कर सकते हैं।
एफ) सदस्यों को एजीएम में ई-वोटिंग हेतु सुविधा प्रदान की जाएगी और एजीएम में भाग लेने वाले वे सदस्य, जो एजीएम से पूर्व दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा पहले ही अपना मतदान नहीं कर चुके हैं, एजीएम में मतदान के लिये पात्र होंगे।
जी) सदस्य जो दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान कर चुके हैं, एजीएम में उपस्थित होने के लिये पात्र होंगे। यद्यपि, वे एजीएम में मतदान के लिए पात्र नहीं होंगे।
एच) दूरस्थ ई-वोटिंग, एजीएम में ई-वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया और तरीका तथा वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होने के लिये निर्देश एजीएम सूचना में प्रदान किये गये हैं और कम्पनी की वेबसाइट पर www.inteccapital.com पर और सीडीएसएल की वेबसाइट पर www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध हैं।
आई) सदस्य एजीएम सूचना में वर्णित अनुसार दस्तावेज प्रदान करके ई-वोटिंग हेतु यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने के लिये helpdesk.evoting@cdslindia.com को एक आग्रह भेज सकते हैं।
जे) ई-वोटिंग से सम्बन्धित किन्हीं प्रश्नों के मामले में, कृपया बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्न और www.evotingindia.com के डाउनलोड सेक्शन पर उपलब्ध सदस्यों हेतु ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देखें अथवा टोलफ्री नं. : 1800 22 55 33 पर कॉल करें अथवा श्री राकेश दलवी, वरिष्ठ प्रबंधक, (सीडीएसएल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए-विंग, 25वां तल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल कम्पाउंड्स, एन एम जोशी मार्ग, लोअर पैरेल (ईस्ट), मुम्बई-400013 को एक आग्रह भेजें अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को एक ई-मेल भेजें जो इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा मतदान के सम्बन्ध में शिकायतों का निपटान भी करेंगे।
के) कम्पनी के निदेशक मंडल ने निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग में एजीएम में ई-वोटिंग और दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु प्रक्रिया की संवीक्षा करने के लिये संवीक्षाकर्ता के रूप में सीएस प्रियंक कुकरेजा, प्रैक्टिसिंग कम्पनी सेक्रेटरी को नियुक्त किया है।
एल) एजीएम के समापन के दो कार्यदिवसों के अंदर परिणाम घोषित किए जाएंगे और समेकित संवीक्षाकर्ता की रिपोर्ट सहित ये कम्पनी की वेबसाइट (www.inteccapital.com और सीडीएसएल की वेबसाइट पर www.evotingindia.com पर) डाले जाएंगे और बीएसई लिमिटेड को संचारित किये जाएंगे।

पंजीकृत कार्यालय :
इंटेक कैपिटल लिमिटेड
(CIN: L74899DL1994PLC057410)
708, मंजूषा बिल्डिंग, 57 नेहरु प्लेस, नई दिल्ली-110019
नई दिल्ली
01 सितम्बर, 2025

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते इंटेक कैपिटल लिमिटेड
हस्ता/-
(निहारिका गुप्ता)
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी


---

**गडकरी के बयान से सियासत गरमाई, इशारों में दी सीख**

## जाति-धर्म की राजनीति छोड़ो, व्यक्ति की पहचान उसके काम और चरित्र से होनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ नागपुर

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में एक कार्यक्रम में जाति और धर्म आधारित राजनीति पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने साफ कहा कि राजनीति में किसी की पहचान किसी व्यक्ति की पहचान उसकी जाति, धर्म, भाषा या लिंग से नहीं, बल्कि उसके गुणों और कर्मों से होती है। गडकरी ने सेंट्रल इंडिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के दीक्षांत समारोह में ये बयान दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें इससे वोट न मिलें, लेकिन वे जातिगत राजनीति का हिस्सा कभी नहीं बनेंगे। अक्सर लोग उनसे जाति का हवाला देकर समर्थन मांगते हैं।

*केंद्रीय मंत्री ने नागपुर में दीक्षांत समारोह में यह बात कही*

**जो करेगा जात की बात... मैं इस पर अटल हूं**



गडकरी ने एक प्रसंग का जिक्र करते हुए कहा कि मैंने 50,000 लोगों से कहा 'जो करेगा जात की बात, उसे कस के मारूंगा लात'। लेकिन मुझे इसकी परवाह नहीं। चुनाव हार जाने से जिंदगी खत्म नहीं होती। मैं इस पर अटल हूं।

**धर्म और राजनीति को लेकर नाराज**

महानुभाव पंथ के सम्मेलन में गडकरी ने नेताओं से धार्मिक गतिविधियों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि धर्म को अगर सत्ता में बैठे लोगों के हाथों में सौंप दिया गया तो उसका नुकसान समाज को उठाना पड़ेगा। धर्म, समाजसेवा और राजनीति-तीनों को अलग-अलग रखना जरूरी है।

**धनखड़ ने आधिकारिक आवास खाली किया**

## पूर्व उपराष्ट्रपति 'वीबी एन्क्लेव' खाली कर फॉर्महाउस में शिफ्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने आधिकारिक आवास को खाली कर अब दक्षिण दिल्ली के छतरपुर इलाके में स्थित एक निजी फार्महाउस में शिफ्ट कर लिया है। यह फार्महाउस गदाईपुर क्षेत्र में है और इनेलो नेता अभय चौटाला का है। अधिकारियों के अनुसार यह सिर्फ़ एक अस्थायी व्यवस्था है। धनखड़ को पूर्व उपराष्ट्रपति होने के नाते टाइप-8 श्रेणी का आधिकारिक आवास मिलना तय है।

#### अभी क्या कर रहे हैं जगदीप धनखड़?

पूर्व उपराष्ट्रपति के करीबी सूत्रों का कहना है कि इन दिनों वे अपना समय परिवार के साथ बिता रहे हैं। खाली समय में वे टेबल टेनिस खेलते हैं और योग का अभ्यास करते हैं। बता दें कि धनखड़ का कार्यकाल असल में 10 अगस्त, 2027 तक था, लेकिन इस्तीफा दे दिया था।

---

**मराठा आंदोलन के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट की सख्त टिप्पणी**

## जरांगे ने सभी शर्तों का उल्लंघन किया, सारी सड़कें खाली करें



एजेंसी ▶▶ मुंबई

मराठा आरक्षण आंदोलन पर बॉम्बे हाई कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि मनोज जरांगे के नेतृत्व वाला विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण नहीं है। इसमें सभी शर्तों का उल्लंघन किया गया है। पूरा शहर थम गया है और दक्षिण मुंबई के महत्वपूर्ण स्थान प्रदर्शनकारियों से घिरे हुए हैं। कोर्ट ने दो सितंबर तक मुंबई की सभी सड़कें खाली कराने का आदेश दिया है। उच्च न्यायालय ने सामान्य स्थिति बहाल करने को कहा। महाराष्ट्र सरकार से भी सवाल पूछे हैं। कोर्ट ने पूछा कि हालात से निपटनेआगे कहा कि कानून का पालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएं।

#### जरांगे ने जल त्यागा

जरांगे ने चौथे दिन पानी पीना भी बंद कर दिया था। आजाद मैदान में उनकी भूख हड़ताल चौथे दिन में प्रवेश कर गई है। प्रदर्शनकारी नारे लगाते, नाचते दिखे, जिससे रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ जमा हो गई।

**संगरूर से सांसद मीत ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र, बाढ़ प्रभावित पंजाब के लिए मांगा पैकेज**

## कहा, केंद्र तुरंत 20 हज़ार करोड़ रुपए की अंतरिम राहत और पंजाब के रोके गए 60 हजार करोड़ रुपए के फंड जारी करे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भयानक बाढ़ की मार झेल रहे पंजाब को इस आपदा से उबारने और बाढ़ प्रभावित लोगों का सहारा बनने के लिए, संगरूर से सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पंजाब के लिए विशेष राहत पैकेज की मांग की है।

मीत हेयर ने आग्रह किया है कि पंजाब को तुरंत 20 हज़ार करोड़ रुपये की अंतरिम राहत दी जाए और नुकसान का पूरा आकलन होने के बाद व्यापक पैकेज जारी किया जाए। इसके अलावा, उन्होंने केंद्र सरकार से पंजाब के रोके गए 60 हज़ार करोड़ रुपए के फंड तुरंत जारी करने की भी मांग की है, जिसके संबंध में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से तत्काल दखल की अपील कर चुके हैं। देश का पेट भरने वाले पंजाब की मदद करना अब केंद्र का कर्तव्य बनता है।

मीत हेयर ने कहा कि पंजाब में आई इस भयानक बाढ़ के कारण जहां जानी-माली, पशुधन और बुनियादी ढांचे का नुकसान हुआ है, वहीं बड़े क्षेत्र में फसलों को भी भारी क्षति पहुंची है, जिसका सीधा नकारात्मक असर देश के अन्न भंडार पर पड़ेगा। जब कटाई का मौसम दरवाज़े पर था, तभी यह नुकसान हुआ। लोगों के जान-माल के साथ-साथ पशुओं का भी भारी नुकसान हुआ है, जिससे डेयरी फ़ार्मिंग और पशुपालन जैसे सहायक धंधों पर भी बुरा प्रभाव पड़ा है। मीत हेयर ने प्रधानमंत्री से इस स्थिति को देखते हुए पंजाब को विशेष केंद्रीय पैकेज देने की मांग की है। इस पैकेज में बाढ़ प्रभावित परिवारों को उचित मुआवज़ा, क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे का पुनर्निर्माण, जिसमें सिंचाई व्यवस्था और नदियों के किनारों की मरम्मत शामिल हो, होना चाहिए। साथ ही घग्गर के स्थायी प्रबंध के साथ नदियों के किनारे कम से कम साढ़े चार फ़ुट तक मज़बूती से तैयार किए जाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री से यह भी अपील की है कि जैसे केंद्रीय गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर का दौरा किया था, उसी प्रकार पंजाब में भी केंद्र सरकार के वरिष्ठ नेताओं का दौरा करवाया जाए ताकि वे ज़मीनी स्तर पर हुए नुकसान का स्वयं आकलन कर सकें।

**खबर संक्षेप**

## मारुति ने ई-विटारा का निर्यात किया शुरू



**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया ने सोमवार को कहा कि उसने अपने इलेक्ट्रिक वाहन ई-विटारा का निर्यात शुरू कर दिया है और पिछले महीने 2,900 से ज्यादा इकाइयां विदेश भेजी गईं। ये इकाइयां गुजरात के पीपावाव पोर्ट से 12 यूरोपीय देशों - ब्रिटेन, जर्मनी, नॉर्वे, फ्रांस, डेनमार्क, स्विट्जरलैंड, नीदरलैंड, स्वीडन, हंगरी, आइसलैंड, ऑस्ट्रिया और बेल्जियम को भेजी गईं।

## वेदांता ने कर्मचारी शेयर विकल्प किया प्रदान




**नई दिल्ली।** खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 में 450 करोड़ रुपये के कर्मचारी शेयर विकल्प प्रदान किए। कर्मचारी शेयर विकल्प योजना (ईएसओएस) एक कर्मचारी लाभ योजना है जो उन्हें कंपनी के शेयर भारी छूट (एक रुपये) पर खरीदने का अधिकार देती है। इससे संगठनात्मक विकास में उनकी भूमिका को पुरस्कृत किया जाता है।

---

### भारत ने तेल खरीदने में किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं किया

# भारत ने नियमों का पालन किया रूसी तेल से लाभ नहीं उठाया: पुरी

- ऊर्जा व्यापार ने वैश्विक बाजारों को स्थिर व कीमते काबू करने में मदद की
- पुरी ने अमेरिकी सलाहकार नवारो की टिप्पणी को किया खारिज
- नवारो ने भारत पर पुतिन की युद्ध मशीन को वित्तपोषित करने का आरोप लगाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत ने रूसी तेल खरीदने में किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं किया है बल्कि यूक्रेन युद्ध के बाद से उसके ऊर्जा व्यापार ने वैश्विक बाजारों को स्थिर करने एवं कीमतों को काबू में रखने में मदद की है।

अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की रूसी तेल खरीद को लेकर भारत पर की गयी टिप्पणी को खारिज करते हुए पुरी ने यह बात कही। नवारो ने भारत पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की 'युद्ध मशीन' को वित्तपोषित करने का आरोप लगाया।

### पुरी ने मुनाफाखोरी के दावे को किया खारिज

समाचार पत्र 'द हिंदू' के लिए लेख में पुरी ने मुनाफाखोरी के दावों को खारिज करते हुए कहा कि भारत लंबे समय से और फरवरी 2022 में रूस के यूक्रेन पर आक्रमण से बहुत पहले से पेट्रोलियम उत्पादों का दुनिया का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक रहा है। इसके निर्यात की मात्रा एवं मुनाफे मोटे तौर पर समान रहे हैं।

### भारत ने नियम नहीं तोड़े

मंत्री ने कहा, '' ऐसे 'पैकेज' के 18 दौर हो चुके हैं और भारत ने हर एक का पालन किया है...। भारत द्वारा किया गया प्रत्येक लेन-देन कानूनी है।'' पुरी ने कहा, '' हर लेन-देन में वैध निर्यात एवं बीमा, अनुपालन करने वाले व्यापारी और 'ऑडिट' माध्यमों का इस्तेमाल किया गया है। भारत ने नियम नहीं तोड़े हैं। भारत ने बाजारों को स्थिर किया है और वैश्विक कीमतों को बढ़ने से रोका है।''





### रूसी तेल खरीद पर कभी प्रतिबंध नहीं लगाया गया

इस 'पोस्ट' के अंत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भगवा वस्त्र पहने तस्वीर भी लगी थी। पुरी ने उनका विरोध करते हुए कहा कि ईरान या वेनेजुएला के कच्चे तेल के विपरीत रूसी तेल खरीद पर कभी प्रतिबंध नहीं लगाया गया। उन्होंने कहा, '' यह (रूसी तेल) जी-7/यूरोपीय संघ की मूल्य सीमा प्रणाली के अंतर्गत है जिसे तेल की आपूर्ति जारी रखने एवं राजस्व की सीमा निर्धारित करते हुए तैयार किया गया है।''

### रूस-यूक्रेन युद्ध को मोदी युद्ध बताया

अमेरिका का आरोप है कि भारत, रूसी कच्चे तेल को परिष्कृत करके और यूरोप सहित अन्य देशों को निर्यात करके मुनाफा कमा रहा है। 'व्हाइट हाउस' के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पिछले सप्ताह सिलसिलेवार ट्वीट में रूस-यूक्रेन युद्ध को 'मोदी का युद्ध' बताया था और भारत पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की 'युद्ध मशीन' को वित्तपोषित करने का आरोप लगाया।

### भारत का रूसी तेल आयात बढ़कर 40 प्रतिशत हुआ

पुरी ने नवारो का प्रत्यक्ष तौर पर नाम लिए बिना लिखा कि कुछ आलोचकों का आरोप है कि रूसी तेल को खरीद करके 'युद्ध मशीन' को वित्तपोषित करने वाला बन गया है। यह पूरी तरह से गलत एवं असत्य है। यूक्रेन युद्ध के बाद भारत का रूसी तेल आयात कुल कच्चे तेल की खपत का एक प्रतिशत से बढ़कर करीब 40 प्रतिशत हो गया।

### रूस ने भारत को खरीद में भारी छूट दी

इसकी प्रमुख वजह यह है कि पश्चिमी देशों ने रूस को युद्ध के लिए दंडित करने के लिए उस पर प्रतिबंध लगाए और इससे भारत को खरीद में भारी छूट दी गई। इस कदम से भारत के लिए सस्ती ऊर्जा तो सुनिश्चित हुई लेकिन अमेरिकी प्रशासन ने इसकी आलोचना की है।

---

# तीन दिनों की गिरावट से उबरा घरेलू बाजार, सेंसेक्स 555 अंक उछला



एजेंसी ▶▶| मुंबई

- आर्थिक वृद्धि के मजबूत आंकड़ो से बाजार उत्साहित
- आईटी, वाहन व बैंक के शेयरों में हुई खरीदी

आर्थिक वृद्धि के मजबूत आंकड़ों से उत्साहित घरेलू शेयर बाजार लगातार तीन दिनों की गिरावट से उबरते हुए सोमवार को चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स ने 555 अंकों की छलांग लगाई जबकि निफ्टी में 198 अंक की बढ़त रही।अनुकूल निवेशक धारणा के बीच सूचना प्रौद्योगिकी , वाहन एवं बैंकों के शेयरों में हुई खरीदारी से बाजार को तेजी मिली। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 554.84 अंक की बढ़त के साथ

80,364.49 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 198.20 अंक की बढ़त के साथ 24,625.05 अंक पर बंद हुआ। इस तरह घरेलू शेयर बाजार पिछले तीन सत्रों की गिरावट से उबरने में सफल रहा। इन तीन सत्रों में सेंसेक्स में 1,826.26 अंक यानी 2.23 प्रतिशत और निफ्टी में 540.9 अंक यानी 2.16 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

सोमवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल 23 कंपनियां बढ़त के साथ बंद हुईं। इनमें से महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, ट्रेंट, इटर्नल, एशियन पेंट्स और इन्फोसिस प्रमुख रूप से

---

# सोना 1000 और चांदी 1000 रुपये चढ़कर नए शिखर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत सोमवार को 1,000 रुपये बढ़कर 1,05,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इस महीने अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की उम्मीद और विदेशी बाजारों में मजबूत मांग के चलते सोने की कीमतों में तेजी आई। यह लगातार छठा कारोबारी सत्र है जब सोने में तेजी रही। इसके साथ ही चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये चढ़कर 1,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शनिवार को 1,000 रुपये बढ़कर 1,04,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। स्थानीय बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 800 रुपये बढ़कर 1,04,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले बाजार सत्र में यह 1,04,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की स्वतंत्रता को लेकर बढ़ती चिंताओं और शुल्क नीतियों को लेकर बढ़ती अनिश्चितता के बीच निवेशकों के सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुझान बढ़ने से कीमती धातु में तेजी आई।



- सोना 1.05 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर
- चांदी 1,000 रुपये चढ़कर 1,26,000 रुपए के नए शिखर पर

### चांदी महत्वपूर्ण खनिज घोषित

*त्रिवेश ने कहा, ''अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा चांदी को एक महत्वपूर्ण खनिज घोषित करने की हालिया घोषणा ने भी एक नई गति पैदा की है।'' त्रिवेश डी ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रुपये के गिरते मूल्य और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने सोने को एक सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में और अधिक आकर्षक बना दिया है।*

---

# खादी अब केवल वस्त्र नहीं, बल्कि 'स्वदेशी क्रांति की ध्वजवाहक' बनी



**नई दिल्ल।** पूरी दुनिया इन दिनों 'टैरिफ वॉर के चक्रव्यूह' में उलझी है। हर देशअपने-अपने हितों को साधने के लिए आयात-निर्यात पर शुल्क की दीवारें खड़ी कर रहा है। वैश्विक कूटनीति के इस दौर में आर्थिक प्रतिस्पर्धा ने नएतनाव पैदा किए हैं और वैश्विक व्यापार का संतुलन डगमगा रहा है। प्रत्येक देश इस चक्रव्यूह को भेदने के रास्ते खोज रहा है। लेकिन इससे निकलने के लिए भारत के पास पूर्व में आजमाया हुआ एक शाश्वत समाधान है- स्वदेशी। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान दक्षिण अफ्रीका से लौटकर पूज्य बापू नेचरखे के माध्यम से स्वदेशी से स्वावलंबन का बिगुल फूंका था। आज वही चरखा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प से 'स्वदेशी क्रांति' का आधारबन गया है। हाल ही में गुजरात की धरती से प्रधानमंत्री ने कहा था- "गुजरात की ये धरती दो मोहन की है- एक सुदर्शन-चक्रधारीद्वारकाधीश श्रीकृष्ण और दूसरे चरखाधारी मोहन, साबरमती के संत पूज्यबापू।" इन दोनों के मार्गदर्शन पर भारत निरंतर सशक्त हो रहा है। सच्चे अर्थों में मैं कहूं तो खादी के माध्यम से 'स्वदेशी क्रांति का ये मोदी युग है'। खादी अब केवल वस्त्र नहीं, बल्कि 'स्वदेशी क्रांति की ध्वजवाहक' बन चुकी है। स्वदेशी क्रांति के अगुवा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विभिन्न मंचों से लगातार देशवासियों से खादी और स्वदेशी उत्पाद अपनाने का आह्वान करते रहे हैं। 31 अगस्त 2025 को लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' में उन्होंने इसे अपनाने का आह्वान किया।

---

# टैरिफ से देश का शहद उद्योग आया संकट में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- उद्योग निकाय पर संकट के बादल मंडराने लगे
- देश का 90 प्रतिशत शहद अमेरिका भेजा जाता है



भारतीय शहद आयात पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क लगाए जाने से देश के शहद उद्योग पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। इसका कारण भारत के लगभग 90 प्रतिशत शहद निर्यात-विशेषकर सरसों का क्रिस्टलाइज्ड शहद-अमेरिका को भेजे जाते हैं।

देश के मधुमक्खीपालन उद्योग का शीर्ष संगठन, कॉन्फेडरेशन ऑफ एपीकल्चर इंडस्ट्री (सीएआई) के अध्यक्ष देवव्रत शर्मा ने पीटीआई-भाषा को बताया, शहद आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने से भारत के शहद उद्योग और हजारों मधुमक्खी पालकों की आजीविका को नुकसान पहुंचा है।

भारत के लगभग 90 प्रतिशत शहद निर्यात-विशेषकर सरसों का क्रिस्टलाइज्ड शहद-अमेरिका को भेजे जाते हैं। ऐसे में यह क्षेत्र अचानक लगाए गए इस व्यापारिक अवरोध से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा, ''निर्यात के आर्डर मिलना पूरी तरह ठप हो चुके हैं। वर्तमान स्टॉक गोदामों में अटका पड़ा है और नई फसल का मौसम नवंबर से शुरू होने वाला है। भारतीय निर्यातक वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा नहीं कर पा रहे हैं। शर्मा ने कहा कि हालांकि सरकार की ओर से 22 अगस्त को एमईपी को 2000 डॉलर प्रति टन से घटाकर 1400 डॉलर प्रति टन करना एक स्वागतयोग्य कदम है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। उद्योग लगातार एमईपी को पूरी तरह हटाने की मांग करता आ रहा है ताकि व्यापार और आजीविकाएं सुरक्षित रह सकें।

---

# शिक्षा में 25 वर्षों की उत्कृष्टता, अब एक साहसिक डिजिटल कदम

- जेआईआईटी ने लांच किया ऑनलाइन बीबीए और एमबीए कार्यक्रम

**नोएडा।** जेपी सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (जेआईआईटी) के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र ने हाल ही में बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) और मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) के ऑनलाइन कार्यक्रम शुरू किए हैं। इन कार्यक्रमों की मंजूरी के लिए केंद्र ने यूजीसी को आवेदन किया है। ये कार्यक्रम छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से व्यवसाय और प्रबंधन में अपनी योग्यता बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं, जो कि आजकल के प्रतिस्पर्धी माहौल में एक आवश्यक बढ़त है। यह केवल एक और ऑनलान कोर्स नहीं है यह गुणवत्ता का मानक है, जो अत्याधुनिक डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, हाई-एंड स्टूडियोज और एक ऐसे इंटरैक्टिव डिजिटल क्लासरूम से संचालित है जैसा पहले कभी नहीं देखा गया।

---

# अभूतपूर्व संकट के दौरान, उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल ने फंसे हुए यात्रियों को निकालने की चुनौती का डटकर सामना किया



**नई दिल्ली।** अभूतपूर्व विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए, जम्मू मंडल ने उल्लेखनीय लचीलापन और अटूट दृढ़ संकल्प का परिचय दिया है। लगातार भारी बारिश, भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ के कारण कई स्थानों पर जो एक बड़ा व्यवधान शुरू हुआ, वह समन्वित कार्रवाई, निस्वार्थ सेवा और करुणा की शक्ति का प्रमाण बन गया। शुरुआती दिन बहुत कठिन थे। रेल यातायात बाधित था, प्रमुख राजमार्ग अवरुद्ध थे, और कई इलाकों में बिजली औरसंचार लाइनें ठप थीं।माता वैष्णो देवी जाने वाले तीर्थयात्रियों सहित हजारों यात्री फंसे हुए थे। व्यवधान का विशाल पैमाना किसी भी व्यवस्था को ध्वस्त करने के लिए पर्याप्त होता, लेकिन जम्मू मंडल ने चुनौती का डटकर सामना किया। इसका नेतृत्व समर्पित कर्मचारियों ने किया, जिन्होंने अथक परिश्रम किया और जनता की भलाई को अपनी सुविधा सेपहले रखा। जम्मू तवी, श्री माता वैष्णो देवी कटरा और पठानकोट रेलवेस्टेशनों पर, रेलवे कर्मचारियों ने राजकीय रेलवेपुलिस (जीआरपी) और जिला प्रशासन के साथ मिलकर समर्पित सहायता केंद्र स्थापित किए। वे केवल जानकारी हीनहीं दे रहे थे; बल्कि वे चिंतित और फंसे हुए यात्रियों के लिए आशा की किरण भी थे।

---

### देश का विनिर्माण क्षेत्र में 17 साल का रिकॉर्ड टूटा, पीएमआई 59.3 पर

**नई दिल्ली।** अगस्त महीने में भारत का विनिर्माण क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ा है। मजबूत मांग के कारण फैक्टरी ऑर्डर और उत्पादन में तेजी आई है, जिसने पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) को 17 साल से भी ज्यादा के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंचा दिया है। सीजनली एडजस्टेड एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई अगस्त में बढ़कर 59.3 पर पहुंच गया, जो जुलाई में 59.1 था। यह फरवरी 2008 के बाद से ऑपरेटिंग स्थितियों (कारोबारी हालात) में सबसे मजबूत सुधार का संकेत देता है।


---

### चावल निर्यात बढ़ाने फिलीपींस जाएगा प्रतिनिधिमंडल



**नई दिल्ली।** भारत दुनिया के सबसे बड़े चावल आयातक फिलीपींस को चावल निर्यात बढ़ा रहा है और इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रमुख निर्यातकों का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल अगले महीने इस दक्षिण पूर्व एशियाई देश का दौरा करेगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कृषि उत्पादों के निर्यात में फिलीपींस भारत के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। फिलीपींस ने 2024 में लगभग 20 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के कृषि उत्पादों का आयात किया था। इसके प्रमुख आयातों में चावल, गेहूं, खली, खाद्य उत्पाद और ताड़ का तेल शामिल हैं। अधिकारी ने कहा, फिलीपींस दुनिया में चावल का सबसे बड़ा आयातक है, जिसका 2024 में आयात 2.52 अरब अमेरिकी डॉलर का था।

### नीता अंबानी ने न्यूयॉर्क रंगमंच महोत्सव रोका



नई दिल्ली। भारत-अमेरिका के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव के बीच उद्योगपति मुकेश अंबानी की पत्नी द्वारा संचालित नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र ने 'अप्रत्याशित परिस्थितियों' का हवाला देते हुए अगले सप्ताह न्यूयॉर्क में होने वाले रंगमंच समारोह को स्थगित कर दिया है। न्यूयॉर्क शहर में 'एनएमएसीसी इंडिया वीकेंड' नाम से यह कार्यक्रम 12 से 14 सितंबर तक लिंकन सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स में होना था। एनएमएसीसी ने अपनी वेबसाइट पर एक सूचना में कहा, 'हमें यह बताते हुए बेहद दुख हो रहा है कि 12 सितंबर को न्यूयॉर्क में होने वाला एनएमएसीसी 'इंडिया वीकेंड' अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण स्थगित कर दिया गया है।

---

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

---

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

### JIIT ने लॉन्च किया ऑनलाइन BBA और MBA कार्यक्रम

नोएडाः क्या होता है जब परंपरा का मिलन नवाचार से होता है? जब 25 वर्षों की शैक्षणिक उत्कृष्टता कासामना उस भविष्य से होता है, जो लचीलापन, पहुंच और अत्याधुनिक डिजिटल नवाचार की मांग करता है? जेपी इंस्टिट्यूट ऑफ़ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (**JIIT**) ने इस सवाल का जवाब बड़ी स्पष्टता और आत्मविश्वाससे दिया है — **Centre for Digital and Online Education** (**CDOE**) की स्थापना और दो पूर्णतःऑनलाइन, **UGC**-स्वीकृत प्रमुख कार्यक्रमः ऑनलाइन **BBA** और ऑनलाइन **MBA** के शुभारंभ के साथ।लेकिन यह केवल एक और ऑनलाइन कोर्स नहीं है — यह गुणवत्ता का मानक है, जो अत्याधुनिक डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, हाई-एंड स्टूडियोज और एक ऐसे इंटरैक्टिव डिजिटल क्लासरूम से संचालित है जैसा पहलेकभी नहीं देखा गया। इसका उद्देश्य पारंपरिक शिक्षा का अनुकरण करना नहीं, बल्कि यह पूरी तरह से पुन परिभाषित करना है कि शिक्षा कैसे दी जाती है और अनुभव की जाती है।इस क्रांति के पीछे हैं ऐसे विशेषज्ञ जिनकी शिक्षा **Harvard**, **INSEAD**, **IIT**, **IIM**, **Purdue** और **Berkeley** जैसे विश्व के शीर्ष संस्थानों से हुई है — और जो मिलकर एक ऐसी शिक्षा प्रणाली का निर्माण कर रहे हैं जो बॉर्डरलेस, इमर्सिव और परिणाम-केंद्रित है।इस ऐतिहासिक पहल का उद्घाटन 1 सितंबर 2025 को सुबह 11:00 बजे हुआ — यह **JIIT** के लिए एक नए युग की शुरुआत है, जिसमें वह ऑनलाइन शिक्षा के क्षेत्र में अनुयायी नहीं, अग्रणी के रूप में प्रवेश कर रहा है। **JIIT** के कुलाधिपति श्री मनोज गौर ने इस अवसर पर घोषणा की, &**quot**;यह नवाचार का दशक है, और हम इसका नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं।&**quot**; वे जेपी उच्च शिक्षा प्रणाली में डिजिटल शिक्षण युग के शिल्पकाररहे हैं, और हमेशा यह सुनिश्चित करते रहे हैं कि **JIIT** विश्वस्तरीय, अत्याधुनिक तकनीक को अपनाते हुए,समय के साथ आगे रहे और यह सुनिश्चित करे कि विश्वविद्यालय अपने छात्रों के लिए एक सहज शिक्षण अनुभव के लिए इसका लाभ उठाए।

---


## शब्द पहेली - 5976




**बाएँ से दाए-**
1. सेवक, दास-3
3. निवास करना-3
5. खुजली-2
6. परोपकारी-5
9. प्याला, जाम-2
11. टोंटी, नलका-2
12. आनंद, जूस-2
13. प्रतिज्ञा, शपथ-3
16. सिमरन, सुमरन-3
18. सुअर-3
20. पेन, लेखनी-3
22. कमल, जलज-3
23. क्रोध, गुस्सा-2
24. पाश, फंदा-2
25. शोषण करना-3
28. गौरव, प्रशंसा-3
30. सूत कातने का साधन-3
31. गौरव-3
33. देवर्षि-3
35. अंधकार-2
36. यमराज-2
38. अलमस्त-2
40. सलाह देने वाला-5
41. बीता दिन-2
42. रसदार-3
43. इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. उर्वरक-2
2. विशाल, श्रेष्ठ-3
3. धनवान, संपन्न-3
4. घ्राणेंद्रिय, इज्जत-2
5. दैत्य, असुर-3
7. मायाजाल-3
8. उद्धार, पार लगाना-3
10. शरण, आश्रय-3
14. चूर-चूर, ढहा-5
15. टोंटी, नलका-2
17. युद्ध, संग्राम-2
18. दूल्हा-2
19. राजपुत्र-5
21. मद्रास का समुद्र तट-3
22. नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26. मित्र, दोस्त. मीत-2
27. हूर, अप्सरा
29. मेहंदी-2
30. शीर्ष, पराकाष्ठा-3
31. इसमें पौधा लगाते हैं-3
32. पीहर, नैहर-3
34. युक्तिवाद, पैरवी-3
35. टब, परात, तगारी-3
37. इच्छा-3
39. परत, तह-2
41. कदर, सम्मान-2

### शब्द पहेली -5975 का हल





# पहले ही सुपर चार में पहुंच चुके भारत ने कजाकिस्तान को 15-0 से रौंदा



- अभिषेक के 4 गोल, जुगराज व सुखजीत ने भी हैट्रिक लगाई
- भारत ने लगातार तीसरा मैच जीता

भाषा ⏭ राजगीर

भारत ने एकतरफा मुकाबले में कजाकिस्तान को 15-0 से रौंदकर सोमवार को यहां पूल तालिका में शीर्ष स्थान के साथ एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के सुपर चार चरण में प्रवेश किया। भारत ने मुकाबला शुरू होने से पहले ही सुपर चार का टिकट पक्का कर लिया था लेकिन टीम ने इस बड़ी जीत के बाद पूल ए में शीर्ष स्थान पक्का किया। भारत के लिए भारत के लिए अभिषेक (5वें, 8वें, 20वें और 59वें मिनट), सुखजीत सिंह (15वें, 32वें, 38वें), जुगराज सिंह (24वें, 31वें, 47वें) हैट्रिक गोल करने वालों में शामिल रहे जबकि कप्तान हरमनप्रीत सिंह (26वें), अमित रोहिदास (29वें), राजिंदर सिंह (32वें), संजय सिंह (54वें), दिलप्रीत सिंह (55वें) ने गोल कर टीम की जीत की हैट्रिक पक्की की। भारत ने अपने पहले दो मैचों में चीन और जापान को हराया था। भारत के साथ चीन भी इस पूल से सुपर चार के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहा, जबकि मलेशिया और कोरिया पूल बी से अगले चरण में पहुंचने वाली टीमें हैं। सभी चार टीमें टूर्नामेंट के अगले चरण में एक दूसरे से खेलेंगी और शीर्ष दो टीमें रविवार के फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।



### 18वें मिनट में दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला

मैच में शुरुआती कुछ मिनटों के बाद सुखजीत ने कजाकिस्तान के हाफ में गेंद को रोका और अभिषेक को पास दिया, जिन्होंने सर्कल के ऊपर से रिवर्स शॉट के साथ भारत का खाता खोला। इसके तीन मिनट बाद अभिषेक ने उसी जगह से फोरहैंड का इस्तेमाल कर दूसरा गोल किया। भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर के अंत से ठीक पहले पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन हरमनप्रीत के प्रयास को कजाकिस्तान के गोलकीपर येरजान येलुबायेव ने बचा लिया। सुखजीत ने हालांकि इसके बाद मिले फ्रीहिट पर अभिषेक के पास को नियंत्रित करके गोल कर दिया। कजाकिस्तान को भी एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वे इसका फायदा नहीं उठा पाए। भारत को 18वें मिनट में अपना दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन हरमनप्रीत बदकिस्मत रहे क्योंकि उनकी फ्लिक पोस्ट से जा टकराई। अभिषेक के इसके तुरंत बाद हरमनप्रीत से मिले पास पर मुश्किल कोण से गेंद को गोल में डालकर अपनी हैट्रिक पूरी की। कजाकिस्तान को अपना दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारतीयों ने शानदार बचाव किया।

## खबर संक्षेप



### अमेरिकी ओपन जूनियर माया पहुंची दूसरे दौर में

**न्यूयॉर्क।** भारत की युवा टेनिस खिलाड़ी माया राजेश्वरन रेवती ने चीन की झांग किायान वेइ को अमेरिकी ओपन जूनियर लड़कियों के एकल वर्ग में हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली लेकिन हितेश चौहान सीधे सेटों में हारकर बाहर हो गए। कोयंबटूर की रहने वाली 16 वर्ष की माया ने 7-6, 6-3 से जीत दर्ज की। माया स्पेन के मालोरका में रफेल नडाल अकादमी की छात्रा हैं। अब वह ब्रिटेन की हन्नाह क्लगमैन से खेलेंगी, जिन्होंने एस्पेन शूमैन को 6-0, 6-2 से हराया। वहीं चंडीगढ़ में राउंड ग्लास अकादमी के छात्र हितेश को अमेरिका के जैरिड गेनेस जूनियर ने पहले दौर में 6-2, 6-4 से हराया। कृष त्यागी भी स्वीडन के लुडविग हेडे से 3-6, 1-6 से हार गए।

### सोराना ने लगाई ट्रॉफी वापस करने की गुहार



**न्यूयॉर्क।** टेनिस खिलाड़ी सोराना क्रिस्टी ने कहा है कि हाल ही में एक महिला टूर्नामेंट में जीती हुई उनकी ट्रॉफी अमेरिकी ओपन के दौरान न्यूयॉर्क में होटल के कमरे से चोरी हो गई है। सोराना एकल वर्ग से हारकर बाहर हो चुकी हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'जिसने भी द फिफ्टी सोनेस्टा होटल के कमरा नंबर 314 से मेरी क्लीवलैंड ट्रॉफी चुराई है, कृपया उसे वापिस लौटा दो। इसकी वैसे कोई कीमत नहीं है लेकिन भावनात्मक कीमत है।' रोमानिया की 35 वर्ष की क्रिस्टी ने इस महीने क्लीवलैंड में अपने कैरियर का तीसरा एकल खिताब जीता था। वह अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में 11वीं रैंकिंग वाली कैरोलिना मुचोवा से हार गई थी।



### महिला विश्व कप की चैंपियन को मिलेंगे इस बार 40 करोड़

**दुबई।** भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में 30 सितंबर से शुरू होने वाले महिला वनडे विश्व कप में विजेता टीम को 44.80 लाख डॉलर (लगभग 39.55 करोड रुपए) की पुरस्कार राशि मिलेगी, जो कि इस टूर्नामेंट में अभी तक की सबसे बड़ी इनामी राशि होगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को घोषणा की कि विजेता टीम के लिए पुरस्कार राशि में 13.20 (लगभग 11.65 करोड रुपए) की बढ़ोतरी की गई है। महिला वनडे विश्व कप में आठ टीम भाग लेंगी और इसकी कुल पुरस्कार राशि में लगभग चार गुना वृद्धि की गई है। आईसीसी ने इस प्रतियोगिता के लिए कुल पुरस्कार राशि 13.88 मिलियन डॉलर (लगभग 122.5 करोड़ रुपए) घोषित की है।

## यूएस ओपन : क्वार्टर फाइनल में सबालेंका, क्रेसिकोवा, जेसिका, कार्लोस और नोवाक

# अल्काराज ने तोड़ा बोरिस बेकर का रिकॉर्ड सबालेंका लगातार 5वीं बार अंतिम-8 में

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका, सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और स्पेन के दिग्गज कार्लोस अल्काराज ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में एकल वर्ग के मुकाबले में सबालेंका ने स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा को 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

अपने शुरुआती तीन राउंड में कड़ी परीक्षा दे चुकी गत चैंपियन को फ्लशिंग मीडोज में विश्व की 95वें नंबर की खिलाड़ी को हराने और लगातार पांचवीं बार अंतिम-आठ में जगह बनाने में केवल 73 मिनट लगे। जोकोविच 64वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में वहीं कार्लोस अल्कराज सबसे कम उम्र में 12वी बार ग्रैंड स्लैम के अंतिम-8 में पहुंच गए। 22 साल 3 महीने की उम्र में अल्कराज ने बोरिस बेकर का रिकॉर्ड तोड़ा, जो 22 साल 9 महीने की उम्र में 13 ग्रैंड स्लैम खेले थे।



### ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंची जेसिका

चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने अमेरिकी ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन बारबोरा क्रेसिकोवा से होगा, जिन्होंने टेलर टाउनसेंड को 1-6, 7-6, 6-3 से मात दी। पेगुला ने अभी तक इस टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया है। इसके साथ ही 31 ग्रैंडस्लैम खेल चुकी टाउनसेंड का पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का सपना भी टूट गया।

### अल्कराज का सामना जिरी लेहेका से



कार्लोस अल्काराज ने फ्रांस के आर्थर रिंडकनेक को सीधे सेटों में 7-6 (3), 6-3, 6-4 से हराया। इसके जरिए स्पेनिश खिलाड़ी ओपन एरा में 13 ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे नौजवान खिलाड़ी बना। 22 साल 3 महीने की उम्र में अल्कराज ने बोरिस बेकर का रिकॉर्ड तोड़ा, जो 22 साल 9 महीने की उम्र में 13 ग्रैंड स्लैम खेले थे। अल्कराज का सामना अब चेक रिपब्लिक के जिरी लेहेका से होगा। लेहका ने एड्रियन मनारिनो को 7-6 (4), 6-4, 2-6, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। एल्कराज साल 2025 में सभी चारों ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। इस दौरान ऑस्ट्रेलियन ओपन में वह अंतिम-8 में हार गए थे फिर फ्रेंच ओपन जीता तो विंबलडन के फाइनल में हारे।

**2025 के सभी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे अल्काराज**



### नोवाक 64वीं बार खेलेंगे ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल

नोवाक जोकोविच ने प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में गर्दन दर्द का सामना करते हुए 144वीं रैंक के जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-3, 6-3, 6-2 से मात दी। तीसरे सेट के दौरान उन्हें गर्दन में समस्या हुई और फिजियो की मदद लेनी पड़ी। इसके चलते उन्होंने दो गेम गंवाए। हालांकि इसके बाद भी वह जीत हासिल करने में सफल रहे। 38 साल के जोकोविच 64वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचे हैं। उनका सामना अब अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज से होगा। इस खिलाड़ी ने क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए चेक रिपब्लिक के टॉमस मैकहैक को 6-4, 6-3, 6-3 से शिकस्त दी।

### क्रेसिकोवा ने टाउनसेंड को दी मात

महिला एकल में बारबोरा क्रेसिकोवा ने टेलर टाउनसेंड को 1-6, 7-6 (13), 6-3 से मात दी। टाउनसेंड दूसरे सेट में आठ मैच पॉइंट को भुना पाने में नाकाम रही। इस दौरान 25 मिनट तक टाईब्रेकर में मुकाबला चला। टाउनसेंड का यह 31वां ग्रैंड स्लैम था और वह अभी तक एक भी बार क्वार्टर फाइनल नहीं खेल सकी। क्वार्टर फाइनल में क्रेसिकोवा और पेगुला की ही टक्कर होगी। वहीं सबालेंका क्रिस्टिना बुकसा को 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।

## आईसीसी ने ठोका जुर्माना

# वनडे सीरीज जीतने के बाद भी श्रीलंका टीम को झटका



एजेंसी ⏭ दुबई

जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज में क्लीन स्विप के बाद भी श्रीलंका की टीम को बड़ा झटका लगा है। आईसीसीस ने श्रीलंकाई खिलाड़ियों पर 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। श्रीलंका की टीम ने 2 मैचों की वनडे सीरीज में जिम्बाब्वे को उसी के घर में 2-0 से क्लीन स्विप किया।

श्रीलंका ने पहला वनडे मैच 7 रनों से और दूसरा 5 विकेट से जीत हासिल किया। अब सीरीज जीत के बाद श्रीलंका को बड़ा झटका लगा है। दरअसल आईसीसी ने श्रीलंका टीम पर स्लो ओवर रेट की वजह से भारी जुर्माना लगाया है। पहले मैच में स्लो ओवर रेट के लिए श्रीलंकाई खिलाड़ियों पर 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

### स्लो ओवर रेट की वजह से मिली सजा

आईसीसी मैच रेफरी ने ये सजा सुनाई है। जांच में पाया गया कि श्रीलंका टीम ने निर्धारित समय में कम ओवर डाले। नियमों के मुताबिक, आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यदि कोई टीम निर्धारित समय में ओवर पूरा नहीं करती है तो खिलाड़ियों की मैच फीस में से हर एक ओवर के लिए 5 प्रतिशत कटौती की जाती है। अब श्रीलंकाई खिलाड़ियों की मैच फीस में 5 प्रतिशत कटौती होगी।

### पहला वनडे मैच था बेहद रोमांचक

श्रीलंका के कप्तान चरित असलंका ने इस अपराध को स्वीकार कर लिया है। हालांकि जिम्बाब्वे और श्रीलंका के बीच खेला गया पहला वनडे मुकाबला बेहद ही रोमांच रहा था। जिम्बाब्वे को आखिरी ओवर में 10 रन चाहिए थे और 5 विकेट हाथ में थी और क्रीज पर 2 सेट बैट्समैन थे, लेकिन दिलशान मदुशनका ने हैट्रिक लेकर श्रीलंका को शानदार जीत दिलाई थी। इसके बाद दूसरा मैच भी श्रीलंका ने शानदार तरीके से जीता। पथुम निसांका ने शानदार शतक लगाया।

### 3 सितंबर से टी20 सीरीज

जिम्बाब्वे और श्रीलंका के बीच अब 3 टी20 मैचों की सीरीज की 3 सितंबर से शुरुआत होगी। दूसरा मुकाबला 6 सितंबर और तीसरा 7 सितंबर को खेला जाएगा। टी20 सीरीज के भी सभी मुकाबले हरारे के मैदान पर खेले जाएंगे। इसके बाद श्रीलंका की टीम एशिया कप 2025 में शिरकत करेगी।

### आईएलटी20 आयोजकों के संपर्क में अश्विन

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारुपों से विदा ले चुके दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पुष्टि की है कि वह 2 दिसंबर से 4 जनवरी 2026 तक यूएई में होने वाले आईएलटी 20 के अगले सत्र की नीलामी का हिस्सा बनने के इच्छुक हैं। अगले कुछ दिनों में 39 वर्ष के होने जा रहे अश्विन ने हाल ही में आईपीएल से संन्यास लिया है, जिसके बाद वह दूसरे देशों में टी20 लीग खेल सकते हैं। भारत के लिए 287 मैचों में 765 विकेट ले चुके अश्विन ने कहा ,' मैं आयोजकों के संपर्क में हूं। उम्मीद है कि नीलामी के लिए रजिस्ट्रेशन कराने पर मुझे कोई खरीदार मिल जाएगा।' नीलामी 30 सितंबर को दुबई में होगी और रजिस्ट्रेशन दस सितंबर तक पूरे हो जाएंगे। पहली बार आईएलटी20 में नीलामी हो रही है जबकि अब तक खिलाड़ी चुनने के लिए ड्राफ्ट व्यवस्था थी।

### प. दिल्ली लायंस ने जीता खिताब...



**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व कप्तान नीतिश राणा ने एक बार फिर अपनी काबिलियत का नमूना पेश करते हुए 49 गेंद में नाबाद 79 रन बनाकर पश्चिम दिल्ली लायंस को सेंट्रल दिल्ली लायंस पर छह विकेट से जीत दिलाकर दिल्ली प्रीमियर लीग खिताब 2025 दिलाया।

### टेस्ट क्रिकेट से इंग्लिश तेज गेंदबाज ओवरटन ने लिया अचानक ब्रेक

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन ने लाल गेंद के क्रिकेट से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने की घोषणा की क्योंकि अब वह 'सभी प्रारुपों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध' नहीं हो पा रहे हैं। सिर्फ दो टेस्ट खेलने वाले 31 वर्षीय ओवरटन ने पिछला टेस्ट भारत के खिलाफ ओवल में पांच मैच की घरेलू श्रृंखला के दौरान खेला था, जो 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुई थी।

**भविष्य में मेरा ध्यान सफेद गेंद वाले क्रिकेट पर**

ओवरटन ने कहा, 'काफी सोच-विचार के बाद मैंने लाल गेंद के क्रिकेट से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने का फैसला किया है।' उन्होंने कहा, 'मेरे करियर के इस पड़ाव पर 12 महीने के कैलेंडर में क्रिकेट की जरुरत को देखते हुए शारीरिक और मानसिक रूप से हर स्तर पर सभी प्रारुपों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना अब संभव नहीं है।'

## नाथन साउटर ने अपनी पहली सात गेंदों में तीन विकेट झटके

# द हंड्रेड : ओवल इन्विंसिबल्स ने लगातार तीसरी बार जीता खिताब

एजेंसी ⏭ लंदन

द हंड्रेड 2025 के फाइनल में इन्विंसिबल्स ने अपनी शानदार लय बरकरार रखते हुए इतिहास रच दिया। ओवल इन्विंसिबल्स ने ट्रेंट रॉकेट्स को 26 रन से हराकर लगातार तीसरा खिताब अपने नाम किया और साबित कर दिया वे इस फॉर्मेट के सुपर चैंपियन हैं।

विल जैक्स और जॉर्डन कॉक्स की बल्लेबाजी और स्पिनर नाथन साउटर की गेंदबाजी ने मुंबई इंडियंस के सह मालिकाना हक वाली टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। जैक्स और कॉक्स ने मिलकर 55 गेंदों पर 87 रन जोड़ते हुए टीम को 168 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। वहीं, स्पिनर नाथन साउटर ने रॉकेट्स की पारी की कमर तोड़ दी। उन्होंने अपने पहले सात गेंदों में तीन विकेट झटके और खेल को पूरी तरह इन्विंसिबल्स के पक्ष में मोड़ दिया।




### विजेता टीम को मिली 1.80 करोड़ रुपए की प्राइज मनी

द हंड्रेड की विजेता टीम को 150,000 डालर की प्राइज मनी दी जाती है, जो भारतीय मुद्रा में लगभग 1.80 करोड़ रुपए है। वहीं, टूर्नामेंट की रनर अप टीम के खाते में 75 हजार डॉलर यानी लगभग 90 लाख रुपए मिले। वहीं टॉप रन-स्कोरर जॉर्डन कॉक्स को अतिरिक्त 6 लाख रुपए का पुरस्कार मिला, जबकि मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के जोश टंग को सबसे ज्यादा 14 विकेट लेने के लिए 6 लाख रुपए मिले। इसके साथ ही टूर्नामेंट के मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर को भी 6 लाख का पुरस्कार दिया गया।

### साउटर का जलवा

169 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ट्रेंट रॉकेट्स ने तेज शुरुआत की। उन्होंने पहली 30 गेंदों में बिना विकेट के 35 रन बनाए। तभी गेंदबाजी के लिए आए लेग स्पिनर नाथन साउटर। उनका स्पेल मैच का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ। उन्होंने पहले जो रूट को लांग ऑन पर कैच कराया, फिर रिहान अहमद को दूसरी ही गेंद पर एलबीडब्ल्यू किया और अगले ओवर में टॉम बैंटन को भी चलता किया। देखते ही देखते स्कोरबोर्ड 35/0 से 38/3 हो गया। जैक्स को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब मिला, उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में कुल 22 छक्के लगाए और सबसे ज्यादा 367 रन भी बनाए। ओवल इन्विंसिबल्स ने 2023 और 2024 में भी खिताब अपने नाम किया था। अब तक द हंड्रेड के कुल पांच सीजन खेले जा चुके हैं, जिनमें से तीन बार ओवल की टीम चैंपियन बनी है। वहीं, 2022 में ट्रेंट रॉकेट्स और 2021 में सदर्न ब्रेव ने ट्रॉफी जीती थी।

## अफगानिस्तान में भूकंप से मची भारी तबाही

# भू-स्खलन होने से सड़कें गायब, हवाई मार्ग से ही बचाव अभियान

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगानिस्तान में आए मूल भूकंप के बाद इलाके में कई झटके आए। नागरिक सुरक्षा कार्यकर्ता, स्थानीय लोग और सेना के जवान पूर्वी अफ़ग़ानिस्तान में आए भूकंप के घायल पीड़ितों को निकालने की तैयारी में जुटे हुए हैं। इस भूकंप में सैकड़ों लोग मारे गए हैं और कई गांव नष्ट हो गए हैं। भूस्खलन के कारण सड़कें अवरुद्ध होने के कारण, बचाव अभियान केवल हवाई मार्ग से ही चलाया जा सकता है। अफगानिस्तान सेना चार हेलिकॉप्टरों की मदद से प्रभावितों को बचाने के काम में जुटी हुई है। नागरिक सुरक्षा कार्यकर्ता, स्थानीय लोगों और सेना ने मौके पर पीड़ितों को प्राथमिक उपचार प्रदान किया। पीड़ितों को जलालाबाद के अस्पतालों में पहुंचाया गया है। स्थानीय नागरिक अस्पाल पहुंचकर बड़ी तादात में रक्तदान कर रहे हैं ताकि पीड़ितों को उपचार में मदद मिल सके। वहीं, अफगानिस्तान में यूनीसेफ की टीम प्रभावितों की मदद के लिए पहुंच गई है।

**बचाव कार्य जारी**



सेना के जवान भूकंप प्रभावितों को हेलिकॉप्टर से अस्पताल पहुंचा रहे।



यूनीसेफ की टीम ने राहत सामग्री वितरित की।

**राहत सामग्री वितरण**



नागरिक सुरक्षा कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों ने मौके पर पीड़ितों को प्राथमिक उपचार प्रदान किया।

**बचाने का प्रयास**





नंगरहार में पीड़ितों को बचाने के लिए रक्तदान करने कई लोग अस्पतालों में पहुंचे।

**तबाह हुए घर**



भूकंप से कुनार प्रांत में लोगों के घर तबाह हो गए।



---

## खबर संक्षेप

### पीओके में हेलिकॉप्टर क्रैश, 5 की मौत



**नई दिल्ली।** पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) के गिलगित-बाल्टिस्तान में एक हेलिकॉप्टर के क्रैश होने से दो पायलटों सहित पांच क्रू मेंबर्स की मौत हो गई। सरकार के प्रवक्ता फैजुल्लाह फारक ने बताया कि यह हादसा डायमर जिले के चिलास इलाके में हुआ। डायमर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अब्दुल हमीद ने कहा कि हेलिकॉप्टर एक नए हेलीपैड पर टेस्ट लैंडिंग कर रहा था, तभी यह हादसा हुआ। दुर्घटना का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

### डीपफेक फोटो वायरल करने वाली वेबसाइट बंद



**रोम।** इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी की अश्लील डीपफेक फोटो पोस्ट करने वाली 'फीका नाम की वेबसाइट बंद हो गई है। यह साइट महिलाओं की आपत्तिजनक फोटो और वीडियो पोस्ट करती थी और 20 साल से सक्रिय थी। इसमें 7 लाख सब्सक्राइबर थे और कोई भी यूजर पोर्न सामग्री अपलोड कर सकता था। इस साइट पर मेलोनी, विपक्षी नेता एली श्लीन जैसी जानी-मानी महिलाओं की फर्जी डीपफेक तस्वीरें डाली थीं।

---

## जम्मू पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया दौरा

**सर्वाधिक प्रभावित गांव मांगूचक भी गए**

# पीड़ितों से मिले, हर संभव मदद का दिया भरोसा, 'राहत कार्यों' का लिया जायजा

किश्तवाड़, कठुआ, रियासी और रामबन जिलों में 130 लोग मारे गए

माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा लगातार सातवें दिन स्थगित रही

एजेंसी ▶▶ जम्मू

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को जम्मू के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सीएम उमर अब्दुल्ला के साथ शाह बिक्रम चौक के पास तवी पुल पर रुके और नदी के किनारे हुए नुकसान का निरीक्षण किया। शाह बाढ़ की स्थिति और राहत कार्यों का आकलन करने के लिए रविवार रात जम्मू पहुंचे थे। शाह ने जिले के बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित जम्मू हवाई अड्डे के पास गांव मांगूचक का भी दौरा किया। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों से मिलकर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

जम्मू के रियासी जिले में एक नदी से सोमवार को 15 वर्षीय लड़के का शव बरामद किया गया। माहोरे इलाके के सदोले नाले में रविवार रात फिसलकर गिरने के बाद 45 वर्षीय जुल्फान बानो और उसका बेटा बशारत अहमद अचानक आई बाढ़ में बह गए थे।

बता दें, बादल फटने, भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ में 14 अगस्त से किश्तवाड़, कठुआ, रियासी और रामबन जिलों में 130 से अधिक लोग मारे गए हैं और 33 लोग लापता हैं। 26 अगस्त को माता वैष्णो देवी मंदिर जाते समय भूस्खलन की चपेट में 34 तीर्थयात्री आ गए थे।



### वैष्णोदेवी की यात्रा सातवें दिन भी स्थगित

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के कटरा में सोमवार को भारी बारिश के बीच माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा लगातार सातवें दिन स्थगित रही। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने कहा कि उसने यात्रा पुनः शुरू होने तक हेलीकॉप्टर और आवास सहित सभी बुकिंग रद्द कर दी है और शत-प्रतिशत पैसा वापस करने का निर्णय लिया है।

### जम्मू-कटरा शटल सेवा शुरू की गई

उत्तर रेलवे ने स्थानीय लोगों और फंसे हुए यात्रियों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए सोमवार को जम्मू और माता वैष्णो देवी मंदिर के आधार शिविर कटरा के बीच शटल सेवा शुरू की। एक से 15 सितंबर तक चलने वाली शटल सेवा के लिए जम्मू-कटरा खंड में चार ट्रेन शामिल की गई हैं। यह सेवा दैनिक यात्रियों और फंसे हुए लोगों के अलावा मरम्मत कार्य में लगे मजदूरों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए शुरू की गई है। इनमें सरकारी कर्मचारी और छात्र भी शामिल हैं।

### गृहमंत्री ने राजभवन में उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की



केंद्रीय मंत्री शाह ने जम्मू कश्मीर की शीतकालीन राजधानी जम्मू में बाढ़ प्रभावित कुछ इलाकों का दौरा करने के बाद राजभवन में बाढ़ राहत उपायों पर एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि बैठक में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सीएम उमर अब्दुल्ला, विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा एवं वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस, अर्धसैनिक और सैन्य अधिकारी शामिल हुए।

### शाह ने पंजाब के राज्यपाल, मुख्यमंत्री से की बात

*अमित शाह ने पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और मुख्यमंत्री भगवंत मान से बात की तथा राज्य में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। टेलीफोन पर बातचीत के दौरान राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री को मौजूदा स्थिति तथा प्रभावित लोगों के बचाव एवं राहत के लिए प्रशासन द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शाह ने बाढ़ से निपटने के लिए दोनों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। बता दें, लगातार बारिश के कारण पंजाब के कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। राज्य सरकार ने रविवार को स्कूलों को बंद रखने की अवधि 3 सितंबर तक बढ़ा दी। अधिकारियों के अनुसार, पंजाब में अगस्त में 253.7 मिलीमीटर बारिश हुई, जो सामान्य से 74 प्रतिशत अधिक है और राज्य में 25 वर्षों में सबसे अधिक है। पीएम नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में मान ने कहा कि पंजाब इस समय दशकों में आई सबसे भीषण बाढ़ आपदा से जूझ रहा है, जिससे लगभग 1,000 गांव और लाखों लोग प्रभावित हुए हैं।*

---

## यूरोपीय संघ का गंभीर आरोप

# रूस ने दौरे पर जा रही ईयू अध्यक्ष के विमान का 'रडार' किया जाम



एजेंसी ▶▶ ब्रसेल्स

रूस पर विमान के रडार को जाम करने का गंभीर आरोप लगाया गया है। एक यूरोपीय संघ (ईयू) अधिकारी ने यह आरोप लगाया है। अधिकारी के अनुसार, रूस ने बुल्गारिया के ऊपर से गुजर रहे यूरोपीय संघ के नेता के विमान का रडार जाम कर दिया।

बताया गया है कि यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन को ले जा रहा विमान बुल्गारिया के ऊपर संदिग्ध रूसी कार्रवाई के कारण रडार जाम होने से प्रभावित हुआ। आयोग की प्रवक्ता एरियाना पोडेस्टा ने कहा कि विमान प्लोवदिव हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया और वॉन डेर लेयेन रूस व बेलारूस की सीमा से सटे यूरोपीय संघ के देशों की अपनी यात्रा जारी रखेंगी।

### जीपीएस नेविगेशन में आया व्यवधान

वहीं, बुल्गारिया ने एक बयान में कहा कि विमान के जीपीएस नेविगेशन के लिए उपयोग किए जाने वाले सैटेलाइट सिग्नल में व्यवधान आया था। जैसे ही विमान प्लोवदिव हवाई अड्डे के पास पहुंचा, जीपीएस सिग्नल गायब हो गया। बता दें कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन में मास्को के युद्ध की कट्टर आलोचक वॉन डेर लेयेन, रूस और उसके सहयोगी बेलारूस की सीमा से सटे यूरोपीय संघ के देशों के चार दिवसीय दौरे पर हैं। पोडेस्टा ने कहा कि वॉन डेर लेयेन ने रूस और उसके सहयोगियों से आने वाले खतरों की रोजमर्रा की चुनौतियों को प्रत्यक्ष रूप से देखा है।

### हाल ही में ट्रंप और जेलेंस्की से बात की थी

हाल ही में यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से फोन पर बात की थी। ये बातचीत गुरुवार को हुई थी। इस बातचीत के बाद यूरोपीय संघ की प्रमुख ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन को बातचीत की टेबल पर आना चाहिए। उन्होंने लिखा था कि कीव पर रूस द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए हवाई हमले के बाद अभी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात की। पुतिन को बातचीत की मेज पर आना चाहिए। हमें ये सुनिश्चित करना चाहिए कि यूक्रेन में स्थायी

---

**जयराम रमेश ने लगाया आरोप**

# पीएम मोदी चीन के सामने झुके राष्ट्रहित से किया समझौता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर चीन को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की तियानजिन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से हुई मुलाक़ात भारत के लिए चिंता का विषय है और यह मुलाक़ात "राष्ट्रहित के साथ विश्वासघात" साबित हुई है। जयराम रमेश ने बयान में कहा कि लंबे समय से भारत, चीन पर आतंकवाद के मुद्दे पर "दोहरे मानदंड" और "दोहरी भाषा" अपनाने का आरोप लगाता रहा है। लेकिन तियानजिन वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति शी से कहा कि भारत और चीन दोनों आतंकवाद के शिकार हैं। कांग्रेस नेता ने इसे देश की झुकने वाली विदेश नीति करार देते हुए कहा-"अगर यह तथाकथित हाथी का तथाकथित ड्रैगन के आगे झुकना नहीं है, तो फिर क्या है?"

### ऑपरेशन सिंदूर का मुद्दा टाल गए प्रधानमंत्री



कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री की चुप्पी पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन और पाकिस्तान की मिलीभगत का खुलासा खुद भारतीय सेना के शीर्ष अधिकारियों ने किया था। इसके बावजूद प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी बातचीत में इस मुद्दे पर एक शब्द तक नहीं कहा।

### 56 इंच का सीना अब बेनकाब

जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री मोदी को सीधे-सीधे घेरते हुए कहा, "स्वघोषित 56 इंच सीने वाले नेता अब पूरी तरह से बेनकाब हो चुके हैं। उन्होंने 19 जून, 2020 को चीन को क्लीन चिट देकर राष्ट्रहित के साथ विश्वासघात किया था। अब, 31 अगस्त, 2025 भी तियानजिन में उनके कायरतापूर्ण दंभ के लिए बदनामी के दिन के रूप में याद किया जाएगा।" कांग्रेस ने मोदी सरकार की चीन नीति को पूरी तरह विफल बताते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री की ढील और चुप्पी से भारत की सुरक्षा और सम्मान पर गहरा आघात हुआ है। पार्टी का आरोप है कि मोदी सरकार लगातार चीन के दबाव में काम कर रही है और वास्तविकता को देश की जनता से छिपाया जा रहा है।

---

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का नया दावा

# भारत टैरिफ घटाने को तैयार, कहा- अब देर हो चुकी, पहले कम करना था


एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार को दावा किया कि भारत ने अब अमेरिका पर टैरिफ कम करने की पेशकश की है, लेकिन काफी देर हो चुकी है। उन्होंने भारत के साथ व्यापार संबंधों को 'एकतरफा' बताते हुए कहा कि भारत अमेरिका को बहुत सारा सामान बेचता है, लेकिन अमेरिका भारत को बहुत कम सामान बेच पाता है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि भारत ने अमेरिकी सामानों पर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाए, जिससे अमेरिकी कंपनियों को भारत में सामान बेचना मुश्किल हो गया। यह पूरी तरह से एकतरफा आपदा रही है! उन्होंने यह भी कहा कि भारत अपनी जरूरत का ज्यादातर तेल और मिलिट्री उपकरण रूस से खरीदता है, न कि अमेरिका से। ट्रंप ने इसे सालों पुरानी दिक्कत बताया और कहा कि भारत को पहले ही टैरिफ कम कर देना चाहिए था। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब कुछ घंटे पहले ही पीएम मोदी ने एससीओ समिट के दौरान चीन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की है। दूसरी तरफ अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि भारत-अमेरिका की साझेदारी 21वीं सदी की सबसे खास साझेदारी है।

---

## गरबा की पगड़ी में ऑपरेशन सिंदूर



**अहमदाबाद।** गणेश उत्सव के साथ ही कलाकार अब आगामी नौ दिवसीय नवरात्रि उत्सव की तैयारियों में जुट गए हैं। नवरात्रि उत्सव से पहले गरबा करने वालों के लिए नए परिधान के रूप में इस बार ऑपरेशन सिंदूर का महत्व होगा। अहमदाबाद में एक कलाकार ऑपरेशन सिंदूर थीम वाली पगड़ी दिखाता हुआ।

---

## केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने ऑनलाइन गेमिंग उद्योग के प्रतिनिधियों संग की बैठक

# ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेम्स को प्रोत्साहन देने पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने सोमवार को ऑनलाइन गेमिंग उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इसमें ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेम्स को प्रोत्साहन देने पर विशेष रूप से चर्चा हुई। साथ ही, उपयोगकर्ताओं के पैसों की सुरक्षा और उद्योग में व्यवस्थित बदलाव (ऑर्डरली ट्रांज़िशन) जैसे अहम मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। सरकारी सूत्रों ने बताया कि बैठक में यह भी नोट किया गया कि उद्योग ने कानून के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए हैं।

### आईटी सचिव से भी की थी मुलाकात

**उपयोगकर्ता के पैसों की सुरक्षा पर भी हुई बात**

**कानून पालन के लिए ठोस कदम उठाएं**



इससे पहले शुक्रवार को भी गेमिंग कंपनियों के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय आईटी सचिव के साथ बैठक की थी। शुक्रवार की बैठक में गेमिंग कानून को लेकर नियमों और आगे की दिशा को लेकर चर्चा हुई। सचिव स्तर की इस बैठक में गेमिंग प्लेटफार्म के प्रतिनिधियों के अलावा बैंकिंग और फिनटेक प्रतिनिधि भी शामिल थे। इस बैठक का मकसद स्टेकहोल्डर्स को यह बताना था कि इस कानून में उनके लिए क्या है। जल्द इस कानून से संबंधित नियम बनाए जाएंगे और यह एक सतत प्रक्रिया है। नियमों से ज्यादा, इसका मकसद ऑनलाईन गेमिंग से जुड़े उद्योग को कानून और उसके परिणामों की जानकारी देना था। बैठक में बताया गया कि सरकार प्रोग्रेसिव कानून के पक्ष में है, लेकिन उसे ऐसे मुद्दों पर जनभावनाओं के साथ ही स्टेकहोल्डर्स का हित भी ध्यान में रखना है।

### ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम जल्द अधिसूचित होगा: सचिव

सरकार ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम को बहुत जल्द अधिसूचित करेगी। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी सचिव एस. कृष्णन ने सेमीकंडक्टर पर आईसीईए के आयोजित कार्यक्रम से इतर कहा कि यह बहुत जल्द लागू हो जाएगा और हम इस संबंध में सभी आवश्यक कदम उठा रहे हैं। इस अधिनियम को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। सरकार द्वारा अधिसूचित किए जाने के बाद यह अधिनियम लागू हो जाएगा। बता दें, संसद द्वारा 21 अगस्त को पारित ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन अधिनियम, 2025 ई-स्पोर्ट्स तथा अन्य ऑनलाइन गेम को बढ़ावा देते हुए सभी प्रकार के ऑनलाइन 'रियल मनी' गेम पर प्रतिबंध लगाता है।

---

## पाक में जारी बारिश का कहर

# बाढ़ से 24 घंटे में 15 लोगों की मौत अब तक 854 मारे गए, लाखों पीड़ित

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



पाकिस्तान के पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा में भारी बारिश और बाढ़ की वजह से लाखों लोगों के दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 24 घंटों में 15 लोगों की जान चली गई और लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। पंजाब में 10 लोग और खैबर पख्तूनख्वा में 5 लोग मारे गए। पाकिस्तान की नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (एनडीएम) ने बताया कि 26 जून से 31 अगस्त तक बाढ़ और बारिश से 854 लोगों की मौत हो चुकी है और 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। पंजाब की सूचना मंत्री आजमा बुखारी ने कहा कि पंजाब में 20 लाख से ज्यादा लोग इस भयानक बाढ़ से प्रभावित हैं। सरकार ने 7.6 लाख लोगों और 5 लाख पशुओं को सुरक्षित जगह शिफ्ट किया है। सरकार दिन-रात बचाव और मदद के काम में जुटी है। पंजाब में इतनी बाढ़ पहले कभी नहीं देखी गई। खैबर पख्तूनख्वा में भी भारी बारिश का कहर जारी है। जून से अब तक वहां 406 लोग मारे जा चुके हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109